दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

वर्ष : 09 अंक : 299 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, शुक्रवार 29 नवम्बर, 2024 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 ■ मूल्य : 1.5 रुपए ■ पृष्ठ : 8+2

jaipurtimes.org twitter.com/JaipurTimes2 facebook.com/dainikjaipurtimes youtube.com/c/JaipurTimes instagram.com/jaipurtimesjt

# राइजिंग राजस्थान में 'पावणों' को दिखेगी प्रदेश की अद्भुत सांस्कृतिक झलक: भजनलाल

## मुख्यमंत्री ने बस में बैठकर दौरा किया, तैयारियों का लिया जायजा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राइजिंग राजस्थान को सफल बनाने के लिए पूरी ताकत झोंक दी है। उन्होंने इसके लिए अधिकारियो को आवश्यक दिशा निर्देश और जरूरी कदम उठाने के लिए कहा है। इस आयोजन को सफल बनाने में मुख्यमंत्री कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। प्रदेश में आगामी 9 से 11 दिसम्बर को आयोजित होने वाले राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के सफल आयोजन के लिए राज्य सरकार कोई कसर नहीं छोड रही है।

इस कड़ी में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरूवार को समिट की तैयारियों का जायजा लेने के लिए बस में बैठकर जयपुर शहर का दौरा किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने जयपुर एयरपोर्ट से आयोजन स्थल जयपुर एक्जीबिशन एंड कन्वेन्शन सेंटर (जेईसीसी) तक विभिन्न तैयारियों का अवलोकन किया और अधिकारियों को समिट के ऐतिहासिक आयोजन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।





### प्रदेश के औद्योगिक विकास में मील का पत्थर साबित होगा राइजिंग राजस्थान

भजनलाल शर्मा ने इस दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राज्य सरकार अपने पहले वर्ष में ही राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट का आयोजन करने जा रही है। राजस्थान में निवेश की अपार संभावनाएं हैं और यह आयोजन राज्य की औद्योगिक दिशा को गति देने में मील का पत्थर साबित होगा।

यह समिट राजस्थान को खनन, स्टोन, शिक्षा, चिकित्सा, ऑटोमोबाइल सहित विभिन्न क्षेत्रों में आगे लाने में महती भूमिका निभाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि समिट के उद्घाटन सत्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आएंगे। ऐसे में राज्य सरकार तैयारियों व व्यवस्थाओं को पूरा करने में मिशन मोड में लगी हुई है। उन्होंने कहा कि दुनिया में राजस्थान की अपनी एक पहचान है और प्रवासी राजस्थानियों की खासियत है कि वह अपनी मिट्टी से जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान अपनी मेहमान नवाजी के लिए प्रसिद्ध है और इस समिट में राज्य के आतिथ्य, संस्कृति, परम्पराओं की अद्भुत झलक देखने को मिलेगी। मुख्यमंत्री ने निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए कि समिट में देश-विदेश से शामिल होने वाले निवेशको, उद्योगपति और अतिथिगणों के आतिथ्य में किसी भी तरह की कमी नहीं आनी चाहिए। उन्होंने एयरपोर्ट से आयोजन स्थल तक पहुंचने के विभिन्न रूट का निरीक्षण किया और वहां साफ-सफाई, ट्रैफिक व्यवस्था, सड़कों का सुदृढीकरण, शहर का सौन्दर्यीकरण, आवागमन संबंधी संसाधन सहित विभिन्न बिंदुओं पर अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश दिए।

### तैयारियों को अंतिम रूप देने के दिए निर्देश

मुख्यमंत्री ने आयोजन स्थल जेईसीसी पहुंचकर उद्घाटन सत्र के दौरान आयोजित होने वाली गतिविधियों, अतिथियों की बैठक व्यवस्था और अन्य तैयारियों के विषय में जानकारी लेते हुए अधिकारियों को तैयारियों को अन्तिम रूप देने के निर्देश दिए। इसके बाद मुख्यमंत्री समिट के दौरान होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों की व्यवस्थाओं का अवलोकन करने के लिए जयमहल पैलेस भी पहुंचे। मुख्यमंत्री को प्रमुख शासन सचिव उद्योग एवं वाणिज्य श्री अजिताभ शर्मा ने समिट की तैयारियों के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी। इस दौरान उद्योग व वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़, उद्योग व वाणिज्य राज्यमंत्री के. के. विश्नोई, मुख्य सचिव सुधांश पंत, अतिरिक्त मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय शिखर अग्रवाल, अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह आनंद कुमार, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय आलोक गुप्ता सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

---

न्यूज इनबॉक्स



## चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी की निंदा, हसीना ने की रिहा करने की मांग

एजेंसी

**ढाका(एजेंसी)।** बांग्ला देश में संत चिनम्यकृष्ण दास की गिरफ्तारी की चहुओर निंदा हो रही है। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने गुरुवार को हिंदू धार्मिक नेता चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी की निंदा की। उन्होंने सरकार से इस्कॉन के संत को तत्काल रिहा करने की मांग की। चिन्मय कृष्ण दास को बांग्लादेश में देशद्रोह के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। 30 अक्तूबर को बांग्लादेश में राष्ट्रीय ध्वज का अपमान करने के आरोप में देशद्रोह अधिनियम के तहत चिन्मय कृष्ण दास प्रभु समेत 19 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। पूर्व पीएम शेख हसीना की ओर से जारी बयान में कहा गया कि सनातन धार्मिक समुदाय के एक प्रमुख नेता को गलत तरीके से गिरफ्तार किया गया है। उनको तत्काल रिहा किया जाना चाहिए। अवामी लीग के एक्स अकाउंट पर पूर्व पीएम शेख हसीना का बयान पोस्ट किया गया। एक्स पर लिखा गया कि चटगांव में एक मंदिर को जला दिया गया। इससे पहले मस्जिदों, धार्मिक स्थलों, चर्चों, मठों और अहमदिया समुदाय के घरों पर हमला किया गया और तोड़फोड़ की गई। इसमें लूटपाट की गई और आग लगा दी गई। सभी समुदायों के लोगों की धार्मिक स्वतंत्रता और जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिए।

## झारखण्ड में हेमंत सोरेन सरकार देगी महिलाओं को 'मईयां' योजना का तोहफा



जयपुर टाइम्स

**रांची(एजेंसी)।।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन लगातार चौथी बार शपथ ग्रहण करते ही झारखंड की महिलाओं को शानदार गिफ्ट देने जा रहे हैं। हेमंत सोरेन नई सरकार के गठन के साथ ही दिसंबर महीने में मईयां सम्मान योजना के तहत 1000 के बजाय 2500 रुपये की राशि की पहली और योजना के तहत पांचवी किस्त महिलाओं के खाते में जाएगी। आचार संहिता लगने से पहले कैबिनेट में राज्य सरकार ने यह फैसला लिया था। नवंबर माह में सबके खाते में 1000 रुपये की राशि भेज दी गई थी। अब समाज कल्याण विभाग 2500 रुपये भेजने की तैयारी कर रहा है। मईयां सम्मान योजना के तहत रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया भी लगातार जारी है। ऐसे में 11 दिसंबर तक लाभुकों के खाते में मईयां सम्मान योजनाके तहत बढ़ी हुई राशि की किस्त चले जाने की उम्मीद है।

---


## जजों की संपत्ति सार्वजनिक करने का कानून लाने की नहीं है कोई योजना: मेघवाल

जयपुर टाइम्स

**नई दिल्ली(एजेंसी)।।** सरकार ने गुरुवार को राज्यसभा को बताया कि सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के जजों से उनकी संपत्ति के विवरण को सार्वजनिक करने के लिए कोई नया कानून लाने की योजना नहीं है, जैसा कि एक संसदीय समिति ने सिफारिश की थी। केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने एक लिखित जवाब में कहा कि सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के जजों की संपत्ति का विवरण केंद्र सरकार के पास नहीं रखा जाता है। दरअसल, सवाल पूछा गया था कि क्या सरकार सुप्रीम कोर्ट हाईकोर्ट के जजों से उनकी उनकी संपत्ति का विवरण देने के लिए एक कानून लाने पर विचार कर रही है, जैसा कि अगस्त 2023 में संसद की स्थायी समिति की न्यायिक प्रक्रियाएं और उनमें सुधार शीर्षक वाली रिपोर्ट में सिफारिश की गई थी। मंत्री ने इसका जवाब नहीं में दिया। मेघवाल ने यह भी कहा कि न्यायिक जीवन के मूल्य की पुनरावृत्ति नामक दस्तावेज को सुप्रीम कोर्ट की पूर्ण पीठ ने सात मई 1997 को अपनाया था। इस दस्तावेज ने सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के जजों के लिए कुछ न्यायिक मानक तय किए थे। इसके अलावा, 26 अगस्त 2009 को सुप्रीम कोर्ट की पूर्ण पीठ ने यह फैसला लिया था कि जजों की ओर से जमा की गई संपत्ति का विवरण सार्वजनिक किया जाएगा और इसे सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर प्रकाशित करने का प्रस्ताव रखा था।

मंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि 8 सितंबर 2009 को हुई बैठक में यह फैसला लिया गया कि संपत्ति का विवरण 31 अक्तूबर 2009 तक सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा। इसे स्वैच्छित प्रक्रिया में रखा गया। यानी यह केवल एक विकल्प था, जिसमें जज अपनी संपत्ति का विवरण वेबसाइट पर डालने के लिए स्वतंत्र थे।

## जयपुर जिला कलेक्टर का एक और कारगर प्रयास



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।।** जयपुर जिला कलेक्टर डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी अपने नवाचारों और बेहतरीन कार्य शैली से प्रदेश में चर्चित आईएएस अफसर बन गए हैं। वर्षों से बंद रास्तों को खुलवाने का अभियान चलाने के बाद दिव्यांगो के लिए सक्षम अभियान चलाया। अब सोनी ने लापरवाही के विरुद्ध अभियान चलाया है जिसका नाम है

## 'ऑपरेशन कवच 4.0' अभियान: बड़ी कार्यवाही, 7 लाख से अधिक का राजस्व वसूला

ऑपरेशन कवच। इसके तहत जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देश पर कार्यालय प्रादेशिक परिवहन अधिकारी (प्रथम) की ओर से गुरुवार को 'ऑपरेशन कवच 4.0' के तहत विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया गया। इस कार्रवाई में कुल 82 चालान बनाए गए और चालान राशि के तौर पर 7 लाख रुपये से अधिक का राजस्व वसूला गया।

इसके अतिरिक्त, 1 लाख 25 हजार रुपये की राशि सीएफ के रूप में प्राप्त हुई। प्रादेशिक परिवहन अधिकारी (प्रथम) राजेन्द्र सिंह शेखावत ने बताया कि ऑपरेशन कवच 4.0 का उद्देश्य सड़क सुरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन करवाना है। इस सघन जांच अभियान के तहत ओवरलोड, ओवर क्राउड, ओवर प्रोजेक्टेड वाहनों के साथ-साथ रश ड्राइविंग, ड्राइविंग के दौरान मोबाइल का उपयोग, बिना हेलमेट, बिना फिटनेस प्रमाण पत्र और बिना पीयूसी (प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण पत्र) जैसे नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्यवाही की गई। शेखावत ने बताया कि इस अभियान के दौरान कई ऐसे वाहन भी पाए गए जो नियम विरुद्ध संचालित हो रहे थे। ऐसे वाहनों के ड्राइविंग लाइसेंस और पंजीयन निर्लंबित करने की कार्यवाही भी की गई। यह अभियान विशेष रूप से ओवरलोड वाहनों और सड़क सुरक्षा से जुड़े नियमों की अनदेखी करने वाले चालकों पर केंद्रित था। डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने कहा कि जिले में सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता देने के लिए इस तरह के अभियान जारी रहेंगे। उन्होंने जनता से अपील की कि वे यातायात नियमों का पालन करें और सड़क सुरक्षा के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझें। प्रवर्तन दलों की ओर से चलाए गए इस अभियान की सफलता में जिला प्रशासन की सख्ती और टीम की सतर्कता अहम रही। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में भी ऐसे अभियान चलाकर सड़क सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी।

---

उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी के प्रयास ला रहे रंग

# राजस्थान में रोप-वे, ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे और राजमार्गों के विकास में सहयोग करेगी मोदी सरकार

## दीया कुमारी ने सड़क परिवहन मंत्री गडकरी से की मुलाकात

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने बुधवार को नई दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर उन्हे राजस्थान में राजमार्गों के विकास के लिए उनकी ओर से दिए गए निरन्तर सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। पिछ्ले दस साल में केन्द्र सरकार ने राजस्थान में सड़क तंत्र को मजबूत करने के लिए लगभग एक लाख करोड़ के कार्यों को स्वीकृत किया है।

दीया कुमारी ने उन्हे आश्वस्त किया कि राज्य में सड़क तंत्र को मजबूत करने के लिए स्वीकृत की गई विभिन्न योजनाओं को समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए राज्य सरकार हर संभव सहयोग प्रदान करेगी। उन्होंने राजस्थान को सेन्ट्रल रोड व इंफ्रास्ट्रक्चर फंड - सीआरआईएफ से ज्यादा सड़कें स्वीकृत करने की भी मांग की।

राजस्थान से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण कार्यों का ज़िक्र करते हुए उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी से माँग की कि बृज-चौरासी



परिक्रमा मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित कर विकसित किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने भारत सरकार की 'पर्वतमाला योजना' के अन्तर्गत राजस्थान के पर्यटन विभाग की ओर से धार्मिक और पर्यटन महत्व के स्थानों पर रोपवे के निर्माण की स्वीकृति केन्द्र सरकार की ओर से जारी करने की मांग की।

उन्होंने राज्य में बनने वाले 9 ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे के निर्माण की स्वीकृति भी केन्द्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय से जारी किए जाने का अनुरोध किया।

दीया कुमारी ने बताया कि राजस्थान में बनने वाले नौ ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे में से जयपुर- किशनगढ़-जोधपुर प्रोजेक्ट की डीपीआर एनएचएआई को भिजवा दी गई है और बाक़ी आठ एक्सप्रेस-वे का कार्य की स्वीकृति के लिए भी केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय से अनुरोध किया गया है। गडकरी ने उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी को कहा कि राजस्थान में राजमार्ग के विकास के लिए 8322 करोड़ रुपये का प्लान है और जरुरत पड़ने पर अतिरिक्त कार्यों की भी स्वीकृति प्रदान की जाएगी।

उन्होने दिल्ली- जयपुर -किशनगढ़ मार्ग पर कार्य को तेजी से पूरा करने के लिए भी ठोस कदम उठाने का आश्वासन दिया। उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने केन्द्रीय मंत्री गडकरी से मुलाकात के दौरान बड़ौदामेव -कुम्हेर-नदबई-भरतपुर हाईवे, मथुरा से नदबई होते हुए जयपुर-आगरा रोड से जोड़ने के लिए लिंक हाईवे, दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस-वे से बांदीकुई में प्रवेश व निकास के लिए कनेक्टिविटी सर्वे, जयपुर- किशनगढ़ परियोजना व जयपुर-रींगस मार्ग पर ब्लैक स्पॉट सर्वे, जयपुर, उदयपुर और अजमेर में रिंग रोड़ के निर्माण, जोधपुर में फ़ोर-लेन एलिवेटेड फ्लाईओवर निर्माण को शीघ्र पूरा करने और भरतपुर के सारस चौराहे, घना, सेवर मोड और शीशम तिराहे पर फ्लाईओवर निर्माण और मेडिकल कॉलेज, टेक्नोलॉजी पार्क व बरसो के पास अंडरपास और सर्विस रोड आदि मुद्दों पर भी विस्तार से चर्चा की। दीया कुमारी ने भरोसा जताया कि जिस तरह से केन्द्र सरकार ने राजस्थान में हाईवे निर्माण के लिए पिछले दस सालों में भरपूर मदद की है, उसी प्रकार राजस्थान की डबल इंजन की सरकार के कार्यकाल में भी आधारभूत ढाँचे के विकास के नए आयाम स्थापित होंगे।

---




## परमाणु बैलिस्टिक मिसाइल का आईएनएस अरिघाट से सफल परीक्षण

### चार हजार किमी दूर तक है मारक क्षमता

एजेंसी

**नई दिल्ली(एजेंसी)।।** भारतीय सेना ने परमाणु हमला करने में सक्षम बैलिस्टिक मिसाइल का गुरुवार को सफल परीक्षण किया है। भारत ने परमाणु-सक्षम 3,500 किलोमीटर रेंज वाली बैलिस्टिक मिसाइल को आईएनएस अरिघाट पनडुब्बी से लॉन्च किया। K-4 परमाणु-सक्षम बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण भारतीय नौसेना ने हाल ही में शामिल की गई परमाणु पनडुब्बी आईएनएस अरिघाट से 3,500 किलोमीटर की क्षमता वाली K-4 बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण किया। रक्षा सूत्रों के अनुसार, परीक्षण के परिणामों का विश्लेषण किया जा रहा है, जिसके बाद संबंधित अधिकारी शीर्ष सैन्य और राजनीतिक नेतृत्व को जानकारी देंगे।दरअसल, इससे भारत को सेकेंड स्ट्राइक की क्षमता मिल जाती है। इसका मतलब है कि अगर जमीन पर स्थिति ठीक नहीं है, तो समंदर से ही सबमरीन की मदद से हमला किया जा सकता है। बता दें कि भारत का नियम है कि वो कभी भी पहले परमाणु हमला नहीं करेगा, लेकिन अगर उस पर हमला होता है तो वो छोड़ेगा भी नहीं। इस मिसाइल की 4000 किलोमीटर की रेंज है जो नौसेना के लिए बहुत जरूर साबित होती है।

#### समंदर के नीचे किया टेस्ट

भारतीय नौसेना ने अगस्त में विशाखापत्तनम स्थित शिप बिल्डिंग सेंटर में पनडुब्बी को शामिल किया था। सूत्रों ने कहा कि मिसाइल के पूर्ण-सीमा परीक्षण से पहले, डीआरडीओ ने पानी के नीचे के प्लेटफार्मों से दागी जाने वाली मिसाइल के प्रक्षेपण के व्यापक परीक्षण किए थे।

CMYK

# मेवात जयपुर टाइम्स

चूरू, शुक्रवार
29 नवंबर, 2024


## संविधान के महत्वपूर्ण क्षणों को फोटो प्रदर्शनी के माध्यम से जानने का अवसर

जयपुर टाइम्स

**अलवर(नि.सं.)।।** संविधान दिवस के उपलक्ष्य में 26 नवम्बर से सूचना केन्द्र (पीआरओ ऑफिस) में लगाई गई फोटो प्रदर्शनी का आमजन 10 दिसम्बर तक कार्यालय समय में पहुंचकर प्रदर्शनी का अवलोकन कर सकते हैं। सूचना एवं जनसम्पर्क कार्यालय के सहायक निदेशक मनोज कुमार ने बताया कि प्रदर्शनी का शुभारम्भ 26 नवम्बर को जिला कलक्टर द्वारा किया गया। इस प्रदर्शनी में संविधान सभा के सदस्यों सहित संविधान के महत्वपूर्ण पहलुओं को चित्रों के माध्यम से दर्शाया गया है। साथ ही संविधान की प्रस्तावना को दर्शाता हुआ एक सेल्फी पॉइंट भी लगाया है जो यहां प्रदर्शनी का अवलोकन करने आ रहे लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। फोटो प्रदर्शनी को देखने के लिए बडी संख्या में जिले के नागरिक एवं विद्यार्थीगण आ रहे हैं तथा सेल्फी पॉइंट से फोटो लेकर अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर अपलोड कर रहे हैं। उन्होंने जिलेवासियों से आह्वान किया है कि 10 दिसम्बर तक अशोक सर्किल के पास सूचना एवं जनसम्पर्क कार्यालय में कार्यालय समय पर पहुंचकर प्रदर्शनी का अवलोकन करे तथा संविधान के महत्वपूर्ण क्षणों से रूबरू होवे।

## महात्मा फुले का जीवन सतत प्रेरणादायी'

जयपुर टाइम्स

**अलवर(नि.सं.)।।** सामाजिक न्याय एवं स्त्री शिक्षा के प्रणेता महात्मा फुले की पुण्यतिथि पर राजस्थान विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने गुरुवार को अलवर में महात्मा ज्योतिबा फुले दर्शन संस्थान की ओर से आयोजित कार्यक्रम में महात्मा फुले की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें अपने श्रद्धासुमन अर्पित किये।



इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने महात्मा फुले को महान् स्वतंत्रता सेनानी और सामाजिक क्रांति का पुरोधा बताया। उन्होंने कहा कि महात्मा फुले नैतिक साहस और सामाजिक परिवर्तन के प्रतीक थे।उन्होंने कहा कि महात्मा फुले ने समाज के दलित, पिछड़े वर्ग और शोषित किसानों के अधिकारों के लिए आजीवन संघर्ष किया। महात्मा फुले के जीवन मूल्यों से महात्मा गांधी और बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर ने भी सदा प्रेरणा ली। जूली ने कहा कि वर्तमान युग में युवा पीढ़ी को महात्मा फुले के विचारों और संकल्पों से सतत प्रेरणा लेने की आवश्यकता है।

इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष मामराज सैनी, कार्यकारी अध्यक्ष एडवोकेट नरेश सैनी, अनिल सैनी, सैनी युवा महासभा के अध्यक्ष डॉ संदीप सैनी, भोलाराम शर्मा, खेमचंद जाटव, के एल सिरोही, अशोक कुमार सैनी सहित समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## सडक सुरक्षा एवं जीवन रक्षा कार्यक्रम के चौथे दिन विद्यार्थियों को गुड सेमेटेरियन एवं सडक सुरक्षा की दी जानकारी



जयपुर टाइम्स

**अलवर(नि.सं.)।।** प्रादेशिक परिवहन अधिकारी सतीश कुमार ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा सडक दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं सडक सुरक्षा तथा यातायात नियमों के प्रचार-प्रसार हेतु 5 दिसम्बर तक आयोजित किए जा रहे सडक सुरक्षा एवं जीवन रक्षा कार्यक्रम के चौथे दिन परिवहन विभाग के उडन दस्ते, यातायात पुलिस एवं रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा सेंट एंसलम स्कूल, एवरग्रीन स्कूली चिकानी एवं देहली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल चिकानी में सेमिनार आयोजित कर 550 विद्यार्थियों एवं 220 आमजन को सडक सुरक्षा एवं गुड सेमेरिटन नियमों की जानकारी दी गई तथा सडक सुरक्षा से संबंधित 420 पम्पलेट वितरित किए गए। साथ ही यातायात पुलिस एवं परिवहन विभाग विभाग के उडन दस्तों द्वारा विभिन्न श्रेणियों के 275 वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाई गई तथा प्रवर्तन कार्यवाही के अंतर्गत बिना सीट बेल्ट नहीं लगाने पर 10 चालान, 58 लोगों के हेलमेट नहीं लगाने, 8 वाहनों को बिना वैध प्रदूषण प्रमाण पत्र संचालित करने, 77 वाहनों को निर्धारित गति से अधिक वाहन चलाने एवं 33 वाहनों के नो पार्किंग हेतु चालान किए गए है।

## मैडिकल शिविर में 55 मरीजों ने लिया स्वास्थ्य उपचार लाभ



जयपुर टाइम्स

**अलवर(नि.सं.)।।** महावीर इन्टरनेशनल अलवर संस्थापक सदस्य, पूर्व विधायक स्व. जीतमल जैन की स्मृति में गुरुवार को आचार्य हस्ति चिकित्सालय, 1 शान्तिकुंज, भवानी तोप सर्किल, मीनल होटल के पास, अलवर में एक मैडिकल शिविर लगाया गया। यह शिविर प्रात 9 बजे से 11 बजे तक लगाया गया। इस शिविर में डॉ. सुरेन्द्र जैन (वरिष्ठ चिकित्सक) द्वारा 55 मरीजों को निःशुल्क रोग उपचार परामर्श दिया गया तथा रोग उपचार की दवाईया भी निःशुल्क प्रदान की गई। यह जानकारी केन्द्र अध्यक्ष जिनेन्द्र कुमार जैन द्वारा दी गई।

## आरक्षी प्रशिक्षु बैच संख्या 8 का दीक्षान्त परेड समारोह हुआ आयोजित




### समारोह में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर किया गया सम्मानित

जयपुर टाइम्स

**अलवर(नि.सं.)।।** ग्राम ठेकडा स्थित पुलिस ट्रेनिंग स्कूल में आरक्षी प्रशिक्षु बैच संख्या 8 का दीक्षान्त परेड समारोह आयोजित हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि महानिरीक्षक पुलिस जयपुर रेंज अजय पाल लाम्बा द्वारा परेड की सलामी ली गई। पुलिस ट्रेनिंग स्कूल की कमाण्डेन्ट अंजलि अजीत जोरवाल ने बताया कि दीक्षान्त परेड समारोह का आयोजन कमाण्डेण्ट व प्रशिक्षकगण पुलिस ट्रेनिंग स्कूल अलवर द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि 15 जनवरी से प्रारम्भ आरक्षी प्रशिक्षु बैच संख्या 8 में कुल 149 आरक्षी प्रशिक्षु शामिल है जिसमें जिला जोधपुर ग्रामीण के 11, जैसलमेर के 14, बाडमेर के 10, जालोर के 12, बीकानेर के 19, चितौडगढ के 35, राजसमन्द के 12, डूंगरपुर के 24, श्रीगंगानगर के 4, पाली के 3 एवं हनुमानगढ के 5 आरक्षी हैं। उन्होंने बताया कि 16 दिसम्बर 2023 से अब तक राजस्थान पुलिस के कुल 1151 आरक्षी प्रशिक्षुओं को आठ बैचों में बुनियादी प्रशिक्षण दिया गया है।

### सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर किया गया सम्मानित

उन्होंने बताया कि दीक्षान्त परेड समारोह के अवसर पर प्रशिक्षण में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर चितौडगढ से भर्ती आल राउण्डर एवं इण्डोर प्रथम विषय में बैल्ट नं.1195 श्री कार्तिक कुमार, आउटडोर प्रथम में बैल्ट नं. 1193 अनिल कुमार, ड्रिल प्रथम में बैल्ट नं. 1168 संदीप कुमार एवं बीकानेर से भर्ती फायरिंग प्रथम में बैल्ट नं. 2206 वीरपाल सिंह को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया।

## मित्तल हॉस्पिटल का 26वां स्थापना दिवस 30 को, लगेगा निःशुल्क मल्टीस्पेशलिटी चिकित्सा शिविर

जयपुर टाइम्स

**अलवर(नि.सं.)।।** असहाय एवं जरूरतमंद लोगो को सही समय पर सही ईलाज देने हेतु निःशुल्क शिविर का आयोजन डॉ.एस.सी.मित्तल (चेयरमैन) इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी एवं मित्तल हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में मित्तल हॉस्पिटल अलवर में 30 नवंबर को प्रातः 9 बजे से दोपहर 01 बजे तक निःशुल्क मल्टीस्पेशलिटी चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर संयोजक एवं मित्तल हॉस्पिटल के प्रशासक गिरीश गुप्ता ने बताया कि मित्तल हॉस्पिटल के 26वें स्थापना दिवस के अवसर पर एक विशाल निःशुल्क मल्टीस्पेशलिटी चिकित्सा शिविर का आयोजन मित्तल हॉस्पिटल अलवर में शनिवार, 30 नव बर 2024 को प्रात 9 बजे से दोपहर 01 बजे तक आयोजित किया जाएगा। शिविर में मरीजो को निःशुल्क परामर्श,निशुल्क आवश्यक उपलब्ध दवाये, निशुल्क न्यूरोपैथी टेस्ट, बोनेमेरो डेन्सिटी टेस्ट, शुगर, बी.पी.टेस्ट एवं अन्य सभी जांचो पर 20प्रतिशत रियायती दरो पर उपलब्ध करवाई जायेगी। शिविर में चयनित नेत्र रोग के मरीजो के मोतियाबिन्द ऑपरेशन भी निःशुल्क तिथि देकर करवाये जायेंगे जिसमे मरीज के रहने , खाने-पीने, दवा, ऑपरेशन, लेन्स, चश्मा, घर के लिए दवा सभी पूर्णत निशुल्क उपलब्ध करवाई जायेगी सभी मोतियाबिन्द ऑपरेशन मित्तल हॉस्पिटल में ही मरीज को दी गयी तारीख के हिसाब से करवाए जायेंगे।मित्तल हॉस्पिटल की प्रबन्ध निदेशक अल्का मित्तल ने बताया कि शिविर में डॉ.एस.सी.मित्तल (फिजिशियन) , डॉ.हिमांशु अरोड़ा (हृदय रोग विशेषज्ञ ), डॉ. चन्द्रशेखर शर्मा (गुर्दा एवं मूत्र रोग विशेषज्ञ ), डॉ. अभिषेक खण्डेलवाल (हड्डी रोग विशेषज्ञ ), डॉ.सुधीर गुप्ता (सर्जन), डॉ. महेश जैन (वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ), डॉ. प्रियंका गुप्ता(नेत्र रोग विशेषज्ञ), डॉ.माधवी कुन्द्नानी (नाक,कान,गला विशेषज्ञ), डॉ.कुमुद गुप्ता (स्त्री रोग विशेषज्ञ ), डॉ.अमित गुप्ता (शिशु रोग विशेषज्ञ), डॉ. दीपक गर्ग (दन्त रोग विशेषज्ञ), डॉ. राहुल भार्गव (दन्त रोग विशेषज्ञ), डॉ.चेतन शर्मा (फिजियोथेरेपिस्ट), डायटीशियन गरिमा खट्टर (आहार विशेषज्ञ) अपनी निशुल्क सेवाये प्रदान करेंगे।

डॉ. एस.सी.मित्तल ने बताया कि मित्तल हॉस्पिटल के 26वें स्थापना दिवस के अवसर पर एक विशाल निःशुल्क मल्टीस्पेशलिटी चिकित्सा शिविर का आयोजन 30 नव बर को मित्तल हॉस्पिटल में करने के पीछे उद्देश्य यह है कि इस समय समय मौसमी बीमारियों के कारण बहुत से लोग बीमार हो रहे है तथा इसे असहाय एवं जरूरतमंद लोग जिनको आर्थिक परेशानी से जूझना पड रहा है वो अपना ईलाज करवाने में असमर्थ है अत सही समय पर उनको सही इलाज मिल सके इसी कारण इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी एवं मित्तल हॉस्पिटल दोनों के संयुक्त तत्वाधान में इस शिविर का आयोजन किया जा रहा है।उन्होंने बताया कि मधुमेह रोग एवं ब्लड प्रेशर से पीडित लोगो को इस शिविर के माध्यम से हम जाग्रति फैलाकर आमजन को सही समय पर सही इलाज देने हेतु जागरूक कर रहे है।



## वन एवं पर्यावरण मंत्री ने किया तिरूचिरापल्ली के हाथी बचाव और पुनर्वास केंद्र तथा बटरफ्लाई कंजर्वेटरी का किया निरीक्षण

**अलवर(नि.सं.)।।** वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने अपने तीन दिवसीय तमिलनाडु दौरे के दौरान तिरूचिरापल्ली जिले के पलायम रिजर्व वन क्षेत्र में स्थित हाथी बचाव और पुनर्वास केंद्र का निरीक्षण किया। मंत्री शर्मा ने हाथियों को ग्रीष्म ऋतु में बढते तापमान से बचाने के लिए वहां की गई शॉवर बाथ, मड बाथ, स्वीमिंग पूल, हाथियों के आहार, रहने के स्थान, कूलर, पंखे, फॉगर आदि की विशेष व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। साथ ही उन्होंने तमिलनाडु वन विभाग के कार्मिकों से हाथियों के पुनर्वास हेतु की गई अन्य सुविधाओं की जानकारी लेकर हाथियों के बचाव एवं पुनर्वास के लिए की गई बुनियादी व्यवस्थाओं बेहतरिन बताया। उन्होंने कहा कि तिरूचिरापल्ली के हाथी बचाव और पुनर्वास केंद्र के दौरे के अनुभव का लाभ प्रदेश में हाथियों का संरक्षण में दिशा हो सकेगा।

### बटरफ्लाई कंजर्वेटरी का किया निरीक्षण

मंत्री शर्मा ने तिरूचिरापल्ली जिले में स्थित ट्रॉपिकल बटरफ्लाई कंजर्वेटरी का निरीक्षण कर वहां बटरफ्लाई पार्क के बनने की प्रक्रिया के साथ-साथ तितलियों के रखरखाव के बारे में जानकारी ली जिस पर वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि 25 एकड में फैले कंजर्वेटरी में करीब 129 तितलियों की प्रजाति है और यह एशिया का सबसे बडा तितली कंजर्वेटरी है।

## राव राजा प्रताप सिंह के शासनकाल के मालाखेड़ा में आज भी है 252 वर्ष पुराने निर्मित अलवर गेट, राजगढ़ गेट

### स्थापत्य कला की जानकारी देने के लिए मालाखेड़ा उत्सव मनाने के लिए तैयारी जोरों पर

जयपुर टाइम्स

**मालाखेड़ा/अलवर(नि.सं.)।।** मालाखेड़ा में पहली बार मालाखेड़ा उत्सव का आयोजन किया जा रहा है, जिसकी तैयारी जोरों पर है। मालाखेड़ा क्षेत्र के इतिहास की जानकारी रखने वाले पत्रकार अवधेश सिंह ने बताया कि मालाखेड़ा उत्सव मनाने के लिए नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी के सहयोग से आमजन इसमें शामिल होने के लिए आगे आ रहे हैं। 30 नवंबर को यह कार्यक्रम हंसी-खुशी उल्लास और जोश के साथ मनाया जाएगा। राव राजा प्रताप सिंह ने अपने शौर्य, पराक्रम, स्वामी भक्ति को लेकर राजगढ़ में राज्य स्थापित कर माचाडी को राजधानी बनाया। रियासत काल समय में इसी कार्यकाल के दौरान सबसे पहले उन्होंने 1772 में मालाखेड़ा व टहला में किले का निर्माण प्रजा की सुरक्षा के लिए कराया। इसके पश्चात ही अपना राज्य शासन बढ़ाते हुए उन्होंने चरखी दादरी हरियाणा आगरा तक अपना वर्चस्व कायम किया। इसके पश्चात शाही सेना का वेतन देने के पश्चात वह अलवर के वाला किले में पहुंचे और अपना राज्य शासन शुरू कर 25 नवंबर 1775 को विधिवत रूप से राज्य चलाया।सिंह ने बताया कि ऐसे शूरवीर, प्रतापी, पराक्रमी महाराज राव राजा के पूरा स्थापत्य कला के बेजोड़ नमूने को आमजन तक पहुंचाने के लिए मालाखेड़ा उत्सव का आगाज पहली बार किया जा रहा है। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका मालाखेड़ा मेघा मीणा ने बताया



मालाखेड़ा में 252 वर्ष पुराने ऐतिहासिक रियासत कालीन अलवर गेट राजगढ़ गेट आज मौजूद है। जो अपनी प्राचीन पौराणिक स्थापत्य कला के वैभव को दर्शाते हैं। आमजन को इसके निर्माण, शौर्य, पराक्रम और सेवा भाव से आम जन रूबरू हो इसलिए मालाखेड़ा उत्सव कागज किया जाएगा। वहीं इसमें लोक कलाकार, लोक संगीत, भजन संध्या का कार्यक्रम करेंगे। इसके साथ ही निबंध, चित्रकला, व अन्य प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जाएगा।

सिंह ने बताया कि नगर पालिका अधिशासी अधिकारी मेघा मीणा के सहयोग में हितेंद्र प्रधान, पूर्व सरपंच सुषमा, सतीश कुमार चौधरी, सौरव शास्त्री, जितेंद्र मिश्रा, ललित कुमार, अध्यक्ष हिम्मत सिंह, शिवचरण भलाई, नरेंद्र पटेल सहित क्षेत्र के गणमान्य जन इसकी तैयारी में जुटे हुए हैं।

वहीं मालाखेड़ा उपखंड अधिकारी नवजोत कवरिया का कहना है, प्राचीन, पौराणिक, इतिहास की जानकारी आम जनता तक पहुंचे। इसके लिए मालाखेड़ा उत्सव मनाया जा रहा है।

## बाल विवाह मुक्त भारत' अभियान हुआ शुरु, अभियान को सफल बनाने के लिए सभी न्यायिक अधिकारियों व कर्मचारियों ने ली शपथ

जयपुर टाइम्स

**अलवर(नि.सं.)।।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अलवर की ओर से बाल विवाह मुक्त भारत' अभियान की शुरूआत करते हुए बाल विवाह को समाप्त करने की दिशा में 27 नवंबर गुरुवार को अलवर मुख्यालय के पैरा लीगल वॉलेंटियर्स एवं कर्मचारीगण द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत' की शपथ ली गई ओर इस अभियान में अपना पूरा सहयोग किया गया। यह शपथ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अलवर सचिव मोहनलाल सोनी ने दिलाई। इस मौके पर अलवर न्यायक्षेत्र की समस्त तालुका विधिक सेवा समितियों में न्यायिक अधिकारीगण, अधिवक्तागण, कर्मचारीगण एवं पैरा लीगल वॉलेंटियर्स मौजूद रहे। सोनी ने बताया कि राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, (राजस्थान उच्च न्यायालय) जयपुर के निर्देशानुसार अक्षय तृतीया, पीपल पूर्णिमा एवं अन्य अवसरों पर भारी संख्या में बाल-विवाह होने की प्रबल संभावना रहती है। जिसके लिए माह नव बर 2024 में विशेष अभियान एवं वर्ष भर नियमित गतिविधियों के रूप में बाल विवाह निषेध सघन अभियान चलाया जाकर एवं कंट्रोल रूम स्थापित कर 24 घन्टे क्रियाशील करने के निर्देश प्राप्त हुए थे। जिस पर उक्त अभियान के सफल संचालन एवं बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराई को खत्म करने हेतु जिला कलक्टर, अलवर द्वारा अलवर मुख्यालय एवं ब्लॉकों में कंट्रोल रूम स्थापित किए गए तथा उक्त कंट्रोल रूम को बाल विवाह की सूचना मिलने की तत्परता से कार्यवाही की जा रही है। इसके साथ ही समस्त बाल विवाह निषेध अधिकारी (उपखण्ड मजिस्ट्रेट एवं तहसीलदार) बाल विवाह की सूचना प्राप्त होने



पर उस पर अविलंब आवश्यक की जा रही है। अलवर न्यायक्षेत्र में स्थापित समस्त कन्ट्रोल रूम के कांटेक्ट न बर एवं नालसा की लीगल एड हेल्पलाइन नं0 15100 जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के हेल्पलाइन नं. (8306002102) का भी व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए बाल विवाह निषेध अभियान का सफल संचालन किया जा रहा है। अलवर जिले की समस्त तालुका विधिक सेवा समितियों द्वारा भी उक्त अभियान के क्रम में ग्राम एवं तहसील स्तर पर पदस्थापित विभिन्न विभागों के कर्मचारियों/अधिकारियों तथा जनप्रतिनिधियों, स्काउट एवं गाईड एवं स्वयं सेवी संगठनों, महिला समूह, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, आंगनबाढडी कार्यकर्ता, महिला सुरक्षा सखी एवं पैरा लीगल वॉलेंटियर्स से समन्वय स्थापित करते हुए बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के प्रावधानों का व्यापक प्रचार-प्रसार कर, आमजन को जानकारी कराते हुए जनजागृति उत्पन्न कर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किए जा रहे हैं एवं समस्त विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर बाल विवाह निषेध अधिकारी (उपखण्ड मजिस्ट्रेट एवं तहसीलदार) से बाल विवाह की सूचना प्राप्त होने पर बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 और बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2007 के तहत विधिक कार्यवाही स पादित कर एवं जिन गांव/मोहल्लों के उन परिवारों में जहां बाल विवाह होने की आशंका है, वहां विधिक जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अलवर सचिव मोहनलाल सोनी द्वारा बताया गया कि राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर से प्राप्त दिशानिर्देशानुसार **बाल विवाह मुक्त भारत**'' अभियान की शुरूआत 27 नव बर 2024 को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में महिला एवं बाल विकास मंत्री द्वारा की गई है। सोनी द्वारा बताया गया कि उक्त अभियान के तहत 27 नव बर गुरुवार को पैरा लीगल वॉलेंटियर्स के साथ शपथ ग्रहण/जागृति कार्यक्रम/विशेष सभा आदि के आयोजन के निर्देश प्राप्त हुए, जिसके क्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय में अलवर मुख्यालय के पैरा लीगल वॉलेंटियर्स एवं कर्मचारीगण द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत' की शपथ ली गई। इसके साथ ही अलवर न्यायक्षेत्र की समस्त तालुका विधिक सेवा समितियों में न्यायिक अधिकारीगण, अधिवक्तागण, कर्मचारीगण एवं पैरा लीगल वॉलेंटियर्स द्वारा **बाल विवाह मुक्त भारत'** अभियान की शपथ ग्रहण कर अभियान में अपना सहयोग प्रदान किया गया।

## नेता प्रतिपक्ष जूली के जन्मदिन पर 30 नवंबर को होंगे अनेक आयोजन

जयपुर टाइम्स




**अलवर(नि.सं.)।।** टीकाराम जूली फेंस क्लब की ओर से हर वर्ष की भांति 30 नव बर 2024 को नेता प्रतिपक्ष राजस्थान विधानसभा एवं विधायक अलवर ग्रामीण टीकाराम जूली का 44वां जन्मदिन समारोह का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन जय कृष्ण क्लब अलवर में मनाया जाएगा। यह जानकारी गुरुवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा ने आयोजित पत्रकार वार्ता में दी।मिश्रा ने बताया कि 30 नव बर को होने वाले कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव व प्रभारी आसाम तथा मध्यप्रदेश जितेन्द्र सिंह रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान प्रातः 7 बजे श्री जगन्नाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की जाएगी। इसके बाद श्री त्रिपोलिया महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना की जाएगी। वहीं प्रातः 8 बजे श्री गुरुद्वारा साहब, खण्डेलवाल धर्मशाला के सामने, अलवर में तथा प्रात साढ़े 8 बजे नगर निगम अलवर में महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा। इसके साथ ही प्रात पौने 9 बजे मदर टेरेसा होम में फल वितरण (पुराना कटला) किया जाएगा, तथा प्रात साढ़े 9 बजे इंदिरा रसोई में निशुल्क भोजन वितरण (पुराना कटला) किया जाएगा। मिश्रा ने बताया कि इसके बाद प्रात 10 बजे रक्तदान शिविर शुभारंभ (जय कृष्ण क्लब बाबा साहब डा0 भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण, इसके बाद गौशाला में चारा वितरण, स्टेशन रोड़ तथा प्रात 10 बजे श्री हनुमान जी के मन्दिर में पूजा अर्चना एवं सैय्यद बाबा की मजार पर चादर चढाने का कार्यक्र मोती डूंगरी, अलवर में किया जाएगा

राजधानी जयपुर टाइम्स

चूरू, शुक्रवार
29 नवंबर, 2024

## दोहरे आवेदन और डमी कैंडिडेट पर आधार सत्यापन से लगाम,कार्मिक विभाग ने आयोग को बायोमेट्रिक सत्यापन का अधिकार दिया

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग (RPSC) को अब अभ्यर्थियों के आधार आधारित बायोमेट्रिक सत्यापन की अनुमति मिल गई है। 27 नवंबर 2024 को राजस्थान सरकार के कार्मिक विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, आयोग भर्ती प्रक्रिया के सभी चरणों में सत्यापन के लिए आधार सत्यापन प्रणाली का उपयोग कर सकेगा। इससे पहले सितंबर 2024 में भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने आयोग को यह सुविधा प्रदान की थी। आयोग सचिव ने बताया कि यह प्रणाली भर्ती प्रक्रिया में दोहरे आवेदन, डमी कैंडिडेट और जालसाजी को रोकने में अहम भूमिका निभाएगी। सत्यापन के लिए यह प्रणाली ऑनलाइन आवेदन जांच, साक्षात्कार, काउंसलिंग, दस्तावेज सत्यापन और लिखित परीक्षा के दौरान उपयोग की जाएगी। आयोग के आग्रह पर, आधार एक्ट 2016 और आधार ऑथेंटिकेशन फॉर गुड गवर्नेंस नियम 2020 के तहत यह सुविधा दी गई है। आयोग ने इस पहल को भर्ती परीक्षाओं की शुचिता और पारदर्शिता बढ़ाने वाला कदम बताया है।

पिछले कुछ वर्षों में सामने आए फर्जीवाड़े के मामलों को देखते हुए आयोग ने पहले ही वन टाइम रजिस्ट्रेशन, लाइव फोटो कैप्चर और ओएमआर शीट में अतिरिक्त विकल्प जैसी प्रक्रियाएं लागू की हैं। अब बायोमेट्रिक सत्यापन प्रणाली से आयोग और अधिक सशक्त होगा और फर्जीवाड़े में लिप्त व्यक्तियों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही भी की जाएगी। यह कदम राजस्थान में भर्ती प्रक्रियाओं को और पारदर्शी और निष्पक्ष बनाएगा।

## राष्ट्रीय सेवा योजना का एक दिवसीय शिविर का किया आयोजन, छात्र-छात्राओं को किया जागरूक



जयपुर टाइम्स

**बस्सी(नि.सं.)।**.कानोता सांभरिया रोड पर स्थित राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के प्रथम एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ.तौफीक हुसैन ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ओमप्रकाश बैरवा आयुक्त कॉलेज शिक्षा राजस्थान ने स्वयंसेवकों को समय प्रबंधन का महत्व एवं राष्ट्रीय सेवा का उद्देश्य समझाया। शिविर में मुख्य वक्ता जिला समन्वयक डॉ.गोविंद शरण शर्मा ने भी स्वयंसेवकों को एनएसएस का विद्यार्थी जीवन में योगदान व श्रमदान का उद्देश्य समझाया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ तौफीक हुसैन द्वारा विद्यार्थियों को एनएसएस के लिए जागरुक कर श्रमदान का आवाह्न किया। इस एकदिवसीय कैंप का मुख्य उद्देश्य छात्रों को समाज के प्रति उनके कर्तव्यों के बारे में जागरूक करना तथा समाज सेवा के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने कार्यक्रम अधिकारी डॉ प्रियंका मीना के नेतृत्व में महाविद्यालय परिसर में श्रमदान किया व स्वच्छता का महत्व जाना। इस दौरान महाविद्यालय के स्टाफ के साथ छात्र-छात्राएं उपस्थित रही।

## महात्मा फुले को किए श्रद्धासुमन अर्पित

जयपुर टाइम्स




**फुलेरा (नि.सं.)।** कस्बे के श्रीराम नगर स्थित माली सैनी समाज भवन में गुरुवार को महात्मा ज्योतिबा फुले की पुण्यतिथि पर माली समाज ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए माली सैनी समाज फुलेरा के अध्यक्ष तेजकरण सैनी ने कहा कि महात्मा फुले और सावित्री बाई फुले ने विषम परिस्थितियों में देश में शिक्षा की अलख जगाई, समाज सुधार की दिशा में अनेकों कार्य किए। इनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। उपस्थित सदस्यों ने फुले दंपति अमर रहे के जयघोष लगाते हुए भारत सरकार से उनके लिए भारत रत्न की मांग की। इस मौके पर गणेश खडोलिया, रामजीलाल,राजेंद्र इंदौरा, भागचंद सिंगोदिया, सुमन सैनी, छोटी देवी सहित कई प्रबुद्धजन व गणमान्य लोग मौजूद थे।

## डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समाधान समिति की बैठक आयोजित

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(नि.सं.)।।** जिला कलक्ट्रेट सभागार में गुरुवार को जिला स्तरीय समाधान समिति और जिला टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन जिला कलेक्टर डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी की अध्यक्षता में हुआ। बैठक में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना, सक्षम जयपुर अभियान, आईएम शक्ति केंद्र योजना, वन स्टॉप सेंटर, महिला हेल्पलाइन 181, डायन योजना, उड़ान योजना, और राज्य महिला नीति 2021 के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। डॉ. सोनी ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को लिंगानुपात की नियमित निगरानी और मुखबिर योजना के तहत जागरूकता बढ़ाने के निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने डिकॉय ऑपरेशन चलाने पर भी जोर दिया। जिला शिक्षा अधिकारी को ड्रॉपआउट बालिकाओं के लिए विशेष शिक्षा अभियान चलाने और सभी विद्यालयों में छात्र-छात्राओं के लिए पृथक पक्के शौचालय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में विभिन्न विभागों के समन्वय से योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और उनकी सफलता सुनिश्चित करने पर चर्चा हुई। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर मुकेश मूंड, महिला अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक डॉ. राजेश डोगीवाल, पुलिस, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य और शिक्षा विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। डॉ. सोनी ने योजनाओं की प्रगति की नियमित समीक्षा पर जोर देते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जमीनी स्तर पर सकारात्मक परिणाम सुनिश्चित करें।

# वीडियो कॉल से चिकित्सा सेवाओं की मॉनिटरिंग: राजस्थान में स्वास्थ्य विभाग का नवाचार



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल और चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के निर्देशन में राजस्थान के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने तकनीकी नवाचार करते हुए वीडियो कॉल के माध्यम से चिकित्सा संस्थानों की सीधी मॉनिटरिंग शुरू की है। प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने इस पहल की शुरुआत बालोतरा जिले के जसोल क्षेत्र के आयुष्मान आरोग्य मंदिर मूंगड़ा में वीडियो कॉल से की।

इस अभियान के तहत, 100 अधिकारियों ने दो घंटे में 1,000 वीडियो कॉल कर विभिन्न जिलों के चिकित्सा संस्थानों की सेवाओं का जायजा लिया। संवाद के दौरान राठौड़ और अन्य अधिकारियों ने डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ और लाभार्थियों से सीधा संवाद कर स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति की समीक्षा की। मातृ-शिशु स्वास्थ्य और पोषण दिवस पर उपलब्ध सेवाओं की भी विशेष रूप से जांच की गई। राठौड़ ने चिकित्सा संस्थानों को साफ-सफाई और स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुलभ बनाने के निर्देश दिए। एएनएम, आशा और गर्भवती महिलाओं से बातचीत कर सेवाओं का फीडबैक लिया गया।

### निरंतर संवाद से बेहतर होंगी स्वास्थ्य सेवाएं

इस तकनीकी पहल से अस्पतालों की मॉनिटरिंग में पारदर्शिता आएगी और सेवाओं में सुधार होगा। अधिकारी अब किसी भी समय चिकित्सा संस्थानों का जायजा ले सकेंगे। फील्ड कर्मियों से सीधा संवाद और आमजन से फीडबैक प्राप्त कर स्वास्थ्य सेवाओं को पब्लिक फ्रेंडली बनाया जाएगा। यह नवाचार स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में बड़ा कदम साबित होगा।

## मुख्यमंत्री निःशुल्क दवा योजना का दायरा बढ़ेगाः नई दवाओं पर हुआ मंथन

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।।** राज्य सरकार की मुख्यमंत्री निःशुल्क दवा योजना को और सुदृढ़ बनाने और अधिक प्रभावी बनाने के लिए तकनीकी सलाहकार समिति की बैठक गुरुवार को आरएमएससीएल की प्रबंध निदेशक श्रीमती नेहा गिरि की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में दवाओं की आवश्यक सूची में नई औषधियों को शामिल करने और पहले से उपलब्ध दवाओं की श्रेणी में बदलाव पर विचार किया गया।

बैठक में 390 दवाओं का परीक्षण किया गया और विभिन्न रोगों के उपचार हेतु आवश्यक नई दवाओं को सूची में शामिल करने का निर्णय लिया गया। चिकित्सा और फार्मा विशेषज्ञों ने दवाओं की उपलब्धता, आपूर्ति और मांग को लेकर सुझाव दिए। नेहा गिरि ने बताया कि जल्द ही इन निर्णयों के आधार पर औषधियों को सूची में शामिल किया जाएगा, जिससे मरीजों को उनके निकट के चिकित्सा संस्थानों पर अधिक दवाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

### 1240 दवाइयां वर्तमान में उपलब्ध

मुख्यमंत्री निःशुल्क दवा योजना के तहत वर्तमान में 1240 दवाइयां, 428 सर्जिकल्स और 156 सूचर्स उपलब्ध कराए जा रहे हैं। योजना के माध्यम से प्रतिदिन लगभग 4.50 लाख मरीज लाभान्वित हो रहे हैं। दवाओं की आपूर्ति और प्रबंधन के लिए ई-औषधि सॉफ्टवेयर का उपयोग किया जा रहा है, जिससे वितरण प्रक्रिया पारदर्शी और सुचारू बनी हुई है।

### 2,122 करोड़ का बजट प्रावधान

वित्तीय वर्ष 2024-25 में इस योजना के लिए 2,122 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान किया गया है। योजना के विस्तार से स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार होगा और आमजन को बेहतर और व्यापक दवा सुविधा उपलब्ध होगी। यह कदम राज्य सरकार की स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत और समावेशी बनाने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## सहायक आचार्य (अंग्रेजी) भर्तीः 9 से 24 दिसंबर तक साक्षात्कार का आयोजन

**जयपुर(का.सं.)।।** राजस्थान लोक सेवा आयोग (RPSC) द्वारा सहायक आचार्य (कॉलेज शिक्षा विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2023 के तहत अंग्रेजी विषय के 153 पदों के लिए साक्षात्कार का पहला चरण 9 से 24 दिसंबर 2024 तक आयोजित किया जाएगा। आयोग सचिव ने बताया कि साक्षात्कार-पत्र आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर समय पर अपलोड कर दिए जाएंगे।

अभ्यर्थियों को साक्षात्कार में शामिल होने के लिए नवीनतम पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो, फोटो युक्त मूल पहचान पत्र और सभी मूल प्रमाण-पत्रों के साथ उनकी फोटो प्रतियां लेकर आना अनिवार्य है। दस्तावेजों में कमी पाए जाने पर अभ्यर्थियों को साक्षात्कार से वंचित किया जा सकता है। इसके अलावा, जिन अभ्यर्थियों ने विस्तृत आवेदन पत्र (Detailed Application Form) आयोग को अब तक जमा नहीं किया है, उन्हें इसे आयोग की वेबसाइट से डाउनलोड कर दो प्रतियों में सभी प्रमाण पत्रों की फोटो प्रतियों सहित साक्षात्कार के समय प्रस्तुत करना होगा।

आयोग ने सभी अभ्यर्थियों को निर्देश दिए हैं कि वे समय पर दस्तावेजों की तैयारी सुनिश्चित करें और आयोग की वेबसाइट पर साक्षात्कार से संबंधित अपडेट देखते रहें।

## गार्गी एवं बालिका प्रोत्साहन योजना में 30 नवंबर तक कर सकते हैं आवेदन

जयपुर टाइम्स

**विराटनगर(नि.सं.)।।** बालिका शिक्षा फाउंडेशन राजस्थान जयपुर की ओर से गार्गी एवं बालिका प्रोत्साहन योजना में आवेदन के लिए आवेदन लिए जा रहे है। विराटनगर मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि आवेदन के लिए अंतिम तिथि 30 नवंबर है। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से आयोजित कक्षा 10 परीक्षा 2024 एवं स्वामी विवेकानंद मॉडल स्कूल की परीक्षा 2024 में 75 प्रतिशत व इससे अधिक अंक प्राप्त करने वाली बालिकाएं जो कि वर्तमान सत्र 2024-25 में कक्षा 11 में नियमित अध्ययनरत हैं। योजना के तहत ब्लॉक सहित जिले की राजकीय व निजी विद्यालयों में अध्ययनरत पात्र बालिकाएं अंतिम तिथि से पूर्व आवेदन करें। गार्गी पुरस्कार की प्रथम व द्वितीय किस्त के तहत बालिकाओं को तीन-तीन हजार तथा बालिका प्रोत्साहन पुरस्कारयोजना के तहत 5 हजार की राशि उनके खाते में सीधे ही स्थानांतरित की जाएगी। बालिका की माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक परीक्षा की अंक तालिका एवं परिवार जन आधार कार्ड में दर्ज डाटा (बालिका का नाम, माता व पिता का नाम, जन्म दिनांक और जेंडर) एक जैसा वह गार्गी पुरस्कार की प्रथम किस्त के लिए तथा माध्यमिक प्रवेशिका परीक्षा 2023 एवं स्वामी विवेकानंद मॉडल स्कूल के माध्यमिक परीक्षा 2023 में 75 प्रतिशत व इससे अधिक अंक प्राप्त करने वाली बालिकाएं जो कि वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2024-25 में कक्षा 12 में नियमित अध्ययनरत है। ऐसी बालिकाएं द्वितीय किस्त के लिए एवं कक्षा 12 परीक्षा 2024 एवं स्वामी विवेकानंद मॉडल स्कूल की परीक्षा 2024 में 75 प्रतिशत एवं इससे अधिक अंक प्राप्त करने वाली बालिकाओं की ओर से बालिका प्रोत्साहन पुरस्कार के लिए अब तक जिन पात्र बालिकाओं ने शाला दर्पण पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन नहीं किया है, वो बालिकाएं 30 नवंबर 2024 तक आवेदन कर सकती है। आवेदन फाइनल सबमिट होगा। बालिकाएं आवेदन की हार्ड कॉपी अपने पास सुरक्षित रखें।

### पढ़ाई बीच में छोड़ने वाली बेटियों को नहीं मिलेगी राशि

बालिका शिक्षा फाउंडेशन जयपुर की और से जारी निर्देशों के अनुसार गार्गी पुरस्कार की पहली किस्त तथा दूसरी किस्त के लिए 10 वीं के अंकों की प्रतिशत पात्रता के साथ-साथ बालिकाओं को क्रमश 11 वीं तथा 12 वीं कक्षा में नियमित रूप से अध्ययनरत होना जरूरी है। पढ़ाई बीच में छोड़ देने वाली बालिकाएं इस पुरस्कार राशि के लिए पात्र नहीं होगी। गार्गी पुरस्कार योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण काफी छात्राएं, अध्ययन जारी नहीं रख पाती है। इनकी संख्या राज्य में बहुत ज्यादा है। कुछ छात्रों के अभिभावक बेटा-बेटी के भेदभाव के कारण भी उनकी पढ़ाई पूरी नहीं करवाते। सरकार ने इस परेशानी को देखते हुए राजस्थान गार्गी पुरस्कार स्कीम शुरू की है। इस योजना का मुख्य लक्ष्य ये है कि राजस्थान की लड़कियों की शिक्षा को बढ़ावा मिल सके और उन्हें अध्ययन में रुचि के साथ अधिक अंक लाने की प्रेरणा मिल सके।

## सक्षम जयपुर अभियान के तहत कार्यस्थल सुरक्षा पर आमुखीकरण कार्यशाला आज

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(नि.सं.)।।** महिला अधिकारिता विभाग के तत्वावधान में 29 नवंबर 2024, शुक्रवार को इंदिरा गांधी पंचायती राज संस्थान के सभागार में कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम, 2013 के तहत एक दिवसीय आमुखीकरण कार्यशाला आयोजित की जाएगी।

महिला अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक डॉ. राजेश डोगीवाल ने बताया कि कार्यशाला का आयोजन प्रातः 11 बजे शुरू होगा, जिसमें मास्टर ट्रेनर्स 400 से अधिक सरकारी और गैर-सरकारी कार्मिकों को अधिनियम की बारीकियों से अवगत कराएंगे। कार्यक्रम में जिला कलक्टर डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी सहित अन्य उच्चाधिकारी भी भाग लेंगे। डॉ. डोगीवाल ने बताया कि सक्षम जयपुर अभियान का मुख्य उद्देश्य सभी प्रकार के कार्यस्थलों पर महिलाओं के लिए सुरक्षित और सम्मानजनक माहौल सुनिश्चित करना है।

## महिलाओं की सुरक्षा के लिए राजकॉप सिटीजन ऐप में 'नीड हेल्प' फीचरः पुलिस की नई पहल

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।।** संकटग्रस्त महिलाओं को त्वरित पुलिस सहायता उपलब्ध कराने के लिए राजस्थान पुलिस मुख्यालय ने राजकॉप सिटीजन ऐप में ÷नीड हेल्प÷ फीचर लॉन्च किया है। इस फीचर के माध्यम से महिलाएं आपातकालीन और गैर-आपातकालीन स्थितियों में तुरंत मदद प्राप्त कर सकती हैं।

### कैसे करेगा नीड हेल्प काम

फीचर के तहत, आपात स्थिति में महिला द्वारा मदद की रिक्वेस्ट करने पर सूचना सीधे 1090 कंट्रोल रूम (जयपुर) तक पहुंचती है। कंट्रोल रूम से नजदीकी पुलिस थाने या वाहन 112 को पीड़ित की लोकेशन पर भेजा जाता है। ऐप पर महिला को वाहन की लोकेशन ट्रैक करने की सुविधा भी दी गई है। मदद मिलने तक सारी जानकारी ऐप पर उपलब्ध रहती है। गैर-आपात स्थिति में, पीड़िता की समस्या सुनने के बाद संबंधित थाने को निर्देश दिए जाते हैं। यदि शिकायत दर्ज करानी हो, तो कंट्रोल रूम सीसीटीएनएस में इंद्राज कर उसे थाने तक पहुंचाता है।

### सुरक्षा सखी और जनसंपर्क अभियान

महिला सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए जिला और रेंज स्तर पर पुलिस मित्रों, सुरक्षा सखी और अन्य जनसंपर्क माध्यमों से इस ऐप का प्रचार किया जाएगा। अतिरिक्त महानिदेशक (सिविल राइट्स एवं एएचटी) मालिनी अग्रवाल ने सभी पुलिस अधीक्षकों और उपायुक्तों को निर्देश दिया है कि वे अधिक से अधिक लोगों को यह ऐप डाउनलोड करने के लिए प्रेरित करें।

### महिला सुरक्षा में बड़ा कदम

यह पहल महिलाओं को त्वरित और प्रभावी सहायता उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। ऐप की विशेषताएं महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने और पुलिस से सीधा जुड़ाव बढ़ाने में सहायक होंगी।

## आवासीय कॉलोनी के ऊपर से गुजर रही 11 हजार केवी बिजली की लाइन हटाने की मांग

जयपुर टाइम्स

**विराटनगर(नि.सं.)।** ।कस्बे के निकटवर्ती ग्राम पंचायत तेवड़ी में आवासीय कॉलोनी के ऊपर से गुजर रही 11 हजार केवी बिजली लाइन को शिफ्टिंग करवाने के लिए 2 साल पूर्व 94 हजार रुपए की राशि जमा करवाने के बाद भी लाइन शिफ्टिंग नहीं होने को लेकर तेवड़ी के धनराज शर्मा ने मुख्यमंत्री पोर्टल सहित प्रशासनिक अधिकारियों को शिकायत कर व्यवस्था की मांग की है। धनराज शर्मा ने बताया कि आवासीय कालोनी के ऊपर से गुजर रही 11 हजार केवी की बिजली लाइन के शिफ्टिंग चार्ज लगभग 2 वर्ष पूर्व 94 हजार रुपए जमा करवाने के बाद भी लाइन शिफ्ट नहीं की जा रही है। जिसको लेकर प्रशासनिक अधिकारियों सहित संपर्क पोर्टल पर शिकायत राहत देने की मांग की है, लेकिन अभी तक समस्या पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। बिजली निगम द्वारा संपर्क पोर्टल पर विवाद के कारण लाइन शिफ्ट नहीं होना बताकर इतिश्री की जा रही है। अधिकारियों से मिलकर कार्रवाई की मांग की।

# आरटीएस प्रशिक्षुओं को राजस्व मंत्री का संदेशः योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में निभाएं प्रभावी भूमिका

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।।** राजस्व मंत्री हेमंत मीणा ने कहा कि राजस्थान सरकार प्रदेश के हर वर्ग तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए संवेदनशीलता से कार्य कर रही है। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों से आग्रह किया कि वे लोक हितैषी निर्णयों और कार्यक्रमों को आमजन तक त्वरित और पारदर्शी ढंग से पहुंचाने में अपनी भूमिका प्रभावी तरीके से निभाएं। मीणा अजमेर स्थित आरआरटीआई सभागार में आरटीएस के 31वें बैच के आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षु अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अधिकारी संवेदनशीलता, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के साथ गरीबों और वंचित वर्ग की सेवा को प्राथमिकता दें। उन्होंने ई-फाइल सिस्टम को



प्रभावी बनाने और कृषक वर्ग की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। साथ ही, कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी बढ़ाने के लिए लोक जागरूकता अभियान चलाने की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम में राजस्व मंडल अध्यक्ष हेमंत कुमार गेरा ने प्रशिक्षुओं को बेहतरीन लोकसेवाएं प्रदान करने की शुभकामनाएं दीं। निबंधक महावीर प्रसाद ने प्रशिक्षण की बारीकियों का उपयोग कर योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने की बात कही। कार्यक्रम का संयोजन गिरिराज सिंह राणावत ने किया, और आरआरटीआई की कार्यवाहक निदेशक कोमल चौधरी ने आभार व्यक्त किया।

यह प्रशिक्षण कार्यक्रम अधिकारियों को लोकसेवाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने में सक्षम बनाएगा।

संपादकीय .....

## यूपी बीजेपी को मिलेगा ऐसा अध्यक्ष जो साधेगा सामाजिक समीकरण

उत्तर प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के नये अध्यक्ष की तलाश काफी तेजी से चल रही है। बीजेपी उत्तर प्रदेश में अपने संगठन के जरिए एक मजबूत सोशल इंजीनियरिंग बनाने की रणनीति पर काम कर रही है,जिसके चलते संभावना व्यक्त की जा रही है आलाकमान इस बार नये प्रदेश अध्यक्ष के पद पर किसी ऐसे नेता को बैठा सकता है जो दलित या महिला समाज से ताल्लुक रखता हो, इसके जरिये बीजेपी की सभी जातियों और वर्गों के बीच बैलेंस बनाने की है। गत दिवस 27 नवंबर को हुई बैठक में राष्ट्रीय सह चुनाव अधिकारी नरेश बंसल ने कहा कि संगठन में सभी जातियों और वर्गों को उचित स्थान दिया मिलेगा। बैठक में यह भी कहा गया कि महिलाओं और दलितों की सहभागिता बढ़ाने पर बीजेपी खास ध्यान देगी ताकि राजनीति में उन्हें उचित प्रतिनिधित्व मिल सके। बैठक में साफ तौर पर कहा गया है कि बीजेपी कोई परिवारवादी पार्टी नहीं, बल्कि परिवार भाव से चलने वाली पार्टी है. बीजेपी की दलित और महिलाओं को संगठन में जगह देकर भविष्य की राजनीति को साधने की स्ट्रैटेजी है। ऐसा लग रहा है कि उत्तर प्रदेश भारतीय जनता पार्टी को नए साल में प्रदेश अध्यक्ष मिल जाएगा। वहीं 16 से 30 दिसंबर के बीच जिलाध्यक्षों के चयन की प्रक्रिया भी पूरी कर ली जाएगी। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े की संगठनात्मक चुनाव में पर्यवेक्षक बनाया गया है। तावडे एक दिसंबर को चुनाव के संबंध में आयोजित बैठक में हिस्सा लेंगे।

इससे पहले 28 से 2 दिसंबर तक जिला स्तर पर कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी। चुनाव के लिए प्रत्येक तीन जिलों के लिए एक केंद्रीय पर्यवेक्षक बनेगा। वहीं 1 दिसंबर से 15 दिसंबर तक मंडल अध्यक्षों का चयन होगा। 6 दिसंबर को डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि बूथ स्तर पर मनाई जाएगी। वहीं 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनाई जाएगी। तत्पश्चात 27 दिसंबर को पार्टी बाल शहीद दिवस मनाएगी। बता दें बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी का कार्यकाल पूरा हो चुका है और उनकी जगह पर नए अध्यक्ष का चुनाव होना है। इससे पहले बीजेपी सभी बूथ कमेटी का गठन करने में लगी है, जिसके लिए 30 नवंबर की टाइम लाइन रखी गई है। यूपी में करीब 1.62 लाख से ज्यादा बूथों पर गठन होना है, जिसमें 35 फीसदी बूथों पर कमेटियां गठित हो चुकी हैं, जबकि बाकी बची बूथ कमेटियों का गठन 30 नवंबर तक पूरा कर लिया जाए। इसके बाद फिर एक से 15 दिसंबर के बीच मंडल अध्यक्ष और 16 से 30 दिसंबर तक जिला अध्यक्षों के चयन की प्रक्रिया चलेगी. इससे पहले जिला स्तर पर बीजेपी कार्यशालाएं आयोजित करेगी। उधर, बीजेपी ने संगठन में युवाओं को अहमियत देने के उम्र लिमिट तय कर दी है। प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल ने बताया कि मंडल अध्यक्ष की आयु 35 से 45 वर्ष के बीच और जिलाध्यक्ष की आयु 45 से 60 वर्ष के बीच होगी।

## जलवायु परिवर्तन के खतरों से बच्चों को बचाएं

हाल ही में प्रस्तुत हुई यूनिसेफ की रिपोर्ट 'द फ्यूचर ऑफ चिल्ड्रेन इन चेंजिंग वर्ल्ड' ने भारत में बच्चों के भविष्य को लेकर उत्पन्न चुनौतियों, त्रासद स्थितियों एवं भयावह भविष्य को उजागर किया है। इस रिपोर्ट में जिक्र किया गया है कि साल 2050 तक भारत में 35 करोड़ बच्चे जनसांख्यिकीय बदलावों, जलवायु संकट, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और तकनीकी बदलावों की चुनौतियों का सामना कर रहे होंगे। उस समय जन्म लेने वाले बच्चों को जन्म के बाद जीवन में जलवायु परिवर्तन के संकटों से जुझना होगा, भीषण लू, गरमी, बाढ़, तूफान, चक्रावात और अनेक जलवायु जनित बीमारियों से सामना करना होगा। वायु प्रदूषण की विभीषिका, गहराते जल संकट, सिमटते प्राकृतिक संसाधन, जलवायु परिवर्तन व रोजगार की विसंगतियों के बीच आने वाली पीढ़ी के बच्चों का जीवन निस्संदेह संघर्षपूर्ण, चुनौतीपूर्ण एवं संकटपूर्ण होगा। वर्ष 2021 में बच्चों के जलवायु जोखिम सूचकांक में भारत कुल 163 देशों की सूची में 26वें स्थान पर था। ऐसे में भारत में बच्चों को अधिक गर्मी, बाढ़ और वायु प्रदूषण से गंभीर जोखिम का सामना करना पड़ता है। खासकर ग्रामीण और कम आय वाले समुदायों में यह संख्या ज्यादा है। लेकिन रिपोर्ट बताती है कि 2050 में बच्चों को 2000 के दशक की तुलना में लगभग आठ गुना ज्यादा गर्मी झेलनी पड़ सकती है। जाहिर है, जलवायु संकट बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा, चिकित्सा तथा पानी जैसे आवश्यक संसाधनों तक उनकी पहुंच पर प्रतिकूल असर डाल सकता है। चिंता की बात यह है कि इन तमाम विसंगतियों, विषमताओं व नेतृत्व की अदूरदर्शिता के बीच बच्चों के भविष्य पर मंडरा रहे खतरों के लिये संवेदनशीलता के साथ सावधान एवं सतर्क होने एवं उचित-प्रभावी कार्ययोजना बनाने की जरूरत है।



इसी तरह, गहरे डिजिटल विभाजन के बीच एआई यानी कृत्रिम बुद्धिमत्ता बच्चों के लिए अच्छी और बुरी, दोनों हो सकती है। एक ताजा आंकड़ा बताता है कि उच्च आय वाले देशों में 95 फीसदी आबादी इंटरनेट से जुड़ी है, तो निम्न आय वाले देशों में सिर्फ 26 प्रतिशत लोगों की इंटरनेट तक पहुंच है। भारत में वर्तमान में इंटरनेट की व्यापकता ने बच्चों के जीवन में अनेक संकट खड़े किये हैं। यूनिसेफ ने इस डिजिटल डिवाइड को पाटने और बच्चों तक नयी प्रौद्योगिकियों की सुरक्षित एवं समान पहुंच सुनिश्चित करने के लिए समावेशी प्रौद्योगिकी पहल की वकालत की है। बच्चे चूंकि हमारा भविष्य हैं, इसलिए बच्चों और उनके अधिकारों को सरकारी नीतियों-रणनीतियों के केंद्र में रखना समृद्ध और टिकाऊ भविष्य के निर्माण एवं संतुलित-आदर्श समाज-व्यवस्था के लिए आवश्यक है। अक्सर यह सवाल विमर्श में होता है कि धरती के प्रति गैर-जिम्मेदार व्यवहार के चलते हम कैसा देश आने वाली पीढ़ियों के लिये छोड़कर जाएंगे। आने वाले पच्चीस वर्षों में बच्चों पर लू का 8 गुणा, बाढ़ का 3 गुणा एवं जंगली आग का दोगुणा खतरा होगा। यही वजह है कि संयुक्त राष्ट्र बाल कोष यानी यूनिसेफ ने बच्चों के भविष्य की तस्वीर उकेरते हुए विभिन्न चुनौतियों के मुकाबले के अनुरूप नीति निर्माण की जरूरत बतायी है। यूनिसेफ ने सदी के पांचवें दशक तक की तीन महत्वपूर्ण वैश्विक प्रवृत्तियों का खाका खींचा है। ये घटक नौनिहालों के भविष्य के जीवन को नया स्वरूप देने में अहम भूमिका निभाएंगे।

वर्ष 2050 तक देश की आधी आबादी के शहरी क्षेत्रों में रहने का अनुमान है। दरअसल, मौजूदा दौर में जिस तेजी से गांवों से शहरों की ओर पलायन बढ़ रहा है, जाहिर है ऐसी स्थिति में पहले से आबादी के बोझ तले दबी नागरिक सेवाएं चरमरा जाएंगी। ऐसे में सत्ताधीशों के लिये जरूरी होगा कि जलवायु परिवर्तन के संकट के बीच बच्चों के अनुरूप शहरी नियोजन को अपनी प्राथमिकता बनाएं और बच्चों के अनुकूल और जलवायु परिवर्तन के लिहाज से जुझारु, सुरक्षित एवं निरापद शहरी नियोजन के लिये शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल और टिकाऊ शहरी ढांचे में निवेश को प्राथमिकता दी जाये। शहर बेहतर जीवन के लिए बेहतरीन अवसर और उम्मीद दे सकते हैं। वे वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद का 80 प्रतिशत से अधिक उत्पन्न करते हैं और उन्हें तेजी से विकास हासिल करने के लिए इंजन माना जाता है। वे विकास और नवाचार, विविधता और कनेक्टिविटी के दुनिया के सबसे मजबूत स्रोतों में से हैं और संभावित रूप से बच्चों को जीने, सीखने और आगे बढ़ने के लिए बेहतरीन अवसर प्रदान कर सकते हैं।

बढ़ता शहरीकरण बड़ी असमानताओं को भी जन्म दे सकते हैं। आज शहरी क्षेत्रों में रहने वाले 4 बिलियन लोगों में से लगभग एक तिहाई बच्चे हैं। यह अनुमान है कि 2050 तक, दुनिया के लगभग 70 प्रतिशत बच्चे शहरी क्षेत्रों में रहेंगे, जिनमें से कई झुग्गी-झोपड़ियों में रहेंगे। इसलिये शहर स्कूलों और अस्पतालों जैसी बुनियादी सेवाओं तक बेहतर पहुंच प्रदान कर सकते हैं, भीड़भाड़ और उच्च प्रवेश लागत के कारण सबसे गरीब शहरी बच्चे उन तक पहुंचने में असमर्थ हो सकते हैं। अन्य चुनौतियाँ जो शहरी गरीबों को प्रभावित करती हैं, विशेष रूप से झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वालों को, उनमें भीड़भाड़ और अपर्याप्त सफाई व्यवस्थाएं शामिल हैं-जो बीमारियों के फैलने में सहायक होती हैं-किफायती और सुरक्षित आवास की कमी, परिवहन की खराब पहुंच और बाहरी वायु प्रदूषण में वृद्धि आदि हैं। उल्लेखनीय है कि उस समय देश जनसांख्यिकी बदलावों की चुनौती से जूझ रहा होगा। आकलन किया जा रहा है कि इस बदलाव के चलते ही वर्तमान की तुलना में बच्चों की संख्या में करीब दस करोड़ की कमी आएगी। वर्तमान में पूरी दुनिया में एक अरब बच्चे उच्च जोखिम वाले जलवायु खतरों का मुकाबला कर रहे हैं, तो अगर सरकारें अभी से नहीं चेती तो 2050 की स्थिति का सहज आकलन किया जा सकता है। मासूम चेहरों एवं चमकती आंखों का नया बचपन भारत के भाल पर उजागर एवं कायम करने के लिये सरकारों को गंभीर होना होगा।

बच्चे के जीवन के प्रारंभिक वर्षों के दौरान आधुनिक मानवतावाद और पूंजीवाद से प्रभावित होकर प्रदर्शन पर अधिक ध्यान दिया जा रहा है। इससे परिवारों और बाल देखभाल प्रदाताओं पर अनावश्यक दबाव पड़ता है। वर्तमान में मौजूद रहने के बजाय, लोग भविष्य के बारे में सोचने में अधिक से अधिक समय व्यतीत कर रहे हैं। और ज्यादातर मामलों में वे इस बारे में नहीं सोच रहे हैं कि व्यापक अर्थों में सफल जीवन कैसा हो सकता है, बल्कि इसके बजाय वे स्कूल और कार्यस्थल में सफलता के बारे में सोच रहे हैं।

यह कुछ कौशलों पर बहुत अधिक जोर देता है, जबकि अन्य-जैसे रचनात्मकता, सामाजिक क्षमता, जीवनमूल्य और उत्साह-को कम महत्वपूर्ण माना जाता है क्योंकि वे अधिक उन्नत शैक्षणिक ट्रैक या अधिक प्रतिष्ठित करियर में चयन के लिए प्रासंगिक नहीं हैं। इसका परिणाम यह होता है कि बच्चों में कई प्रतिभाएँ अविकसित रह जाती हैं। अगर समाज को भविष्य की चुनौतियों का सामना करना है-चाहे वह भविष्य आखिरकार कैसा भी क्यों न हो, तो भविष्य के खतरों की आहट को सुनते हुए जागरूक होना होगा। साफ है, नीति के स्तर पर प्रदूषण एवं बदलते मौसम की मार के लिये काम करना होगा। कम से कम भविष्य या बच्चों के लिये तो ऐसा किया ही जाना चाहिए।

निश्चित ही यूनिसेफ की हालिया रिपोर्ट बच्चों के भविष्य की चिंताओं पर मंथन करने तथा उसके अनुरूप नीति-नियंताओं से नीतियां बनाने का सबल आग्रह करती है। तेजी से डिजिटल होती दुनिया में डिजिटल विभाजन भी एक बड़ी चुनौती होगी। तब तक कृत्रिम बुद्धिमत्ता का प्रयोग चरम पर होगा। जाहिर है कृत्रिम बुद्धिमत्ता जहां तरक्की का मुख्य साधन होगी, वहीं इसकी विसंगतियों का प्रभाव रोजगार के अवसरों एवं सामाजिक-पारिवारिक संरचना पर भी पड़ेगा। जहां दुनिया के विकसित देशों में अधिकांश आबादी इंटरनेट से जुड़ने के कारण प्रगति की राह में सरपट दौड़ रही है, तो गरीब मुल्कों में यह प्रतिशत विकसित देशों के मुकाबले करीब एक चौथाई ही है।

समसामयिक

## आलोचना पर दमनात्मक रवैया लोकतंत्र के लिए खतरा

सत्तारुढ़ राजनीतिक दलों के नेताओं को आलोचना जरा भी बर्दाश्त नहीं है। मीडिया और सोशल मीडिया पर यदि सत्तारुढ़ दलों के नेताओं के खिलाफ कुछ लिखा या बोला जाता है तो उन पर सरकारें दमनात्मक कार्रवाई करने पर उतारू हो जाती हैं। राजनीतिक दल चाहे राष्ट्रीय हो या क्षेत्रीय, किसी को आलोचना बर्दाश्त नहीं है। उनका निशाना विपक्ष और मीडिया रहता है। सत्तारुढ़ दलों को आलोचना तभी तक सुहाती है जब वह विपक्षी दलों की हो। ऐसे में सच्चाई पर पर्दा डालने के लिए राजनीतिक दलों के नेता सरकारी मशीनरी का इस्तेमाल करने में कसर बाकी नहीं रखते। एक फिल्म साबरमती रिपोर्ट को लेकर भाजपा और केंद्र सरकार के मंत्री गदगद नजर आ रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ बीबीसी ने जब गोधराकांड के बाद गुजरात में हुए दंगों को लेकर एक डॉक्यूमेंट्री बनाई तो न सिर्फ उस प्रतिबंध कर दिया गया, बल्कि आयकर विभाग ने बीबीसी पर छापे की कार्रवाई की। विक्रांत मैसी की द साबरमती रिपोर्ट को हरियाणा, छत्तीसगढ़ के साथ ही अब मध्य प्रदेश में भी टैक्स फ्री कर दिया गया है। इन तीनों राज्यों में भाजपा की सरकारें हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह की तारीफ के बाद राजनीतिक महकमों में भी इसकी चर्चा बढ़ गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा फिल्म को देखने के बाद इसकी सराहना की गई। विक्रांत मैसी की फिल्म द साबरमती रिपोर्ट की केंद्रीय भूमिका वाली यह फिल्म 27 फरवरी, 2002 के गोधरा ट्रेन अग्निकांड पर आधारित है। गोधरा स्टेशन के पास खड़ी साबरमती एक्सप्रेस की बोगी नंबर एस6 में आग लगा दी गई थी। अयोध्या से लौट रहे 59 हिंदू कारसेवक जिंदा जल गए थे। मरने वालों में 27 महिलाएं और 10 बच्चे भी शामिल थे। उसके बाद पूरे गुजरात में जो दंगा भड़का, वह आजाद भारत के सबसे भयावह दंगों में से एक था। मोदी उस समय गुजरात के मुख्यमंत्री थे। अब द साबरमती रिपोर्ट के जरिए बड़े पर्दे पर गोधरा कांड का खौफनाक मंजर दिखा है। पीएम मोदी के अलावा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह समेत तमाम मंत्रियों और बीजेपी नेताओं ने द साबरमती रिपोर्ट की प्रशंसा की है। गोधरा में ट्रेन जलाए जाने की भयानक घटना का परिणाम पूरे राज्य में हिंसक दंगों की शक्ल में सामने आया। पूरा गुजरात जल उठा था। केंद्र सरकार ने 2005 में राज्यसभा को बताया था कि दंगों में 254 हिंदुओं और 790 मुसलमानों की जान गई थी। कुल 223 लोग लापता बताए गए थे।



हजारों लोग बेघर भी हो गए थे। तत्कालीन मोदी सरकार ने एक जांच आयोग का गठन किया था। उस आयोग में जस्टिस जी टी नानावटी और जस्टिस के जी शाह शामिल थे। आयोग ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि मारे गए 59 लोगों में से अधिकतर कारसेवक थे। कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार ने जस्टिस यूसी बनर्जी की अध्यक्षता में एक अलग जांच आयोग का गठन किया। इस आयोग ने मार्च 2006 में सौंपी अपनी रिपोर्ट में इस घटना को एक दुर्घटना बताया। सुप्रीम कोर्ट ने रिपोर्ट को असंवैधानिक और अमान्य करार देते हुए खारिज कर दिया। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने एक विशेष जांच दल का गठन किया। गोधरा कांड और उसके बाद भड़के दंगों ने भारत की राजनीति को हमेशा-हमेशा के लिए बदल दिया। इस मामले में अदालती कार्रवाई जून 2009 से, घटना के आठ साल बाद शुरू हुई। स्पेशल एसआईटी कोर्ट ने 1 मार्च, 2011 को 31 लोगों को दोषी ठहराया, जिनमें से 11 को मौत की सजा और 20 को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। अदालत ने इस मामले में 63 लोगों को बरी भी किया। एसआईटी कोर्ट ने उन आरोपों से सहमति जताई कि यह अनियोजित भीड़ द्वारा की गई घटना नहीं थी, बल्कि इसमें साजिश शामिल थी। 31 दोषियों को भारतीय दंड संहिता की आपराधिक साजिश, हत्या और हत्या के प्रयास से संबंधित धाराओं के तहत दोषी ठहराया गया था। गुजरात सरकार ने बाद में आरोपियों को बरी किए जाने पर सवाल उठाए। जिन्हें दोषी ठहराया गया, उन्होंने भी गुजरात हाई कोर्ट में अपील की। हाई कोर्ट ने मामले में कुल 31 दोषियों को दोषी ठहराया था और 11 दोषियों की मौत की सजा को आजीवन कारावास में बदल दिया था। अब मामला सुप्रीम कोर्ट के सामने है। गुजरात सरकार ने 11 दोषियों की मौत की सजा को आजीवन कारावास में बदलने के खिलाफ अपील की है, कई दोषियों ने मामले में उनकी दोषसिद्धि को बरकरार रखने के उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती दी। केंद्र सरकार और भाजपा जहां गोधराकांड पर बनी फिल्म को सच सामने लाने वाला बताते हुए तारीफ कर रही हैं, वहीं वर्ष 2023 में गुजरात दंगों पर बीबीसी के बनाए वृत्त चित्र को न सिर्फ प्रतिबंधित कर दिया गया था, बल्कि आयकर विभाग ने बीबीसी के परिसरों में छापे की कार्रवाई की थी। बीबीसी डॉक्यूमेंट्री इंडिया द मोदी क्वेश्चन दो भागों वाली एक श्रृंखला थी। यह जनवरी में यूके में प्रसारित हुई थी। इसमें बताया गया कि 2014 में मोदी के निर्वाचित होने के बाद से, उनकी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार ने हिंदू-केंद्रित नीतियों को अपनाया है, जिन पर दक्षिणपंथी धार्मिक राष्ट्रवादी एजेंडे के तहत भारत के 200 मिलियन मुसलमानों को निशाना बनाने और उनके साथ भेदभाव करने का आरोप लगाया गया है, जो भारत को इसकी धर्मनिरपेक्ष नींव से दूर ले जा रहा है। मोदी सरकार की ओर से इस मामले में त्वरित और स्पष्ट प्रतिक्रिया आई। विदेश मंत्रालय की साप्ताहिक प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रवक्ता ने कहा कि इस डॉक्यूमेंट्री में पूर्वाग्रह और निष्पक्षता की कमी तथा औपनिवेशिक मानसिकता स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है। बीबीसी पर सरकार विरोधी एजेंडा चलाने का आरोप लगाया गया। इसके बाद आयकर विभाग के एक दर्जन से ज़्यादा अधिकारियों ने बीबीसी के मुंबई और नई दिल्ली स्थित दफ़्तरों पर छापा मारा। इसे उन्होंने सर्वेक्षण बताया। कर चोरी की जांच के तहत फ़ोन और लैपटॉप जब्त कर लिए गए और दफ़्तरों को सील कर दिया।

सत्तारुढ़ राजनीतिक दलों के नेताओं को आलोचना जरा भी बर्दाश्त नहीं है। मीडिया और सोशल मीडिया पर यदि सत्तारुढ़ दलों के नेताओं के खिलाफ कुछ लिखा या बोला जाता है तो उन पर सरकारें दमनात्मक कार्रवाई करने पर उतारू हो जाती हैं। राजनीतिक दल चाहे राष्ट्रीय हो या क्षेत्रीय, किसी को आलोचना बर्दाश्त नहीं है। उनका निशाना विपक्ष और मीडिया रहता है। सत्तारुढ़ दलों को आलोचना तभी तक सुहाती है जब वह विपक्षी दलों की हो। ऐसे में सच्चाई पर पर्दा डालने के लिए राजनीतिक दलों के नेता सरकारी मशीनरी का इस्तेमाल करने में कसर बाकी नहीं रखते।

## संदीप उन्नीकृष्णन की बहादुरी के आगे दुश्मनों ने टेक दिए थे घुटने, 26/11 आतंकी हमले में हुए थे शहीद



आज हम आपको एक ऐसी शख्सियत के बारे में बताने जा रहे हैं, जिन्होंने अपना जीवन देश को समर्पित कर दिया। वह अपनी मां-बाप की इकलौती संतान थे, लेकिन इसके बाद भी वह देश सेवा से कभी पीछे नहीं हटे।

आज भी लोग उनकी बहादुरी को याद कर मिसाल देते हैं। बता दें कि हम बात कर रहे हैं शहीद मेजर संदीप उन्नीकृष्णन की। आज ही के दिन यानी की 28 नवंबर को मेजर संदीप उन्नीकृष्णन की मृत्यु हो गई थी। मुंबई में हुए 26/11 आतंकी हमलों में मेजर उन्नीकृष्णन शहीद हो गए थे। तो आइए जानते हैं उनकी डेथ एनिवर्सरी के मौके पर मेजर संदीप उन्नीकृष्णन के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में....

### जन्म और शिक्षा

केरल के कोझीकोड में 15 मार्च 1977 को संदीप उन्नीकृष्णन का जन्म हुआ था। संदीप बचपन से ही आर्मी ऑफिसर पर देश की सेवा करना चाहते थे। संदीप स्कूल में भी हमेशा मिलिट्री कट हेयरस्टाइल रखते थे। उनके पिता इसरो से सेवानिवृत्त अधिकारी थे और मां हाउसवाइफ थीं। संदीप उन्नीकृष्णन ने बेंगलुरु के फ्रैंक एंथोनी पब्लिक स्कूल से अपनी स्कूली शिक्षा पूरी की थी। आर्मी ज्वॉइन करने का सपना पूरा करने के लिए साल 1995 में पुणे स्थित राष्ट्रीय रक्षा अकादमी एडमिशन लिया।

### ऑपरेशन ब्लैक टॉरनेडो

वह एनडीए के ऑस्कर स्क्वाड्रन में शामिल हुए और अपना 94वां कोर्स पासकर बिहार कमीशन प्राप्त किया। इसके बाद आतंकवादियों को खत्म करने और बंधक संकट को खत्म करने के लिए 51 स्पेशल एक्शन ग्रुप ने ऑपरेशन ब्लैक टॉरनेडो लॉन्च किया। यह एसएसजी एनएसजी का हिस्सा है। इस ऑपरेशन में 10 कमाडों की टीम के नेतृत्व का जिम्मा मेजर उन्नीकृष्णन ने उठाया था। मेजर उन्नीकृष्णन को ऑपरेशन टॉरनेडो में अदम्य साहस के लिए अशोक चक्र से सम्मानित किया गया था।

### कारगिल युद्ध

मेजर उन्नीकृष्णन को कारगिल युद्ध में भेजा गया। इस दौरान उनको अग्रिम चौकियों पर तैनात किया गया। यहां पर दुश्मन सेना भारी तोपें बरसा रही थी। पाक सैनिक लगातार छोटे हथियारों से भारतीय सेना पर हमला कर रहे थे। इसके बाद 31 दिसंबर 1999 को मेजर संदीप ने 6 सैनिकों की टीम के साथ एलओसी के पार 200 मीटर की दूरी पर एक पोस्ट पर दुश्मन सेना को हटाकर दोबारा कब्जा कर लिया, जिस पर पाकिस्तानी सैनिकों ने जबरन कब्जा कर रखा था।

### मुंबई का आतंकी हमला 26/11

जब 26 नवंबर 2008 को मुंबई में आतंकी हमला हुआ था, तो 28 नवंबर को मेजर संदीप उन्नीकृष्णन के नेतृत्व में बहादुर कमांडो ताज होटल में दाखिल हुए। आतंकियों ने ताज होटल के तीसरी मंजिल पर कुछ महिलाओं को बंधक बनाया हुआ था और कमरा अंदर से बंद कर रखा था।

जब मेजर उन्नीकृष्णन अपने साथी कमांडो सुनील यादव के साथ दरवाजा तोड़कर अंदर घुस रहे थे, तभी आंतकी की गोली कमांडो सुनील यादव को लग गई। इस दौरान मेजर संदीप ने आतंकियों को गोलीबारी में उलझा दिया और साथी कमांडो को बाहर निकाल लाए।

### मृत्यु

इस मुठभेड़ के बाद जब मेजर उन्नीकृष्णन होटल की दूसरी मंजिल पर पहुंचे, तो आतंकियों ने उनकी पीठ पर गोली मार दी। बता दें कि आतंकियों ने होटल में रखे सोफे और मूर्ति के पीछे से संदीप उन्नीकृष्णन पर गोली बारी शुरूकर दी और 28 नवंबर 2008 को मेजर संदीप उन्नीकृष्णन आतंकियों के साथ हुई मुठभेड़ में शहीद हो गए। जब उनका पार्थिव शरीर बेंगलुरु लाया गया, तो हजारों की तादात में लोग उनको श्रद्धांजलि देने के लिए घरों से निकल पड़े थे।



## सामंथा से वरुण धवन ने पूछा मजेदार सवाल, जवाब में अभिनेत्री ने पूर्व पति का किया जिक्र

सामंथा रुथ प्रभु इन दिनों अपनी हालिया रिलीज वेब सीरीज सिटाडेल- हनी बनी की सफलता का आनंद ले रहीं हैं। शो में उनके और वरुण धवन की जोड़ी को फैंस ने काफी ज्यादा पसंद किया है। इस शो के अलावा अभिनेत्री अपने एक हालिया बयान की वजह से भी काफी चर्चा बटोर रही हैं। दरअसल हाल में ही अमेजन प्राइम वीडियो ने फैंस के साथ वरुण और सामंथा के बीच हुई मजेदार बातचीत का वीडियो साझा किया है, जिसमें अभिनेता ने उनसे पूछा कि उन्होंने सबसे ज्यादा पैसे किस बेकार चीज पर खर्च हैं। इसका अभिनेत्री ने जवाब देते हुए कहा, पूर्व प्रेमी को दिए उपहारों पर।

### पूर्व प्रेमी पर किए खर्चे को बेकार मानती हैं सामंथा

प्राइम वीडियो द्वारा साझा की गई बातचीत के दौरान, वरुण ने सामंथा से मजाकिया अंदाज में पूछा, आपने क्या किसी बेकार चीज पर सबसे ज्यादा पैसे खर्च किए हैं? सामंथा ने बिना कोई पल गंवाए चुटकी लेते हुए कहा, मेरे पूर्व प्रेमी के महंगे उपहार। इस पर वरुण थोड़े हैरान नजर आए। उन्होंने आगे पूछा, वो अमाउंट कितना है? इस पर सामंथा ने शांत भाव से जवाब दिया, काफी। अभिनेत्री का यह जवाब काफी ज्यादा वायरल हो रहा है।

### सामंथा ने तलाक पर बनाए रखी है चुप्पी

जाहिर है कि सामंथा और नागा चैतन्या के तलाक की खबरों ने काफी ज्यादा सुर्खियां बटोरीं हैं। ऐसे में अभिनेत्री के इस स्पष्ट जवाब के बाद से सोशल मीडिया पर लोगों ने भी कई तरह की प्रतिक्रियाएं दीं हैं। हालांकि, नागा चैतन्य के साथ अपने पिछले रिश्ते के बारे में अभिनेत्री ने हमेशा से एक गरिमापूर्ण चुप्पी बनाए रखी है, लेकिन उनके इस बयान के बाद कई फैंस नागा चैतन्या की प्रतिक्रिया का इंतजार कर रहे हैं।

### प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो रही है सिटाडेल

बात करें सामंथा रुथ प्रभु की हालिया रिलीज सीरीज सिटाडेल हनी बनी की, तो राज और डीके की जोड़ी द्वारा बनाई गई एक्शन से भरपूर यह सीरीज दर्शकों को पसंद आई है। ये सीरीज अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो रही है। ये सीरीज रूसो ब्रदर्स की सिटाडेल के यूनिवर्स का हिस्सा है, जिसमें रिचर्ड मैडेन और प्रियंका चोपड़ा जोनास ने अभिनय किया है। इसमें वरुण, सामंथा और साकिब के अलावा केके मेनन, सिमरन, साकिब सलीम, सिकंदर खेर, सोहम मजूमदार, शिवांकित परिहार भी नजर आए हैं।



## सोशल मीडिया पर मिलती नकारात्मक आलोचनाओं पर छलका अनन्या का दर्द

अनन्या पांडे बॉलीवुड की उन अभिनेत्रियों में शामिल हैं, जिन्होंने भले ही बहुत कम फिल्में की हैं, लेकिन लगातार चर्चा में बनी रहती हैं। हाल में ही अभिनेत्री ने बॉलीवुड में अपने शुरुआती दिनों के संघर्षों को लेकर बात की है। इनमें सोशल मीडिया की अफवाहें और उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों पर संदेह आदि चीजें शामिल हैं। बरखा दत्त की मोजो स्टोरी पर बात करते हुए, उन्होंने बताया कि कैसे ऑनलाइन आलोचना ने उनके आत्मविश्वास को प्रभावित किया। इस बातचीत में अनन्या ने आगे कहा कि वह एक अभिनेत्री हैं, इसलिए उन्हें सोशल मीडिया पर मौजूदगी रखनी ही पड़ती है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर की जाने वाली इन आलोचनाओं का नकारात्मक प्रभाव, तब समझ आया जब उनकी छोटी बहन रायसा ने उनसे खुद को इंस्टाग्राम पर टैग न किए जाने के लिए कहा। अभिनेत्री ने कहा, मैंने अपनी छोटी बहन रायसा पर भी इसका असर देखा। वह एक अभिनेत्री नहीं हैं और न ही अभिनेत्री बनने की उनकी कोई योजना है, लेकिन हर बार जब हम उनकी कोई तस्वीर पोस्ट करते हैं, तो वह कहती हैं कि उन्हें टैग न करें, क्योंकि लोग उन्हें फॉलो करते हैं और बुरी बातें कहते हैं।

### स्कूल में भी सुनने को मिली नकारात्मक आलोचना

अनन्या पांडे ने कहा, जब मैं स्कूल में थी, तब सोशल मीडिया अभी-अभी शुरू हुआ था। मुझे हर तरह की बातें कही जाती थीं, जैसे कुबड़ा, फ्लैट स्क्रीन, चिकन लेग्स। वह स्कूल में था, तब हम अपनी सीमित दायरे में थे। अब, सोशल मीडिया की वजह से, सबसे छोटी आवाज को भी बढ़ावा जा सकता है। इसने मेरे आत्मविश्वास को प्रभावित किया और आज भी करता है। खुद से प्रेम करना एक यात्रा है, मंजिल नहीं।

### अनन्या की शिक्षा को लेकर झूठ बोलने का किया फर्जी दावा

अभिनेत्री ने आगे कहा कि इंडस्ट्री में उन्हें अपने पहले साल के दौरान झूठी अफवाहों का सामना करना पड़ा था। उन्होंने कहा कि किसी ने उन्हें स्कूल से जानने का दावा करते हुए एक फर्जी इंस्टाग्राम अकाउंट बनाया और उन पर उनकी शिक्षा के बारे में झूठ बोलने का आरोप लगाया। अभिनेत्री ने कहा, जब मैंने अभी-अभी शुरुआत की थी, अपने पहले साल में, किसी ने इंस्टाग्राम पर एक फर्जी अकाउंट बनाया और उन्होंने लिखना शुरू कर दिया कि वे मेरे साथ स्कूल में थे और मैं ऐसी-वैसी थी, मैंने अपनी शिक्षा के बारे में झूठ बोला था। पहले तो मुझे लगा कि कोई भी इस पर विश्वास नहीं करेगा, लेकिन लोगों ने इस पर विश्वास किया। इससे मुझे काफी परेशानी हुई।

### अनन्या पांडे का वर्क फ्रंट

बताते चलें कि अनन्या पांडे हाल में ही कंट्रोल और कॉल मी बे वेब सीरीज में नजर आई हैं। इनके बाद अब वह अक्षय कुमार और आर माधवन के साथ एक अनाम फिल्म में भी अभिनय करने वाली हैं। इसके अलावा, उनके पास भविष्य के लिए चांद मेरा दिल और कॉल मी बे सीजन 2 भी है।



## शोभिता धुलिपाला संग नया सफर शुरू करने के लिए एक्साइटेड हैं नागा चैतन्य

सामंथा रुथ प्रभु से अलग होने के तीन साल बाद नागा चैतन्य अपने जीवन का एक नया अध्याय शुरू करने जा रहे हैं। वह शोभिता धुलिपाला के साथ शादी करने जा रहे हैं। उन्होंने इंटरव्यू में कहा कि वह अपने लाइफ के नए पड़ाव की शुरुआत करने के लिए एक्साइटेड हैं। नागा चैतन्य ने अपने बर्थडे के बारे में कहा, मुझे अपना जन्मदिन मनाना पसंद है, लेकिन इसे सादगी से मनाना और अपने करीबी दोस्तों और परिवार के साथ बिताना, अपनी पसंदीदा चीजें करना। मेरा मतलब है कि कुछ समय के लिए खुद को अलग करना, अपने कम्फर्ट जोन में रहना और अपने दिमाग को रिचार्ज करना। इस बार भी मैं यही कर रहा हूं और गोवा में अपने करीबी दोस्तों और परिवार के साथ समय बिता रहा हूं।

### शोभिता की नागा चैतन्य के जन्मदिन पर प्लानिंग?

नागा चैतन्य से जब पूछा गया कि उनके बर्थडे के लिए शोभिता धुलिपाला ने क्या प्लानिंग की है तो वह बोले, वह सारी प्लानिंग मुझ पर छोड़ देती है। जब तक वह मरे साथ है। मेरे लिए यही काफी है। 4 दिसंबर को कपल शादी करने जा रहे हैं। इस बारे में भी एक्टर ने बात की। कहा कि उन्हें शादी को लेकर कोई घबराहट नहीं है। लह बहुत एक्साइटेड हैं। पेट में तितलियां उड़ रही हैं।

### नागा चैतन्य और शोभिता की शादी कहां होगी?

एक्टर ने बताया, शादी हैदराबाद के अन्नपूर्णा स्टूडियो में होगी। जिसके साथ एक बहुत ही खास भावना जुड़ी है। मेरे दादाजी की प्रतिमा है और उसके सामने शादी करने और उनका आशीर्वाद लेने का फैसला परिवार ने लिया था। हमारे परिवार एक साथ आकर इस जश्न को सेलिब्रेट करने के लिए एक्साइटेड हैं। एक्टर इन दिनों अपनी अगली मूवी थंडेल की शूटिंग में भी व्यस्त हैं। फिल्म और शादी साथ हैंडल करेंगे नागा चैतन्य उनसे जब पूछा गया कि वह कैसे दोनों चीजें हैंडल करेंगे तो वह बोले, थंडेल लगभग पूरी हो चुकी है। हमारे पास शूटिंग के लिए सात दिन से भी कम समय बचा है और वो भी इस महीने पूरा हो जाएगा। शादी अगली महीने है और दिसंबर से पहले हफ्ते में सेलिब्रेशन शुरू हो जाएगा। कुछ फैमिली कमिटमेंट्स भी होंगी। उसके बाद फिर मैं फिल्म पर लग जाऊंगा। डबिंग और प्रमोशन का काम सम्भालूंगा। इसलिए भरोसा है कि सब आसानी से बैलेंस हो जाएगा।

### शोभिता धुलिपाला के बारे में बोले नागा चैतन्य

अपनी पर्सनल लाइफ के बारे में चैतन्य ने आगे कहा, मैं शोभिता के साथ अपनी नया सफर शुरू करने और साथ मे लाइफ को सेलिब्रेट करने के लिए एक्साइटेड हूं। मैं उसके साथ बहुत ही गहराई से जुड़ता हूं। वह मुझे खूबसूरती से समझती है। और मेरे अंदर की कमी को पूरा करती है। आगे का सफर बहुत ही शानदार होने वाला है।

## तेलुगु फिल्म आकाशम दाति वास्तव से डेब्यू के लिए तैयार धनश्री वर्मा

डेंटिस्ट, सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर और डांस कोरियोग्राफर धनश्री वर्मा जल्द ही तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखने जा रही हैं। रिपोर्ट के अनुसार, धनश्री दिल राजू के बैनर तले निर्मित आकाशम दाति वास्तव नाम के तेलुगु फिल्म से अपनी शुरुआत करेंगी। इस प्रोजेक्ट में कोरियोग्राफर यश मुख्य भूमिका में होंगे। जानकारी तो यह भी है कि इस फिल्म में प्रसिद्ध मलयालम अभिनेत्री कार्तिका मुरलीधरन भी अभिनय करेंगी, जो सबा नयागन और सीआईए में अपने अभिनय से प्रसिद्ध हुईं। धनश्री के डेब्यू की बात करें तो कथित तौर पर वह फिल्म में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। हालांकि, इस नवीनतम चर्चा पर अधिक विवरण और आधिकारिक घोषणा का इंतजार है। रिपोर्ट के अनुसार, यह एक डांस बेस्ड फिल्म है और एक कोरियोग्राफर होने के नाते निर्माताओं को धनश्री इस फिल्म के लिए परफेक्ट लगी हैं।

### आकाशम दाति वास्तव की शूटिंग जारी

हालांकि, निर्माताओं ने इस भूमिका के लिए धनश्री को चुनने से पहले कई अभिनेत्रियों के ऑडिशन लिए। रिपोर्ट के अनुसार, धनश्री फिल्म में अपनी भूमिका की गहराई और पूरी कहानी पर विचार करने के बाद ही फिल्म में शामिल होने के लिए सहमत हुईं। सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर ने पहले ही फिल्म के कुछ सीन मुंबई में ही शूट कर लिए हैं। इसका बाकी हिस्सा हैदराबाद में पूरा होने की संभावना है। धनश्री और कार्तिका मुरलीधरन के अलावा आकाशम दाति वास्तव ससी कुमार मुथुलुरी के निर्देशन की पहली फिल्म भी है। उल्लेखनीय गायक कार्तिक ने फिल्म का बैकग्राउंड स्कोर तैयार किया है। खैर, एक सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और प्रतिभाशाली कोरियोग्राफर के रूप में अपनी उपस्थिति के कारण धनश्री पहले ही दर्शकों के बीच अपनी पहचान बना चुकी हैं। जाहिर है, वह बचपन से ही एक प्रशिक्षित शास्त्रीय भरतनाट्यम डांसर भी रही हैं। धनश्री 2020 में युजवेंद्र चहल के साथ शादी के बंधन में बंधी। यह जोड़ी पहले अलग होने की अफवाहों से सुर्खियों में आई थी। हालांकि, वे केवल निराधार अनुमान थे।





## प्रकाश झा ने आगामी फिल्मों पर की बात, क्या राजनीति 2-गंगाजल 3 में नहीं होंगे रणबीर-अजय?

प्रकाश झा को खास अंदाज में पर्दे पर कहानी कहने के लिए जाना जाता है, जो आम जनता को काफी आकर्षित भी करता है। हालांकि, काफी समय से उनका कोई बड़ा प्रोजेक्ट बड़े पर्दे पर नहीं आया है। आजकल के दौर में जहां फ्रैंचाइजी फिल्मों का बोलबाला है। ऐसे में प्रकाश झा ने भी हाल ही में गंगाजल 3 और राजनीति 2 की योजना का खुलासा किया है। साथ ही, उन्होंने इन संभावित परियोजनाओं में अजय देवगन और रणबीर कपूर के शामिल होने पर भी चर्चा की है।

### गंगाजल 3 की स्क्रिप्ट है तैयार

गंगाजल को एक कल्ट क्लासिक के रूप में माना जाता है, जिसमें अजय देवगन के अमित कुमार के किरदार को बॉलीवुड के सबसे बेहतरीन पुलिसकर्मी के रूप में सराहा गया था। हालांकि, जब प्रकाश झा ने जय गंगाजल में प्रियंका चोपड़ा के साथ सीक्वल बनाने की कोशिश की थी, जो अपेक्षित प्रभाव नहीं छोड़ पाई। अब फिल्मकार तीसरी कड़ी में एक नया दृष्टिकोण लेकर आ रहे हैं और इसकी स्क्रिप्ट भी पहले ही तैयार हो चुकी है।

### प्रकाश झा ने आगामी फिल्मों पर की बात

इसके अलावा वह राजनीति 2 की भी योजना बना रहे हैं। पहले भाग में रणबीर कपूर, अजय देवगन, नाना पाटेकर और मनोज बाजपेयी जैसे सितारे थे। यह फिल्म राजनीति और सत्ता के खेल को दर्शाती है, जिसमें हर किरदार का अपना महत्व था। इन फिल्मों पर बात करते हुए प्रकाश झा ने कहा, यह गंगाजल का विस्तार नहीं है, बल्कि एक नई कहानी होगी जो एक हेड कांस्टेबल के बारे में है। वहीं, राजनीति 2 पहली फिल्म की कहानी को आगे बढ़ाएगी। उन्होंने कहा, दूसरी फिल्म पहली फिल्म का विस्तार है। समर प्रताप (रणबीर कपूर का किरदार) विदेश जा चुके हैं, लेकिन वह कहानी का हिस्सा बने रहेंगे।

### क्या अजय देवगन-रणबीर कपूर होंगे हिस्सा?





जब उनसे पूछा गया कि क्या अजय देवगन और रणबीर कपूर इन फिल्मों में अपने पुराने किरदारों को फिर से निभाएंगे, तो प्रकाश ने स्पष्ट किया कि इस बारे में कुछ भी कहना अभी मुश्किल है। उन्होंने कहा, मैं यह नहीं कह सकता कि हम कास्ट को फिर से लेंगे। दस साल पहले आप सीधे अभिनेता से मिलकर कहानी सुना सकते थे और उन्हें फिल्म के लिए मना सकते थे। अब अभिनेता खुद स्क्रिप्ट नहीं पढ़ते। उनके सहायक और मैनेजर्स ऐसा करते हैं और आपको उनसे संपर्क करने के लिए कई स्तरों से गुजरना पड़ता है। इस बातचीत में प्रकाश झा ने यह भी स्पष्ट किया कि अगर कोई उपयुक्त भूमिका मिलती है तो वह अजय देवगन और रणबीर कपूर के साथ काम करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा, अगर कोई प्रोजेक्ट होगा, तो उनसे संपर्क किया जाएगा, लेकिन मैं उनसे नियमित संपर्क में नहीं हूं।

## स्त्री 2 की सफलता के बाद राजकुमार राव ने बढ़ाई फीस

एक आउटसाइडर होने के बाद भी राजकुमार राव ने बॉलीवुड में अपनी अलग पहचान बनाई है। उनकी हालिया रिलीज फिल्म स्त्री 2 बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुई। रिपोर्ट्स की मानें तो स्त्री 2 की सफलता के बाद राजकुमार राव ने अपनी फीस बढ़ाकर 5 करोड़ रुपये कर दी। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए अभिनेता ने कहा, मैं हर दिन अलग-अलग आंकड़े पढ़ता हूं। मैं अपने निर्माताओं पर बोझ डालने वाला मूर्ख नहीं हूं। उन्होंने आगे बोला, सबसे बड़ी ब्लॉकबस्टर का हिस्सा बनने से एक अभिनेता के रूप में मुझमें कोई बदलाव नहीं आएगा। राजकुमार ने आखिरी में जोड़ा, मैं जीवन भर काम करना चाहता हूं इसलिए मैं ऐसी भूमिकाओं की तलाश में रहता हूं जो मुझे चुनौती दें।





# कैसे करें तोरई का संकर बीज उत्पादन

तोरई एक बेलवाली फसल है, जो जायद तथा खरीफ ऋतु में सफलतापूर्वक देश के कई स्थानों में लगायी जाती है। नर व मादा पुष्प एक ही बेल पर अलग-अलग स्थान पर तथा अलग-अलग समय पर खिलते हैं। नर पुष्प पहले तथा गुच्छों में लगते है जबकि मादा पुष्प बेल की पार्श्व शाखाओं पर व अकेले लगते हैं। पुष्प का रंग चमकीला चमकीला पीला एवं आकर्षक होता है। मादा पुष्प के निचले भाग में फल की आकृतियुक्त अण्डाशय होता है जो निषेचन के पश्चात फल का निर्माण करता है। पुष्प सांयकाल में 5 से 8 बजे के दौरान खिलते हैं। पुष्पन के दौरान नर पुष्पों से जीवित व सक्रिय परागकण प्राप्त होते हैं, साथ ही मादा पुष्पों की वर्तिकाग्र निषेचन के लिए अत्यधिक सक्रिय होती है। तुरई मे पर-परागण द्वारा निषेचन होता है जो मुख्यतः मधुमक्खियों द्वारा सम्पन्न होता है।

### खेत का चुनाव

संकर बीज उत्पादन के लिए फसल बोने से पूर्व पिछले वर्ष खेत में उगाई गई फसलों की जानकारी पहले से कर लेनी चाहिए। खेत का चुनाव करते समय यह ध्यान रखना चाहिए कि पूर्व में उस खेत में तोरई की फसल नहीं ली गई हो, क्योंकि पिछली फसल का बीज खेत में गिर जाता है तथा यह बीज संकर बीज उत्पादन के लिए प्रयुक्त प्रजनकों के बीज के साथ उगकर मादा प्रजनक से पर-परागण करके संकर बीज को दूषित कर देते हैं। मृदा उचित जल निकासयुक्त, जीवांशयुक्त, बलुई दोमट या बलुई होनी चाहिए, जिसका पी.एच. मान 6.5 से 7.0 के मध्य का होना चाहिए।

### मौसम का चुनाव :

तोरई के संकर बीज उत्पादन के लिए जायद मौसम की अपेक्षा, खरीफ मौसम अधिक उपयुक्त होता है। खरीफ मौसम में बेलों की वृद्धि, पुष्पन तथा फलन अधिक होता है। खरीफ में बीज की गुणवत्ता व फलत भी अधिक प्राप्त होती है ।

### बीज का स्त्रोत:

संकर बीज उत्पादन के लिए दो पैतृक प्रजनको (नर व मादा) के आधारीय बीजों की जरूरत होती है। अतः पैतृक प्रजनको का बीज हमेशा विश्वशनीय संस्थानों जैसे कृषि विश्वविद्यालयों, राज्य एवं केन्द्रीय अनुसंधान संस्थानों आदि से ही प्राप्त करना चाहिए।

### खाद एवं उर्वरक:

खाद एवं उर्वरक की मात्रा मृदा की उर्वरता पर निर्भर करती है। खेत की अन्तिम जुताई के समय 25 से 30 टन सड़ी-गली गोबर की खाद प्रति हेक्टेयर की दर से मिलाना चाहिए। नत्रजन, फास्फोरस एवं पोटाश की मात्रा क्रमशः 80:60:60 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर मिलानी चाहिए। नत्रजन की एक तिहाई तथा फास्फोरस व पोटाश की सम्पूर्ण मात्रा अन्तिम जुताई के समय देनी चाहिए। नत्रजन की शेष मात्रा को दो समान भागों में बांटकर बुवाई के 25 से 30 तथा 45 से 50 दिनों के बाद खड़ी फसल में देना चाहिए।



### पृथक्करण दूरी:

बीज की आनुवांशिक शुद्धता बनाये रखने के लिए पृथक्करण दूरी बनाये रखना अत्यन्त आवश्यक होता है। अतः इसके लिए संकर बीज वाली फसल को, तुरई की अन्य प्रजातियों तथा चिकनी तुरई आदि से कम से कम 800-1000 मीटर की पृथक्करण दूरी पर बोना चाहिए।

### बीज की मात्रा:

नर व मादा प्रजनकों के लिए बीज की मात्रा अलग-अलग ली जाती है। मादा प्रजनक के लिए लगभग 1.75 से 2.00 किलोग्राम एवं नर प्रजनक के लिए लगभग 0.50 किलोग्राम बीज की मात्रा प्रति हेक्टेयर पर्याप्त होती है।

### बीज उपचार एवं बुवाई:

बुवाई करने से पूर्व बीज को थाइरम नामक फफुदनाशी (2 ग्राम दवा प्रति किग्रा. बीज) से उपचारित करना चाहिए। शीघ्र अंकुरण के लिए बीजों को 20 से 24 घंटे तक पानी में भिगोना चाहिए तथा इसके पश्चात् टाट की बोरी के टुकडें में लपेट कर किसी गर्म जगह पर रखना लाभप्रद होता है। बीज की बुवाई नालियों में करनी चाहिए। नाली से नाली के बीच 3 मीटर तथा थाले से थाले के मध्य 80 सेमी. दूरी रखनी चाहिए। नालियाँ 50 सेमी. चौडी व 35 से 45 सेमी. गहरी बनी होनी चाहिए।

### नर एवं मादा पौधों का अनुपात:

तुरई में संकर बीज उत्पादन के लिए नर व मादा प्रजनकों को एक निश्चित अनुपात (नर : मादा : 1 : 3) के अनुपात में खेत में बनी नालियों में बुवाई करनी चाहिए। खेत में प्रथम पंक्ति तथा अन्तिम पंक्ति में नर पैतृक जनकों की बुवाई करे जिससे कि पर-परागण के दौरान बीज की आनुवांशिक शुद्धता बनी रहती है।

### संकर बीज उत्पादन की विधि :

तुरई में प्राकृतिक रूप से पर-परागण कीट पतंगों के माध्यम से होता है अतः संकर बीज उत्पादन की मुख्यतः दो विधियाँ अपनायी जाती है।

**1. हाथ द्वारा कृत्रिम निषेचन करके :** यह विधि पर्याप्त प्रथक्करण दूरी उपलब्ध न होने की दशा में अपनाई जाती है। इस विधि में मादा प्रजनक पर लगे पुष्पों को पुष्पन के एक दिन पहले बटर पेपर से बनी थैली से ढक देते है। इस थैली में 4-5 बारीक छिद्र हवा के आगमन के लिए करना आवश्यक है। अगले दिन सॉयकाल 4 से 8 बजे के मध्य नर पुष्पों से परागकण एकत्रित करके महिन ब्रुस की सहायता से बटर पेपर थैलों से ढके मादा पुष्पों की वर्तिकाग्र पर परागकणों को स्थानान्तरित कर पुनः बटर पेपर से ढक देते है। 3 से 4 दिनों के पश्चात् जब निषेचित मादा पुष्पों में फलन आरम्भ हो जाता है तो फल की पर्याप्त वृद्धि के लिए उन पर लगी थैलियों को सावधानीपूर्वक हटा देना आवश्यक है। अधिक गुणवत्ता बीज प्राप्त करने के लिए प्रत्येक बेल से 4 से 5 फल ही प्राप्त करना चाहिए इससे अधिक फल लेने पर बीजों के विकास एवं गुणवत्ता में कमी आती है।

**2. खुला परागण द्वारा निषेचन (मादा प्रजनक के नर फूलों को हटाना तथा मधुमक्खियों द्वारा परागण) :** इस विधि का उपयोग पर्याप्त पृथक्करण दूरी (800 से 1000 मीटर) उपलब्ध होने की दशा में चुना जाता है। मादा प्रजनकों पर लगे नर पुष्पों की पुष्पकलिकाओं को खलने से पहले ही तोड़ दिया जाता है इसके लिये खेत में पुष्पकलियों के खिलने से पहले खेत का लगातार निरीक्षण करना आवश्यक है। पर-परागण के लिए प्रति एकड़ एक मधुमक्खी का छत्ता पर्याप्त होता है।

### अवांछनीय पौधों का निष्कासन :

संकर बीज उत्पादन में यह एक महत्वपूर्ण कार्य है। इसमें पैतृक प्रजनको की आनुवांशिक तथा भौतिक शुद्धता बनी रहती है। खेत में पैतृक प्रजनको के अलावा तोरई की अन्य किस्मों के पौधों तथा चिकनी तोरई के पौधों को फूल आने से पूर्व अवश्य निकाल देना चाहिए। पैतृक प्रजनकों के आनुवांशिक गुणों का बीज उत्पादक को ज्ञान होना अत्यन्त आवश्यक है।

- फसल का निरीक्षण निम्नलिखित तीन अवस्थाओं में करके अवांछनीय पौधों को निकाल देना चाहिए।
- फूल आने से पूर्व पौधे के बाहय गुणों के आधार पर जैसे पत्तों का रंग, आकार, बेल की वृद्धि इत्यादि।
- फूल आने के समय फूलों के गुणों के आधार पर जैसे फूलों का रंग, आकार एवं प्रकार आदि।
- फल की तुड़ाई से पूर्व, फल वृद्धि तथा तुड़ाई के समय फलों की गुणवता के आधार पर।

### तुड़ाई एवं बीज निष्कासन :

मादा प्रजनक के फलों का रंग भूरा होकर फलों के तथा फल सुखने के पश्चात् इनको बेलों से तोड लिया जाता है। परिपक्व फलों को हिलाने पर फल में उपस्थित बीजों की आवाज आती है। परिपक्व फलों को 5 से 10 दिनों तक छायादार स्थान पर रखकर सुखाया जाता है, ताकि फलो एवं बीजों में उपस्थित अतिरिक्त नमी निकल जायें। सूखे हुए फलो से बीज निकाल लेना चाहिए। परिपक्व बीज काले व चमकीले रंग के दिखाई देते है।




### उपज :

इस प्रकार तुरई के संकर बीज की उपज 1.5 से 2.0 क्विंटल प्रति हैक्टेयर तक प्राप्त की जा सकती है।

### कीट एवं व्याधि प्रबंधन :

इस फसल को मुख्यतः रस चूषक कीट जैसे फलमक्खी एवं लाल भृंग कीट द्वारा विभिन्न अवस्थाओ पर नुकसान पहूँचाया जाता है। अतः इन कीटों के नियंत्रण के लिए बेलों पर मैलाथियान या एण्डोसल्फान (1.5-2.0 मिली. प्रति लीटर) का पानी में घोल बनाकर छिड़काव करें। मृदुलोमिल आसिता रोग का प्रकोप गर्मियों के मौसम में बरसात हो जाने की दशा में अधिक होता है जिसकी रोकथाम के लिए डायथेन एम-45 (2.0 ग्राम प्रति लीटर) का छिड़काव करें। अधिक तापमान व शुष्क मौसम की दशाओं में चूर्णिल आसिता रोग के लक्षण बेलों पर दिखाई देते है। इसकी रोकथाम के लिए कैराथेन (2.0 ग्राम प्रति लीटर) का छिड़काव करें।



# कामधेनु सेनिको ने गौ माता को राज्य माता का दर्जा दिलाने हेतु मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

जयपुर टाइम्स

**शाहपुरा(निसं.)।** कामधेनु सेनिको ने जिला अध्यक्ष नारायण लाल कुमावत की अगुवाई में विधायक डॉ लालाराम बैरवा को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। जिसमें बताया कि राजस्थान में हिंदू की आबादी लगभग 88% है जो सनातन धर्म में विश्वास रखते हैं। जापान में गौ माता को राज्य माता का दर्जा दिलाए जाने की मांग करने के साथ ही प्रत्येक तहसील स्तर पर कम से कम एक को गौ एंबुलेंस की सुविधा हो जिससे दुर्घटनाग्रस्त गायों को गौ चिकित्सालय समय पर पंहुचाया जा सके, ग्राम पंचायत के चारागाहो में हो रहे अतिक्रमण को हटाए जाने, गो तस्करी रोकने के लिए कठोर कानून बनाए जावे जिससे गौ तस्करी को रोके जाने की मांग की। इस दौरान गोविंद कंवर सरपंच तहनाल,प्रहलाद



अरनिया घोड़ा सरपंच, जीवराज गुर्जर उपसरपंच, मिश्रीलाल बैरवा वार्ड पंच, रामजस जाट वार्ड पंच,देवकिशन गाडरी, राकेश नाथ,बनवारी प्रजापत, दिनेश व कालु बैरवा आदि कामधेनु सैनिक मोजुद थे।

# 3203 जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को बांटे ऊनी वस्त्र

जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निसं.)।** साँवललाल पुरोहित धार्मिक एवं पूर्त न्यास और नन्दूबाई-सरजूबाई धार्मिक एवं पूर्त न्यास के संयुक्त तत्वावधान में सर्दी से बचाव हेतु जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को ऊनी जर्सी वितरण समारोह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चांदजी की खेड़ी में हुआ। समारोह में चांदजी की खेड़ी पंचायत के समस्त सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत 203 छात्र-छात्राओं को ऊनी जर्सीयां वितरित की गई।इस मौके पर राजकीय उ. मा. विद्यालय चांदजी की खेड़ी के प्रधानाचार्य पारस शर्मा, समस्त स्टाफ, चांदजी की खेड़ी के गणमान्य नागरिक



और न्यास के प्रबन्ध न्यासी कमलेश कुमार सनाढ्य व न्यासी भवानी शंकर पाराशर मौजूद रहे।


Email.: eeelec1jpr@rajasthan.gov.in, eepwde1jpr@gmail.com

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**PWD ELECTRIC DIVISION-I, JAIPUR**

File No... Date :

**Notice Inviting Bid-28/2024-25**

Bids for Electric work 1 SITC of 8 Passenger Elevator at Ayush Bhawan, Jaipur. of subject matters of Procurement are Invited from intrested bidders upto 02.12.2024 6.00 P.M. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in. http://sppps.raj.nic.in) of the state; and http:// pwd.rajasthan. gov.in. The approximate value of the procurement is Rs. 16.50 Lacs.
UBN NO.: PWD2425WSOB10338

DIPR/C/11808/2024

**(Pradeep Kumar Sharma)**
**Executive Engineer**
**PWD Electric Dn. I, Jaipur**


# जोशी ऑल इंडिया पारीक महासभा के राष्ट्रीय सचिव (साऊथ इण्डिया) मनोनीत

**कुचामन सिटी** कुचामन सिटी निवासी मनोज जोशी को ऑल इंडिया पारीक महासभा दिल्ली ने संगठन के राष्ट्रीय सचिव (साउथ इण्डिया) के पद पर नियुक्त किया है। यह नियुक्ति महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबुलाल पारीक एवं महामंत्री धर्मेंद्र पारीक की अनुशंसा की गई। राष्ट्रीय प्रवक्ता विद्याधर पारीक ने बताया कि इससे पूर्व जोशी ऑल इण्डिया पारीक महासभा के प्रदेश प्रवक्ता, प्रदेश उपाध्यक्ष और राष्ट्रीय प्रवक्ता के पद पर सेवा दे चुके हैं। इसके साथ ही जोशी अखिल भारतवर्षीय पारीक आश्रम ट्रस्ट पुष्कर के वित्त समिति के सदस्य व श्री समरिया सागर बालाजी गौ शाला कुचामन सिटी के सचिव पद पर भी कार्यरत हैं और समाज को अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। आल इंडिया पारीक महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गिरधारी केसोट ने बताया कि मनोज जोशी की नियुक्ति से संस्था को नई ऊर्जा मिलेगी और संस्था द्वारा संचालित कार्यक्रमों में और भी अधिक उत्साह और समर्पण के साथ काम किया जाएगा।


**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड रतनगढ़**

क्रमांक- 2466-2477 दिनांक- 21.11.2024

**ई - निविदा सूचना संख्या- 15 / 2024-25**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से जिला चूरु में निर्माण कार्यों के लिए उपयुक्त श्रेणी के सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवम् दूर संचार विभाग/रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई- टेन्डरिंग प्रक्रिया द्वारा ऑन लाईन निविदायें आमन्त्रित की जाती है। आर. पी डब्लयू. ए 100 की शर्त लागू होगी। निविदा से संबंधित विवरण बेबसाईट http://dipr.rajasthan.gov.in/tendrs.asp एंव विभागीय वेबसाईट Uhttp://eproc.rajasthan.gov.in http://www.pwd.rajajasthan.gov.in तथा http://sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।
NIB No. - PWD2425A2788

| S.No. | UBN NO. | S.No. | UBN NO. |
|---|---|---|---|
| 1. | PWD2425WSOB10159 | 2 | PWD2425WSOB10160 |
| 3 | PWD2425WSOB10161 | 4 | PWD2425WSOB10162 |
| 5 | PWD2425WSOB10163 | 6 | PWD2425WSOB10164 |
| 7 | PWD2425WSOB10165 | 8 | PWD2425WSOB10167 |

DIPR/C/11724/2024

**अधिशाषी अभियन्ता,**
**सा.नि.वि. खण्ड रतनगढ़**

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड सरदारशहर**

क्रमांक- 1535 दिनांक- 21-11-2024

**ई - निविदा सूचना सं. 12/2024-25**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से सरदारशहर खण्ड के अन्तर्गत भवन मरम्मत कार्यों हेतु कुल 07 कार्यों के लिए उपयुक्त श्रेणी के सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवं दूर संचार विभाग / रेलवे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हों, से निर्धारित प्रपत्र में ई- टेन्डिरिंग प्रक्रिया द्वारा ऑन-लाईन ई-निविदाऐं आमन्त्रित की जाती है। आर.पी. डब्ल्यू. ए. - 100 की शर्त लागू होगी। ई-निविदा से सम्बन्धित विवरण वेबसाईट dipr.rajasthan.gov.in एवं विभागीय वेबसाईट eproc.rajasthan.gov.in तथा sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है। SPPP पर अपलोड NIB No. PWD2425A2828 के UBN No. निम्न प्रकार है-

| S.No. | UBN NO. | S.No. | UBN NO. |
|---|---|---|---|
| 1. | PWD2425WSOB10348 | 2 | PWD2425WSOB10349 |
| 3 | PWD2425WSOB10350 | 4 | PWD2425WSOB10351 |
| 5 | PWD2425WSOB10352 | 6 | PWD2425WSOB10353 |
| 7 | PWD2425WSOB10355 | | |

DIPR/C/11792/2024

**(के. सी. मीना )**
**अधिशाषी अभियन्ता,**
**सा.नि.वि. खण्ड- सरदारशहर**

**Rajasthan State Road Development And Construction Corporation Ltd.,JAIPUR.**

No. NIT/2024-25/21699-711 निविदा सूचना / 2024-25 Date- 28.11.2024

निम्नलिखित कार्यो के लिए केन्द्र / राज्य सरकार के अभियांत्रिकी विभागों द्वारा पंजीकृत एवं अनुभवी संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में मोहरबन्द / ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती है-

| कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत (रु.) | निविदा सूचना संख्या |
|---|---|---|
| Miscellaneous Electrical work at Matsya University, Alwar. UBN:RRC2425WSOB00691 | 04.99 Lakh | 347/24-25 |
| Supply and Installation of Trap Door work for HVAC System in New Medical College, Baran. UBN: RRC2425WSOB00684 | 04.04 Lakh | |
| Electrical repair work in 02 Nos.Toll Plaza Chechat-Modak-Undwa Road. UBN: RRC2425WSOB00682 | 7.17 Lakh | ई-349//24-25 |
| SITC of Servo Stabilizer at various RSRDC Toll Plazas under Elect. Unit-II, Jaipur. (Fastag) UBN:RRC2425WSOB00690 | 04.98 Lakh | 350/24-25 |

निविदा प्रपत्र, शुल्क, धरोहर राशि, निविदा बेचने व खोलने की तारीख सहित सम्पूर्ण विवरण एवं संशोधन वेबसाइट http://roads.rajasthan.gov.in एवं http://sppp.rajasthan.nic.in पर उपलब्ध है। ई-निविदा हेतु संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट http:// eproc. rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है।

**महाप्रबंधक**

**राजस्थान सरकार**
**कार्यालय चिकित्सा अधीक्षक सवाई मानसिंह चिकित्सालय, जयपुर**

क्रमांक: 03 दिनांक 20-11-24

**ई-बोली आमंत्रण सूचना (NIB) (UBN.M.C72425SLRC00072)**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्नांकित सेवाओ के उपापन हेतु दो वर्ष की दर संविदा के लिये निर्माताओं / आयातकों/ विपणनकर्ताओ / अधिकृत डीलर सेवा प्रदाता फर्म से एकल प्रक्रमी द्वि भाग पद्धति बोली दिनांक 18-12-24 सायं 5 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

| क्र.सं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत ( राशि लाखों में) | बोली प्रतिभूति | बोली दस्तावेज शुल्क (रूपये) | ई-प्रोसेसिंग शुल्क (रुपये) | UBN No |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | CAMC rate contract of maintenance & repair services of water chiller /water cooler & RO Water purifier for two year | 17.00 | 34000.00 | 1000/- | 500/- | |

NIB का विवरण, बोली की शर्ते, बोली दस्तावेज एवं बोली की दिनांक इत्यादि राज्य लोक उपापन पोर्टल http://sppp.rajasthan.gov.in एवं http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है एवं डाउनलोड़ किया जा सकता है।

DIPR/C/11825/2024

**चिकित्सा अधीक्षक**

Adv. SAYYED ABBAS RIZVI SAYYED NAZIRUL HASAN

## Public Notice

IN THE COURT OF (Hon'ble S.B.Patil Saheb)7TH JT. CIVIL JUDGE SENIOR DIVISION, THANE, AT THANE.
(STATE-MAHARASHTRA)

Reg.C.S. No. 163/2024
Exh. No. 15

1) Shaikh Shahid Alam S/o Umar Shaikh
Address - 304, Evergreen Building, Kanungo Estate,
Near Geeta Nagar, Mira Road, Thane-401107 **....Plaintiff**

**V/s.**

1) Reshma Shahid Alam Shaikh Alias Reshma Sohil Qureshi
Address - 304, Evergreen Building, Kanungo Estate,
Near Geeta Nagar, Mira Road (East), Thane-401107 **....Defendant**

2) Sohil Shabbir Qureshi
16, Haji Colony, Behind Khandala House, Jhotwara Road,
Shastrinagar, Rajasthan-302016 **....Co-Defendant**

**To,**

**2) Sohil Shabbir Qureshi**
**16, Haji Colony, Behind Khandala House,**
**Jhotwara Road, Shastrinagar, Rajasthan-302016 ....Co-Defendant**

**WHEREAS the above-named plaintiff have filed the Suit Husband for Dissolution of marriage with defendant and damage against co-defendant by reason of adultery.** in the Court of Civil Judge, Senior Divsion, Thane on 21/02/2024.

AND WHEREAS the notice has been issued to the Co-Defendant No.2. by through Post (RPAD). Thereafter, the postal tracking report shows that the summons for co-defendant no.2 returned with remark as the co-defendant no.2. left the said premises. This present notice being published today as per the report mentioned above.

AND WHEREAS if any person has any Objections in above Suit, herein under mentioned then they may appear in person or through their Advocate, objecting this application. If no one appears and objects, for the same within 30 days from the date of this notice then this Hon'ble Court will proceed to pass the necessary Orders thereon.

**Given under my hand and seal of this Court on this 21 November 2024**

**By Order**
**Assistant Superintendant**
**Civil Court, Senior Division, Thane**


# निजी चिकित्सालय में उपचार के दौरान होमगार्ड की मौत



## परिजनों ने लगाया इलाज में लापरवाही का आरोप

जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निसं.)।** कस्बे के तेजाजी चौक स्थित निजी चिकित्सालय में गुरुवार को उपचार के दौरान एक होमगार्ड की मौत हो गई। परिजनों द्वारा चिकित्सालय स्टाफ पर इलाज में लापरवाही से मौत होने का आरोप लगाया गया।जानकारी के मुताबिक मालपुरा निवासी मृतक होमगार्ड बासत खान तेजाजी चौक स्थित निजी चिकित्सालय में पैर में हो रहे दाद का उपचार करवाने आया था।विदित हैं कि इससे पूर्व भी बासत खान दो बार इलाज के लिए इस चिकित्सालय में आ चुका था।गुरुवार को तीसरी बार इस चिकित्सालय में उपचार के लिए आया था।जहां दौराने इलाज उसकी मौत हो गई।परिजनों ने आरोप लगाया कि गलत इंजेक्शन लगाने की वजह से बासत खान की मौत हुई हैं।वहीं चिकित्सालय प्रबंधन ने मौत का कारण हार्ट अटैक बताया हैं।सूचना पर बिजौलियां थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची।सीआई लोकपाल सिंह ने बताया कि मृतक का पोस्टमार्टम भीलवाड़ा में मेडिकल बोर्ड द्वारा करवाया जाएगा।

# पुण्यतिथि पर महात्मा ज्योतिबा फुले को किया नमन

जयपुर टाइम्स

**दूदू(निसं)।** महात्मा ज्योतिबा फुले सावित्रीबाई फुले माली सैनी सामाजिक एवं शैक्षणिक संस्थान दूदू के तत्वाधान में माली सैनी समाज मंदिर प्रांगण में महात्मा ज्योतिबा फुले की पुण्यतिथि पर सत्यनारायण सैनी की अध्यक्षता में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। उपस्थित सदस्यों द्वारा महात्मा ज्योतिबा फुले को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए नमन कर उनके द्वारा समाज के पिछड़े एवं वंचितों के लिए किए गए कार्यों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया गया। इस दौरान समाज के कन्हैयालाल सैनी,हनुमान दूधवाला,अरविंद भाटी, रमेश सैनी,मुकेश बागवाड़, हरिराम महावर कानाराम सैनी , राम अवतार गढ़वाल, रौनक गढ़वाल,अशोक महावर सहित समाज बंधु मौजूद रहे।


**कार्यालय प्रधानाचार्य, पं. दीनदयाल उपाध्याय मेडिकल कॉलेज, चूरू**

**website: www.education.rajasthan.gov.in/mcchuru**
**Email: - principal.mc.churu@rajasthan.gov.in Phone- 01562-251888**

क्रमांक- लेखा/निविदा/HIMS Equip./24-25/702 दिनांक-22.11.2024

**NIT- 08/2024-25**
**(UBN No.- MCC2425GLOB00008)**

Online Bid for vst LOP Supply of IT Equipments (HIMS) are invited from interested bidders up to ... PM on dated 2.12.24 for Medical College, Churu. The estimated value of procurement is about Rs 48, 89, 920/-. Other particulars of the bid may be visited on the Procurement Portal htpp://sppp.rajasthan.gov.in of the State, https://eproc.rajasthan.gov.in.

DIPR/C/11815/2024

**Principal**
**PDU Medical College, Churu**

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड चूरू**

क्रमांक- 310-3113 दिनांक- 22-11-2024

**ई-निविदा सूचना संख्या- 17/2024-25**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से तहसील व जिला चूरु में निर्माण कार्यों के लिए उपयुक्त श्रेणी के सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवम् दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई- टेन्डरिंग प्रक्रिया द्वारा ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। आर. पी डब्लयू.ए 100 की शर्त लागू होगी । निविदा से संबंधित विवरण बेबसाईट http://dipr.rajasthan.gov.in/tendrs.asp एंव विभागीय वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in http://www.pwd.rajajasthan.gov.in तथा http://sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।
NIB No. - PWD2425A2807

| S.No. | UBN NO. | S.No. | UBN NO. |
|---|---|---|---|
| 1. | PWD2425WSOB10239 | 2 | PWD2425WSOB10241 |
| 3 | PWD2425WSOB10242 | 4 | PWD2425WSOB10243 |
| 5 | PWD2425WSOB10245 | 6 | PWD2425WSOB10246 |
| 7 | PWD2425WSOB10247 | 8 | PWD2425WSOB10249 |

DIPR/C/11774/2024

**अधिशाषी अभियन्ता,**
**सा.नि.वि. खण्ड चूरू**

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड सरदारशहर**

क्रमांक- 1520-29 दिनांक- 20/11/2024

**ई - निविदा सूचना सं. 11/2024-25**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से सरदारशहर खण्ड के अन्तर्गत भवन, नाला एवं सीसी सड़क निर्माण कार्यों हेतु कुल 27 कार्यों के लिए उपयुक्त श्रेणी के सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवं दूर संचार विभाग / रेलवे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हों, से निर्धारित प्रपत्र में ई- टेन्डिरिंग प्रक्रिया द्वारा ऑन-लाईन ई-निविदाऐं आमन्त्रित की जाती है। आर.पी.डब्ल्यू.ए.- 100 की शर्त लागू होगी। ई-निविदा से सम्बन्धित विवरण वेबसाईट dipr.rajasthan.gov.in एवं विभागीय वेबसाईट eproc.rajasthan.gov.in तथा sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है। SPPP पर अपलोड PWD24252805 के UBN No. निम्न प्रकार है-

| S.No. | UBN No. | S.No. | UBN No. |
|---|---|---|---|
| 1 | PWD2425WSOB10237 | 2 | PWD2425WSOB10238 |
| 3 | PWD2425WSOB10240 | 4 | PWD2425WSOB10244 |
| 5 | PWD2425WSOB10250 | 6 | PWD2425WSOB10253 |
| 7 | PWD2425WSOB10254 | 8 | PWD2425WSOB10255 |
| 9 | PWD2425WSOB10256 | 10 | PWD2425WSOB10257 |
| 11 | PWD2425WSOB10258 | 12 | PWD2425WSOB10259 |
| 13 | PWD2425WSOB10271 | 14 | PWD2425WSOB10273 |
| 15 | PWD2425WSOB10275 | 16 | PWD2425WSOB10281 |
| 17 | PWD2425WSOB10283 | 18 | PWD2425WSOB10295 |
| 19 | PWD2425WSOB10298 | 20 | PWD2425WSOB10202 |
| 21 | PWD2425WSOB10204 | 22 | PWD2425WSOB10206 |
| 23 | PWD2425WSOB10207 | 24 | PWD2425WSOB10209 |
| 25 | PWD2425WSOB10210 | 26 | PWD2425WSOB10212 |
| 27 | PWD2425WSOB10216 | | |

DIPR/C/11773/2024

**(के. सी. मीना )**
**अधिशाषी अभियन्ता,**
**सा.नि.वि. खण्ड- सरदारशहर**

# कार्यालय ग्राम पंचायत भानीपुरा
## पंचायत समिति सरदारशहर

क्रमांक- ग्रा.प./निविदा/ 2024-25 / 176-177 दिनांक-27.11.2024

**ई-निविदा सूचना संख्या - 05,06,07 /2024-25**

ग्राम पंचायत में स्वच्छ भारत मिशन योजनान्तर्गत स्वीकृत कार्य को पंचायती राज नियम 181 के तहत करवाया जाना प्रस्तावित है। जिस हेतु ई-निविदा आमन्त्रित की जाती है। उक्त निविदा से संबंधित शर्ते एवं निविदा प्रपत्र को वेब साईट WWW.sppp.rajasthan.gov.in पर व पर देखी एवं डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है।

| NIB No. | UBN No. | निविदा दस्तावेज जमा करवाने एवं निविदा खोलने की तिथि |
|---|---|---|
| PDN2425A0114 | PDN2425WSLB00118 | 04.12.2024 (12.00 बजे तक) 04.012.2024 (04.00 बजे) |
| PDN2425A0115 | PDN2425WSLB00119 | 04.12.2024 (12.00 बजे तक) 04.012.2024 (04.00 बजे) |
| PDN2425A0116 | PDN2425WSLB00120 | 04.12.2024 (12.00 बजे तक) 04.012. 2024 (04.00 बजे) |

**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत भानीपुरा**

**सरपंच**
**ग्राम पंचायत भानीपुरा**

# कार्यालय ग्राम पंचायत साण्डवा,
## पंचायत समिति बीदासर (चूरू)

क्रमांक - G. P. SANDWA / 2024-25 / E-TENDER / 183-89 दिनांक - 25.11.2024

**ई-निविदा सूचना संख्या- 17/ 2024-25**

ग्राम पंचायत साण्डवा में वर्ष 2024-25 के लिये महात्मा गांधी नरेगा योजना एवं अन्य ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज की योजनाओं के लिये निर्माण सामग्री क्रय हेतु ई- निविदायें आंमत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित अन्य विवरण तथा समस्त निविदा शर्ते www.eproc.rajasthan.gov.in पर www.sppp.rajasthan.gov.in पर NIBNo. - ZCR2425A0618 तथा UBNNo. ZCR2425GLOB01239 देखी एवं डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है।

**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत साण्डवा**
**पंचायत समिति बीदासर (चूरू)**

**सरपंच**
**ग्राम पंचायत साण्डवा**
**पंचायत समिति बीदासर (चूरू)**

# राह चलती महिला के गले से सोने की चेन तोड़ी, वारदात तीसरी नजर में कैद

## झपट्टा मारकर फरार हुए बाइक सवार

जयपुर टाइम्स



**झुंझुनूं(निसं.)।** झुंझुनूं शहर में बुधवार शाम बाइक सवार बदमाशों ने राह चलती महिला के गले पर झपट्टा मारकर सोने की चेन तोड़ ली। यह वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई। घटना का वीडियो सामने आया है। मामला शहर के कोतवाली थाना इलाके के कमल हाइट्स के पास का है। घटना को लेकर शहर के वार्ड नं.24 की रहने वाली गरिमा सोनी पत्नी मनोज ने कोतवाली थाना में शिकायत दी। रिपोर्ट में गरिमा ने बताया कि 27 नवंबर की शाम मैं अपनी बेटी और बहू के साथ बाजार गई थी। बाजार से हम तीनों पैदल घर लौट रहे थे, कि कोतवाली थाना इलाके के कमल हाइटस के सामने वाली गली में पहुंचे तो एक बाइक पर दो युवक आए। हमें देख पहले तो वे आगे चले गए। फिर बाइक को वापस घुमाकर तेज रफ्तार से हमारे पास आए और मेरे गले पर झपट्टा मारकर सोने की चेन तोड़कर फरार हो गए। हमने शोर मचाया लेकिन वे कुछ सैकेंड में ही आंखों से ओझल हो गए। हमने घर जाकर परिवार के लोगों को घटना की जानकारी दी। फिर परिजन के साथ कोतवाली थाने में जाकर मामला दर्ज करवाया।

### 17 दिन पहले घर में घुसकर तोड़ी थी चेन

इससे पूर्व 17 दिन पहले भी इसी इलाके में एक युवक ने दिनदाहड़े घर में घुसकर एक बुजुर्ग महिला के गले से चेन तोड़ ली थी। वारदात सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गई थी। उसका भी पुलिस अब तक खुलासा नहीं कर पाई है। इसी तरह करीब साढ़े तीन महीने पहले भी इसी जगह घटना हुई थी। स्कूटी पर जा रही एक महिला के गले से बदमाश सोने की चेन तोड़ ले गए थे। मोरारका कॉलेज के पास भी चेन तोड़ने की वारदात हुई थी।

### इस साल 20 से ज्यादा घटनाएं

जिले में इस साल चेन स्नेचिंग की करीब 21 घटना हो चुकी हैं। 7 नवंबर को सूरजगढ़ कस्बे में बाइक सवार दो युवकों ने बरासिया कॉलेज के पास सुधा नामक महिला के गले से चेन तोड़ ले गए थे। चिड़ावा में बाइक सवार बदमाश महिला के गले से सोने की चेन झपट्टा मारकर ले गए थे। बता दें कि 15 जून को नवलगढ़ में झाझड़ रोड स्थित खटीकान बगीची के नजदीक मॉर्निंग वॉक कर रही महिला का मादलिया तोड़ ले गए। नवलगढ़ में 16 अगस्त को बस स्टैंड पर महिला के गले से चेन तोड़ ले गए। पुलिस की ओर से इस साल एक भी वारदात का खुलासा नहीं किया गया। इससे चेन स्नेचरों का हौसला बढ़ा हुआ है। झुंझुनूं में हुई घटना पुलिस के लिए चैलेंज है।

# पाटन पुलिस ने देशी शराब के 40 पव्वे जप्त किए

जयपुर टाइम्स

**नीमकाथाना/पाटन(निंस.)।** पाटन पुलिस ने देशी शराब के 40 पव्वे बरामद किए। पुलिस के अनुसार मणकस होटल पाटन के पास पुलिस गश्त करती हुई पहुंची। तब होटल के पीछे खेत के अन्दर एक व्यक्ति देशी शराब के पव्वे बेचता नजर आया। पुलिस कर्मियों में हेड कांस्टेबल विरेन्द्र सिंह व अन्य कर्मियों ने व्यक्ति को चैक किया। तब उसके पास 40 पव्वे देशी शराब मिली। पुलिस ने शराब को जप्त कर उससे पूछताछ की तो उसके पास कोई लाईसेंस या अधिकार पत्र नहीं होना पाया गया। पुलिस ने व्यक्ति की पहचान पुरूषोत्तम पुत्र किशनलाल नायक निवासी पिलानी के रूप में की। पुलिस ने 35 बीएनएस में व्यक्ति को नोटिस देकर कानून की पालना में छोड़ दिया।




# भोमिया जी महाराज की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा



जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निसं.)।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम ढेढेरू गोदारान में भवानी सिंह बिदावत की ओर से बनाए भोमिया जी महाराज के मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह आयोजन हुआ। कार्यक्रम में बुधवार रात्री में भव्य जागरण हुआ। जागरण में योगी कैलाश नाथ, गुलाब नाथ महाराज की ओर से भजनों की प्रस्तुति दी। बुधवार को दिन गुरू महाराज पण्डित और पं राजा व्यास की ओर से प्राण प्रतिष्ठा करवाई गई। जागरण में पूर्व प्रतिपक्ष नेता राजेन्द्र सिंह राठौड़ की पत्नी चांद कवर, मंजू कंवर, सांसद भाजपा प्रत्याशी देवेन्द्र झाझडिया, रतनगढ़ पूर्व विधायक अभिनेष महर्षि, करणीसिंह कोडासर, अर्जुनसिंह फ्रासा, बीदासर प्रधान संतोष मेघवाल सहित पधारे मेहमानों का भवानी सिंह बिदावत परिवार की ओर से स्वागत किया गया। संत गुलाब नाथ महाराज ने मीठे मीठे भजन सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। जागरण में ग्रामीण क्षेत्र के महिला पुरूष मौजूद रहे।

# महात्मा ज्योतिबा फुले की पुण्यतिथि मनाई



जयपुर टाइम्स

**उदयपुरवाटी(निसं.)।** घूमचक्कर के निकट सैनी मन्दिर में महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की पुण्यतिथि मनाई गई। जिसमें महात्मा ज्योतिबा फुले के जीवन पर चर्चा की गई। मुख्य अतिथि भगवानाराम सैनी, बीएल सैनी, किसान नेता धन्ना राम सैनी, योगेन्द्र सैनी नांगल, लालचंद सैनी नांगल, रामकरण सैनी, पार्षद विशेश्वर सैनी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय सेवा योजना का एक दिवसीय शिविर का किया आयोजन

### छात्र-छात्राओं को किया जागरूक



जयपुर टाइम्स

**बस्सी(निसं.)।** कानोता सांभरिया रोड पर स्थित राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के प्रथम एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ.तौफीक हुसैन ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ओमप्रकाश बैरवा आयुक्त कॉलेज शिक्षा राजस्थान ने स्वयंसेवकों को समय प्रबंधन का महत्व एवं राष्ट्रीय सेवा का उद्देश्य समझाया। शिविर में मुख्य वक्ता जिला समन्वयक डॉ.गोविंद शरण शर्मा ने भी स्वयंसेवकों को एनएसएस का विद्यार्थी जीवन में योगदान व श्रमदान का उद्देश्य समझाया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ तौफीक हुसैन द्वारा विद्यार्थियों को एनएसएस के लिए जागरुक कर श्रमदान का आवाह्न किया। इस एकदिवसीय कैंप का मुख्य उद्देश्य छात्रों को समाज के प्रति उनके कर्तव्यों के बारे में जागरूक करना तथा समाज सेवा के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने कार्यक्रम अधिकारी डॉ प्रियंका मीना के नेतृत्व में महाविद्यालय परिसर में श्रमदान किया व स्वच्छता का महत्व जाना। इस दौरान महाविद्यालय के स्टाफ के साथ छात्र-छात्राएं उपस्थित रही।

# भाजपा की बैठक में सक्रिय सदस्य बनाने पर जोर

जयपुर टाइम्स



**लक्ष्मणगढ़(निसं.)।** स्थानीय मोहन गार्डन में गुरुवार को लक्ष्मणगढ़ भाजपा शहर मण्डल की भाजपा नेता दिनेश जोशी व बूथ सरंचना मण्डल प्रभारी बजरंग सिंह शेखावत की मौजूदगी में संगठनात्मक बैठक आयोजित हुई। इस मौके पर बूथ सरंचना मण्डल प्रभारी बजरंग सिंह शेखावत ने पार्टी पदाधिकारियों, पार्षदों व कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बूथ सरंचना व आगामी संगठनात्मक कार्यो की विस्तृत जानकारी दी। भाजपा नेता दिनेश जोशी ने पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सक्रिय सदस्यता अभियान के तहत 30 नवम्बर तक हर बूथ पर दो-दो सक्रिय सदस्य बनाने के लिए कहा। कार्यक्रम की शुरुआत में शहर मण्डल अध्यक्ष मधुसूदन दायमा व नेता प्रतिपक्ष एडवोकेट ललित पुरोहित के नेतृत्व पार्टी पदाधिकारियों, पार्षदों व कार्यकर्ताओं ने भाजपा नेता दिनेश जोशी व बूथ सरंचना मण्डल प्रभारी बजरंग सिंह शेखावत का पार्टी दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर भाजपा नेता दिनेश जोशी, बूथ संरचना मण्डल प्रभारी बजरंग सिंह शेखावत, शहर मण्डल अध्यक्ष मधुसुदन दायमा, नेता प्रतिपक्ष ललित पुरोहित, वरिष्ठ पार्षद पवन बाल्मिकी, रामावतार पंवार, एडवोकेट सज्जन सैनी, विष्णु शर्मा, अमित जोशी, वीरेंद्र नायक, मंडल मंत्री रामप्रसाद जडिया, पार्षद प्रतिनिधि रामावतार चावला, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष विनीत सोनी, युवा मोर्चा के सर्वोत्तम वैद्य, रवि भार्गव, शशांक जोशी, सोशल मीडिया प्रभारी कमल सुरोलिया सहित पार्टी के कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बाल विवाह न करने की ली शपथ

जयपुर टाइम्स



**उदयपुरवाटी(निसं.)।** कस्बे के निकट पाली डूंगरी के पास रहने वाली किरण सैनी पुत्री मदन लाल सैनी ने बाल विवाह मुक्त भारत परिवार के साथ बाल विवाह नही करने की शपथ ली। किरण सैनी की शादी 28 नवम्बर को है। दुल्हन बनी किरण सैनी ने कहा कि ना मैने और ना मेरे परिवार ने कभी बाल विवाह किया है इसलिए मैं सभी समाज के लोगो से अपील करना चाहती हूं कि लड़की की आयु 18 वर्ष होने के बाद ही उनका विवाह करें। 27 नवंबर को केंद्रीय महिला व बाल विकास मंत्री ने बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की शुरुआत की है। इस अभियान में स्वयं सेवी संस्थाओं के समूह जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रंस की ओर से संपूर्ण देश में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान चलाया जा रहा है। नीमकाथाना जिले में शिक्षित रोजगार केंद्र प्रबंधक समिति के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर मोहम्मद इस्माईल व अशोक स्वामी की ओर से महिला व बाल विकास विभाग और महिला अधिकारिता विभाग के साथ मिलकर इस अभियान को चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत पंचायत समिति व नगर पालिका उदयपुरवाटी, ग्राम पंचायत गुहाला, ग्राम पंचायत डेहरा जोहड़ी, बाघोली, पचलंगी, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय इंद्रपुरा, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय एवम आंगनबाड़ी केंद्रों पर बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की शपथ, कैंडल मार्च व रैली के माध्यम से जनजागरुकता का संदेश दिया गया।

## पालिका की साधारण सभा आज, कई मुद्दों पर होगी चर्चा

**उदयपुरवाटी(निसं.)।** नगर पालिका मंडल की साधारण सभा की बैठक शुक्रवार सुबह 11.15 बजे पालिका सभागार में होगी। बैठक में कई महत्वपूर्ण मामलों पर विचार किया जाएगा। पालिका ईओ राकेश रंगा के अनुसार बैठक में शुलभ व सार्वजनिक सौचालयों को ठेके पर देने, ऑटो टिपर व सफाई कार्य ठेके पर देने, कुंभाराम लिफ्ट परियोजना के तहत शहर में प्रस्तावित 10 जलाशयों के लिए निशुल्क भूमि आवंटन पर विचार, लोहार बस्ती में सामुदायिक भवन के लिए निशुल्क भूमि आवंटन पर विचार, पालिका की ओर से दूर संचार विभाग को जारी पट्टे की शर्तों की पालना नहीं करने पर जारी विभिन्न पत्रों पर विचार, विज्ञापन होर्डिंग ठेके पर विचार, लाइट वृद्धि पर विचार, मोबाइल चल शौचालय वाहन क्रय करने पर विचार, फायर स्टेशन पर फायर वाहन खड़े करने के लिए टिनशेड व गैराज बनाने पर विचार सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। बैठक के मुख्य अतिथि विधायक भगवानाराम सैनी रहेंगे।

### चूरू ब्लॉक में विज्ञान गणित शिक्षक प्रशिक्षण का शुभारंभ

# विद्यार्थियों में विषय समझ और कौशल विकसित करेः राठौड़

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निसं.)।** विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने के उद्देश्य से चूरू ब्लॉक में विज्ञान गणित शिक्षक प्रशिक्षण का शुभारंभ ज्ञान ज्योति आईटीआई महाविद्यालय में हुआ। प्रशिक्षण में मुख्य अतिथि मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी गोविंद सिंह राठौड़ ने इस प्रशिक्षण के माध्यम से सभी प्रशिक्षणार्थियों को विद्यार्थियों में विषय की समझ उत्पन्न कर प्रश्न पूछ पाने का कौशल विकसित करने के निर्देश दिए साथ में विज्ञान गणित विषय के महत्व व शिक्षकों के कर्तव्यों के बारे में बताया। प्रशिक्षण के आयोजक मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ओमदत्त सारण ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को विद्यार्थियों में विचारों के क्रमिक ज्ञान, तर्क, चिंतन, निर्णय लेने की क्षमता उत्पन्न करने के बारे में बताया। प्रशिक्षण प्रभारी विनय कुमार सोनी ने बताया कि इस प्रशिक्षण के प्रथम चरण में चूरू ब्लॉक के राजकीय विद्यालयों से विज्ञान गणित के 120 अध्यापकों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया जिनको छह दक्ष प्रशिक्षको की ओर से प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस दौरान आरपी श्याम सुंदर पुनिया, हवा सिंह सहारण, दक्ष प्रशिक्षक कपिल वर्मा, धर्मेन्द्र सोलंकी, विनोद चौधरी, नरेंद्र वर्मा, जय प्रकाश प्रजापत आदि सहित समस्त प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।

# महात्मा ज्योतिबा फुले की 134 वीं पुण्यतिथि मनाई



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निसं.)।** नारी शिक्षा के प्रणेता और सामाजिक समानता के समर्थक महात्मा ज्योतिबा फुले की 134वीं पुण्यतिथि फतेहपुर रोड स्थित सैनी समाज संस्थान के हनुमान जी मन्दिर में गुरुवार को महात्मा ज्योतिबा फुले को याद किया गया। पुष्पाजंलि कार्यक्रम में एडवोकेट, पार्षद राजकुमार सैनी ने कहा कि महात्मा फुले समाज सुधारक, समाज प्रबोधक, विचारक, समाजसेवी, लेखक, दार्शनिक व क्रान्तिकारी थे। महिलाओं व पिछड़ों के उत्थान के लिए इन्होंने अनेक काम किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जगदीश मारोठिया ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले की पुण्यतिथि हर साल 28 नवंबर को मनाई जाती है। महात्मा ज्योतिबा फुले का जन्म 11 अप्रैल 1827 को पुणे में हुआ था। उनका निधन 28 नवंबर 1890 को 63 साल की उम्र में हुआ था। वे महान समाजसेवी, लेखक, दार्शनिक और क्रांतिकारी कार्यकर्ता थे। उन्होंने 1848 में महिलाओं की शिक्षा के लिए देश का पहला स्कूल खोला था। उन्होंने दलितों और निर्बल वर्ग को न्याय दिलाने के लिए 1873 में 'सत्यशोधक समाज' की स्थापना की थी। इस मौके पर ओमप्रकाश मितवा, राजकुमार सैनी, राम स्वरूप कुमावत, किशनलाल सैनी,रीढ़करण सैनी, बाबूलाल सैनी, महावीर प्रसाद चुनवाल, पवन कुमार बालान, महेंद्र बालन, विष्णु बालन सहित अनेक समाज बन्धु उपस्थित रहे।

# राजस्व प्रकरणों का समयबद्ध हो निस्तारणः सुराणा

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निसं.)।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने गुरुवार को जिला परिषद सभागार में राजस्व प्रकरणों को लेकर राजस्व अधिकारियों के साथ चर्चा कर आवश्यक दिशा- निर्देश दिए। सुराणा ने कहा कि राजस्व प्रकरणों में समुचित कार्यवाही करें और समयबद्ध ढंग से प्रकरणों का निस्तारण करें। एसडीएम एवं तहसीलदार साप्ताहिक शेड्यूल तैयार करते हुए नियमित रूप से कोर्ट में बैठे तथा कोर्ट के प्रकरणों का निस्तारण सुनिश्चित करें। किसी प्रकार की अनावश्यक पेंडेंसी न रहे। उन्होंने कहा कि अपने कार्य अनुभव व दक्षता का लाभ उठाते हुए प्रकरणों के निस्तारण की गति को तेज करें। इसके लिए बेहतरीन टीम का प्रबंधन करें तथा राजस्व प्रकरणों के लिए तहसीलदार, पटवारी सहित राजस्व टीम के साथ समुचित समायोजन करते हुए निस्तारण करें। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों आदि से आबादी विस्तार के प्रस्ताव मंगवाकर भिजवाएं। राजस्व अधिकारी विभिन्न मामलों में अपने विवेक से निर्णय लें और अवैध कब्जे व अतिक्रमण आदि हटाने की कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि सभी उपखंडों में विमुक्त व घूमंतू जनजातियों के लिए विशेष शिविर लगाए जा रहे हैं। प्रयास करें कि इन शिविरों में जनजाति के लोगों को अधिकतम लाभ मिल सके। आबादी में विस्तार के प्रस्ताव भेजकर उनको लाभान्वित करने के लिए प्रयास किए जाएं। सुराणा ने कहा कि राजस्व अधिकारी लोकायुक्त, जनसुनवाई, संपर्क पोर्टल के प्रकरणों का डिस्पोजल टाइम कम करते हुए संतुष्टि स्तर को बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि प्रकरणों को प्रयास करते हुए प्राथमिक स्तर पर नियंत्रित करें। इसी के साथ बिना कन्वर्जन करवाए अवैध कॉलोनी विकसित करने वालों की जांच करें तथा आवश्यक कार्यवाही करें। कन्वर्जन से संबंधित प्रकरणों का निर्धारित समय सीमा में निस्तारण किया जाए। सुराणा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पंजीयन में दिए गए लक्ष्य के अनुरूप प्रगति लाएं तथा पंजीयन को बढ़ाया जाए। इसी के साथ सीएमओ, सीएस कार्यालय, आयोग आदि से प्राप्त होने वाले प्रकरणों की समुचित कार्यवाही करें। उन्होंने कन्वर्जन, नामांतकरण सहित राजस्व मामलों को लेकर चर्चा करते हुए समुचित निर्देश दिए। उन्होंने तहसीलवार पीएलपीसी में दर्ज प्रकरणों के बारे में अधिकारियों से चर्चा करते हुए परिवादियों से उनकी प्रकरणों की जानकारी ली तथा निस्तारित प्रकरणों को ड्रॉप किया। एडीएम अर्पिता सोनी ने सभी अधिकारियों को सभी दिशा-निर्देशों की समुचित पालना कर प्रकरणों में प्रगति रिपोर्ट भिजवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट के प्रकरणों में ओआईसी नियुक्त नहीं होने के प्रकरणों में ओआईसी नियुक्त किया जाए एवं समुचित कार्यवाही सुनिश्चित करें।

### आवश्यक सेवाओं को लेकर दिए निर्देश

जिला कलक्टर सुराणा ने सभी उपखंड अधिकारियों को चिकित्सा, बिजली व डिस्कॉम अधिकारियों की बैठक लेकर निर्देश देते हुए कहा कि एसडीएम अपने उपखंड स्तर पर आवश्यक सेवाओं की बैठक लेते हुए रिपोर्ट भेजें। उपखंड स्तर पर ही क्षेत्र की समस्याओं को निस्तारित करने का प्रयास करें ताकि आमजन को प्राथमिक स्तर पर ही उनकी समस्याओं का समुचित निस्तारण होकर सुविधाओं का समुचित लाभ मिले। उन्होंने कहा कि ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठे और उनकी टीम को समुचित प्रबंध करते हुए अधिकाधिक सुविधाओं के लाभ के लिए काम करें। उन्होंने कहा कि चिकित्सा सुविधाओं के लिए अपने उपखंड स्तरीय व जिला स्तरीय अस्पताल, पीएचसी व सीएचसी का निरीक्षण करें और सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के साथ बेहतरीन सुविधाएं विकसित करें। इसके लिए फील्ड स्तरीय कार्मिकों, एएनएम व चिकित्सा स्टाफ के साथ बैठक करें। इसी प्रकार बिजली के लिए लाइन, कनेक्शन, बिजली आपूर्ति आदि व्यवस्थाओं को समुचित ढंग से प्रबंधित करें। पेयजल आपूर्ति के लिए आमजन से प्राप्त होने वाली शिकायतों को सुने और पीएचईडी के अधिकारियों के साथ समन्वय करते हुए उनका समुचित निस्तारण करें। उन्होंने कहा कि सभी उपखंड अधिकारी एक महीने में न्यूनतम 4 दिन रात्रि चौपाल आयोजित करें। रात्रि चौपाल में मूलभूत सेवाओं से संबंधित अधिकारियों को शामिल कर आमजन की समस्या सुनें तथा शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करवाएं। इस दौरान डीएलआर शुभकरण, चूरू एसडीएम बिजेंद्र सिंह, सुजानगढ़ एसडीएम ओमप्रकाश वर्मा, तारानगर एसडीएम राजेन्द्र कुमार, राजगढ़ एसडीएम मीनू वर्मा, सरदारशहर एसडीएम दिव्या, बीदासर एसडीएम अमीलाल यादव, रतनगढ़ एसडीएम रामकुमार वर्मा, एपीआरओ मनीष कुमार, राजगढ़ तहसीलदार धीरज झाझड़िया, चूरू तहसीलदार अशोक गौरा, सिद्धमुख तहसीलदार कालूराम, सरदारशहर तहसीलदार रतन लाल, भू -अभिलेख निरीक्षक शिवप्रकाश शर्मा, सहायक प्रोग्रामर गोविंद राहड़ सहित अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

# शेखावाटी जयपुर टाइम्स

चूरू, शुक्रवार
29 नवम्बर, 2024


-140 से अधिक स्कूलों के 1500 से अधिक गाइड करेंगे सहभागिता

# स्काउट्स व गाईड की मिनी जंबूरी का जिला कलक्टर ने किया उदघाटन

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनू(नि.सं.)।** जिला मुख्यालय स्थित राजस्थान राज्य भारत स्काउट्स व गाईड्स के मैदान में गुरूवार को मिनी जंबूरी का उद्घाटन जिला कलक्टर रामावतार मीणा व नवनिर्वाचित झुंझुनू वि.स. क्षे. के विधायक राजेंद्र भांबू ने किया। मिनी जंबूरी में झुंझुनू जिले के 140 स्कूलों के 1500 से अधिक स्काउट गाइड स्काउट गाइड सहभागिता करेंगे और स्काउट गाइड के विभिन्न कौशल विधाओं, प्रदर्शनी, मार्च पास्ट, ड्रिल, लोक कला, लोक नृत्य, विचित्र वेशभूषा, साहसिक प्रदर्शन, नगर भ्रमण, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ रैली सहित विभिन्न विधाओं का जीवंत प्रदर्शन करेंगे। रैली के दौरान स्काउट्स गाइड्स को देश के लिए सुयोग्य नागरिक बनने की प्रेरणा देते हुए उन्हें विभिन्न प्रकार के साहसिक कार्य जैसे कमांडो ब्रिज, मंकी ब्रिज, टायर टनल, टायर गन, शूटिंग, तीरंदाजी, क्रोलिंग, टायर चिमनी, पेड़ पर चाय बनाने जैसी साहसिक गतिविधियों भी करवाई जाएगी।

### महापुरुषों के नाम पर बसे नगर

जिला मिनी जंबूरी में अलग- अलग ब्लॉक वार स्काउट गाइड को रखा जाएगा जो की विभिन्न महापुरुषों के नाम पर उनके नगर बसाए जा रहे हैं जिसमें सुभाष चंद्र बोस, जे.पी. जानू, पीरू सिंह, जुझार सिंह, महात्मा गांधी, रानी लक्ष्मीबाई, मीराबाई चानू आदि 12 नगर बसाए गए हैं। जिला कमिश्नर शिरडी तो होगी प्रतियोगिताएं सीओ स्काउट महेश कलावत ने बताया कि इस पांच दिवसीय भव्य आयोजन के दौरान विभिन्न जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा जिसमें सर्वोच्च प्रदर्शन करने वाले ब्लॉक को डिस्ट्रिक चीफ कमिश्नर शील्ड से नवाजा जाएगा।



## बाल विवाह रोकथाम की दिलाई शपथ



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़ (नि.सं.)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, चूरू व अध्यक्ष- तालुका विधिक सेवा समिति सुजानगढ़ (अपर जिला व सेशन न्यायाधीश) के निर्देशानुसार पी एल वी विजय पाल श्योराण की ओर से राजकीय पी सी बी उच्च माध्यमिक विद्यालय में- बाल विवाह मुक्त भारत अभियान.. के तहत विशेष सभा का आयोजन किया गया। पीएलवी विजयपाल ने सभा में बाल विवाह एक अपराध है और सामाजिक बुराई भी है के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि देश व्यापी बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की शुरूआत विज्ञान भवन नई दिल्ली में महिला व बाल विकास मंत्री की ओर से हो रही है। विजय पाल ने सबको न्याय की भावना को बढ़ावा देने और बाल विवाह रोकथाम में सहयोग करने का आह्वान किया। 22 दिसम्बर को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत का प्रचार करते हुए राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में जानकारी दी। सभा में अध्यापकों व अध्यापिकाओं के नेतृत्व में उपस्थित सैकड़ों बच्चों को बाल विवाह रोकथाम की शपथ दिलाई गई।

## मेरीगोल्ड स्कूल में सतरंग फेस्ट वार्षिक कार्यक्रम का उदघाटन

जयपुर टाइम्स

**चूरू(नि.सं.)।।** स्थानीय गढ़ के पीछे स्थित मेरीगोल्ड वर्ल्ड सीनियर सैकेंडरी स्कूल में तीन दिवसीय सतरंग फेस्ट वार्षिक कार्यक्रम का उद्घाटन जिला कलेक्टर अभिषेक सुराना ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर सुराणा ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय में ऐसे आयोजन होते रहने चाहिए। वर्ष भर में बच्चों ने जो सीखा वह तीन दिनों में आयोजित विभिन्न गतिविधियों में नजर आएगा। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन को ट्रिपल आर सेंटर से सभी बच्चों को जोड़कर घर में अनउपयोगी वस्तुओं का सदुपयोग करने के लिए कहा साथ ही मोबाइल और कंप्यूटर के युग में बच्चे नियमित पुस्तक पढ़े इसलिए चूरू के जिला पुस्तकालय का उपयोग कर बच्चे अपनी अध्ययन क्षमता बढ़ाए। स्वागत भाषण प्राचार्य डॉक्टर लक्ष्मी शर्मा ने दिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंध निदेशक अभिषेक चोटिया, निदेशक विनीत चोटिया, प्राचार्य डॉक्टर लक्ष्मी शर्मा, अनीता शर्मा, संजू शर्मा सहित विद्यालय के स्टाफ और बच्चे मौजूद रहे। निदेशक अभिषेक चोटिया ने सभी अतिथियों को धन्यवाद दिया।



## चम्पालाल तंवर बने तहसील अध्यक्ष

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़ (नि.सं.)।** ऑल इंडिया माली सैनी सेवा समाज संस्थान चूरू के जिलाध्यक्ष डॉ. कन्हैयालाल मारोठिया ने संस्थान के सुजानगढ़ तहसील अध्यक्ष पद पर समाजसेवी चम्पालाल तंवर को नियुक्त किया है। तंवर को शीघ्र कार्यकारिणी का गठन कर समाजहित में कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। तंवर की नियुक्ति पर बाबूलाल कारोड़िया सहित अनेक लोगों ने खुशी जाहिर की है।

## निजीकरण का करेंगे आज विरोध

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़ (नि.सं.)।** विद्युत निगमों के निजीकरण के विरोध में संयुक्त किसान मोर्चा की ओर से प्रदर्शन किया जाएगा। किसान सभा सचिव कॉमरेड रामनारायण रूलाणिया ने बताया कि सरकार की ओर से लगातार विरोध के बावजूद भी विद्युत डिस्कॉम्स के नीजिकरण की प्रक्रिया को नहीं रोका गया है। अतः जनहितों को मध्यनजर रखते हुए किसानों और आम लोगों की ओर से शुक्रवार को गणेश मंदिर से लेकर रैली निकालकर विरोध प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया जाएगा और निजीकरण को रोके जाने की मांग की जाएगी।

## धां चारणान में एसडीएम ने लगाई रात्रि चौपाल

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ (नि.सं.)।** कस्बे के निकटवर्ती गांव धां चारणान स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा की अध्यक्षता में रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। ग्रामीणों ने एसडीएम को पांच परिवाद सौंपे। जिस पर उपखण्ड अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस दौरान तहसीलदार राजूदेवी बुनकर, पंचायत समिति के रामानन्द फलवाडिया, सीबीईओ सुनीता पूनिया, सामाजिक सुरक्षा अधिकारी बाबूलाल मायल, सीडीपीओ गौरव चौधरी, बीसीएमओ डॉ. भूपेन्द्र मेघवाल, जोधपुर डिस्कॉम के सहायक अभियंता जितेन्द्र सिंह, जलदाय विभाग के एईएन जावेद तगाला, आपणी योजना एईएन डिंपल कुल्हरी, सहायक कृषि अधिकारी श्रवण कुमार जाट सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## विशेष जागरुकता शिविर 2 से 4 दिसंबर तक

**चूरू(नि.सं.)।।** डॉ भीमराव अंबेडकर राजस्थान दलित आदिवासी उद्यम प्रोत्साहन योजना में जागरुकता के लिए जिले में 2 से 4 दिसंबर तक तीन विशेष जागरुकता शिविर आयोजित किए जाएंगे। उद्योग महाप्रबंधक नानुराम गहनोलिया ने बताया कि 2 दिसंबर को सरदारशहर के डॉ बीआर अंबडेकर सुख पंथ आश्रम, वार्ड नंबर 18, बापा सेवा सदन स्कूल के पास शिविर होगा। इसी प्रकार 3 दिसंबर को राजगढ़ में रैगर समाज धर्मशाला में शिविर होगा। 4 दिसंबर को तारानगर नगर पालिका परिसर में शिविर होगा। योजना में आवेदन के इच्छुक व्यक्तियों को अपने साथ जन आधार, आधार कार्ड, संस्था आधार, बैंक पासबुक, कार्य की परियोजना रिपोर्ट आदि साथ लेकर आने के लिए कहा गया है।

## जिला स्तरीय स्काउट गाइड डायमंड जुबली मिनी जंबूरी आज से

**चूरू(नि.सं.)।।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशन में राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड जिला मुख्यालय, चूरू के तत्वावधान में शुक्रवार से जिले के सरदारशहर स्थित एसबीडी राजकीय महाविद्यालय में भारत स्काउट व गाइड के गठन के 75 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष में जिला स्तरीय स्काउट गाइड डायमंड जुबली मिनी जंबूरी का आयोजन किया जाएगा। स्काउट जंबूरी के आयोजन के लिए प्रधान संचालक स्काउट सीओ महिपाल तंवर ने बताया कि शुक्रवार को सायं 4 बजे मिनी जंबूरी का उद्घाटन समारोह आयोजित किया जाएगा।

# धातरी इलेवन खालियाँ क्रिकेट कप फाइनल की बनी विजेता

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़ (नि.सं.)।** गांव खालियाँ में आयोजित 20 वीं क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच धातरी इलेवन और रॉयल चैलेंजर्स बड़ाबर के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ। रॉयल चैलेंजर्स बड़ाबर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ऑवर में 58 रन बनाए। जवाब में धातरी इलेवन ने आखिरी दस गेंदे शेष रहते 7 विकेट खोकर लक्ष्य को हासिल करके केबीसी फाइनल मुकाबला जीत लिया। फाइनल मुकाबले में मैन ऑफ द मैच रामावतार रहे। जिन्होंने 5 विकेट 2 कैच के साथ बल्लेबाजी में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के धातरी इलेवन के खिलाड़ी शंकर लाल सिंवर मैन ऑफ द सीरीज रहें। जिन्होंने बल्लेबाजी में प्रदर्शन करते हुए 120 रन के साथ बोलिंग में 7 विकेट लिए। समापन समारोह के मुख्य अतिथि शेखावाटी विश्व विद्यालय छात्र नेता, अध्यक्ष छात्र संगठन स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के ओमप्रकाश डूडी ने सम्बोधित करते हुए कहा है कि इस तकनीकी युग में विद्यार्थियों व युवाओं को शारिरिक व मानसिक रूप से मजबूती के लिए ग्रामीण अंचल में इस तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन बहुत जरूरी है। प्रतियोगिता की अध्यक्षता करते हुए पूर्व सरपंच केसुदास स्वामी ने सम्बोधित करते हुए कहा कि एक विद्यार्थी के जीवन एक पसंदीदा खेल होना चाहिए। ग्रामीण नौजवान सभा के अध्यक्ष जगदीश पूनिया, शेरसिंह भाटी, कन्हैया लाल पूनिया, प्रभुलाल ने स्वागत करते हुए अतिथियों को धन्यवाद दिया। विशिष्ट अतिथि ईश्वर सुथार, सूर्यकांत आबसर, भवानी सिंह, जोगेंद्र मीणा, रूपाराम स्वामी उपस्थित रहे। कार्यकर्ता गजेंद्र सिंह पूनिया, संदीप शर्मा, महेश कुमार नायक, चैनाराम कांटीवाल, देवी सिंह पूनिया, सुनील पूनिया, राजेश पूनिया, नागर शर्मा, मुकेश पूनिया, पवन कांटीवाल, छोटूराम कांटीवाल आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी का विशेष धन्यवाद देते हुए कार्यक्रम का संचालन सागर कांटीवाल ने किया।



# पर्स को लौटाकर दिया ईमानदारी का परिचय

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(नि.सं.)।।** भानीपुरा तहसील के गांव बणियासर के एक व्यक्ति का पर्स रतनगढ़ में गिर गया था। पर्स में रुपए व अन्य जरूरी डॉक्यूमेंट होने के कारण व्यक्ति की परेशानियां बढ़ गई। जिसको लेकर रतनगढ़ सहित अनेक जगहों पर पर्स का पता किया लेकिन पता नहीं चला। भानीपुरा तहसील के गांव बणियासर के जोगेंद्र सिंह पुत्र मगन सिंह राजपूत गांव बंबू में माता जी के धोक लगाकर रतनगढ़ के संगम चौराहे पर बस से उतरते समय पर्स सड़क पर गिर गया था। वहीं सरदारशहर के शिव शंकर पुत्र मोजीराम भोजक अपने ससुराल पड़िहारा जाकर वापस सरदारशहर आ रहे थे कि संगम चौराहे पर सड़क पर पर्स पड़ा हुआ देखा तो उसको लेकर अपने पास रख लिया। शिव शंकर भोजक के घर में शादी होने के कारण 2 दिन तक पर्स का प्रचार प्रसार नहीं किया व मालिक की तलाश नहीं की गई। दो दिन के बाद शिव शंकर ने सोशल मीडिया पर पर्स की फोटो डाली व सही मालिक तक पर्स पहुंचाने की मन में ठानकर ईमानदारी का परिचय देते हुए सोशल मीडिया पर पोस्ट डाली। सोशल मीडिया की पोस्ट को देखकर पर्स के मालिक जोगेंद्र सिंह राजपूत ने शिव शंकर से संपर्क किया। जिस पर शिव शंकर ने पर्स में बताए अनुसार रुपए व डॉक्यूमेंट का मिलान होने पर शहर के पुलिस थाने में पर्स के मालिक जोगेंद्र सिंह राजपूत को ईमानदारी का परिचय देते हुए पर्स सुपूर्द कर दिया। जोगेंद्र सिंह राजपूत ने ईमानदारी का परिचय देने पर शिव शंकर को इनाम देकर आभार जताया। वहीं पुलिस थाने में पुलिस स्टाफ ने भी शिव शंकर को ईमानदारी का परिचय देने पर आभार जताते हुए कहा कि हर आदमी को ईमानदारी का परिचय देकर सड़क पर कोई भी वस्तु मिले तो मालिक तक पहुंचना चाहिए। जोगेंद्र सिंह राजपूत के पर्स में उसके महत्वपूर्ण डॉक्यूमेंट थे। उनको वापस बनवाने में टाइम लगता है व परेशानी होती हैं। ओरिजिनल डॉक्यूमेंट नहीं बन सकते हैं। इसलिए शिव शंकर भोजक ने पर्स लौटाकर पर्स के मालिक की बहुत बड़ी समस्या का हल किया है। कुछ लोगों में आज भी ईमानदारी जिंदा है ऐसा उदाहरण शिव शंकर भोजक ने दिया है।



## संक्षिप्त-समाचार

### तिब्बत सीमा पुलिस बल की साइकिल रैली का स्वागत




जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ(नि.सं.)।।** भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल आईं टी बी पी की साइकिल रैली गुरुवार को झुंझुनू से रवाना हो कर गुरुवार को लक्ष्मणगढ़ पहुंची जहां पर शहर की प्राचीन शिक्षण संस्थान बगड़िया बाल विद्या निकेतन में सचिव पवन गोयनका के नेतृत्व में रैली का जोरदार स्वागत किया गया तो वही विद्यालय के प्राचार्य विपिन शर्मा व अन्य स्टाफ सदस्यों की ओर से साइकिल अभियान टीम का प्रतीक चिन्ह भेंट कर अभिनन्दन किया गया। कमांडेंट अशोक कुमार यादव ने रैली के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि आगामी प्रोग्राम सालासर बालाजी, जीण माता मंदिर, खाटू श्याम मंदिर होते हुए वापिस रेवाड़ी पहुंचेंगी जहां पर रैली का समापन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस रैली का मुख्य उद्देश्य स्थानीय जनता में देशभक्ति की भावना व फिजिकल फिटनेस के बारे में जागरूकता पैदा करना है। इसी क्रम में साइकिल अभियान रैली की ओर से बगड़िया बाल विद्या निकेतन स्कूल में बच्चों को फिजिकल फिटनेस व देश भक्ति के बारे में जागरूक किया गया। बता दे कि इस दौरान कमांडेंट 28 वी वाहिनी अशोक कुमार यादव की ओर से भी बच्चों व साइकिल अभियान टीम का उत्साह वर्धन व मार्गदर्शन किया गया। जानकारी के अनुसार अशोक कुमार यादव को भारत सरकार की ओर से 3 बार पुलिस पदक से सम्मानित किया जा चुका है। भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल समय-समय पर इस प्रकार के अभियानों का आयोजन करती रहती है और स्थानीय जनता को इस प्रकार के कार्यक्रमों के माध्यम से समय-समय पर जागरूक करती रहती है। उक्त रैली का कमांडेंट अशोक कुमार यादव के मार्गदर्शन में डिप्टी कमांडेंट निहास सुरेश इस रैली का नेतृत्व कर रहे हैं।

### हिस्ट्रीशीटर सहित दो आरोपी गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़ (नि.सं.)।** स्थानीय होला धोरा के निवासी शाहिद खां कायमखानी के साथ मारपीट व गाड़ी तोड़ देने के प्रकरण में पुलिस को सफलता हासिल लगी है। कोतवाली थाने के हैड कांस्टेबल जगदीश जाखड़ ने बताया कि 7 नवम्बर की रात को ये घटना हुई थी। जिसमें हिस्ट्रशीटर असलम पुत्र खाजू खां निवासी होली धोरा सुजानगढ़ और रजाक पुत्र उजीर खां निवासी होली धोरा सुजानगढ़ को गिरफ्तार किया गया है। जाखड़ ने बताया कि मामले में मुख्य आरोपी असलम उर्फ मुन्ना भाई अब भी फरार चल रहा है। वहीं पुलिस आरोपी हिस्ट्रीशीटर असलम खां को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेजे जाने के आदेश दिए गए हैं। जाखड़ ने बताया कि आरोपी असलम खां पर मारपीट के इससे पहले 9 मामले दर्ज थे। जबकि आरोपी रजाक को थाने में ही जमानत मिल गई।

### बाल विवाह कुरीति के विरोध में निकाला कैंडल मार्च




जयपुर टाइम्स

**चूरू(नि.सं.)।।** राजस्थान महिला कल्याण मंडल चूरू की ओर से संचालित परियोजना एक्सिस तो जस्टिस फॉर चिल्ड्रन के जिला समन्वयक रुकैया पठान के निर्देशानुसार बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के शुभारंभ पर बाल विवाह का विरोध जताते हुए संस्था की ओर से ज़िले के कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय छात्रावास व सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग की ओर से संचालित राजकीय महाविद्यालय स्तरीय कन्या आवासीय छात्रावास की बालिकाओं को रुकैया पठान ने शपथ दिलाई। बाल विवाह कुरीति को मिटाने व उसका विरोध करते हुए मोमबत्ती जलाकर बाल विवाह रोकथाम के लिए कैंडल मार्च निकाला। बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के उपलक्ष्य में इस संस्था के ब्लॉक कोर्डिनेटर राकेश कल्ला व हनुमान प्रसाद, संस्था के वॉलंटियर्स की ओर से चूरू सहित तारानगर, सरदारशहर, बीदासर, सुजानगढ़, राजगढ़, रतनगढ़ तहसील के अंतर्गत आने वाले 50 गांवों में स्लम एरिया, समुदाय, आवासीय बालिका छात्रावास के बच्चों व महिलाओं के साथ कैंडल मार्च निकालकर शपथ दिलवाई। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 की जानकारी देते हुए जागरूक किया और बाल विवाह मुक्त भारत बनाने का संकल्प लिया। उपरोक्त कार्यक्रम में संस्था के कपिल भाटी, ज्योति बागड़ी, सुमन चोपड़ा ,मुबारिक अली, रिज़वान ख़ान, होस्टल वार्डन सुशीला, विनोद घिंटाला उपस्थित रहे।

### अब इलेक्ट्रिक ईंजन के साथ चल रही सालासर सुपरफास्ट व जोधपुर दिल्ली एक्सप्रेस ट्रेन

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़ (नि.सं.)।** इलेक्ट्रिफिकेशन का काम पूरा होने के साथ ही रेलवे की ओर से लगातार एक के बाद एक सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेनों को ई-लोको इलेक्ट्रिक इंजन से चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सालासर सुपरफास्ट जोधपुर दिल्ली 22421-22 और जोधपुर दिल्ली सरायरोहिल्ला एक्सप्रेस 22481-82 ट्रेन भी गुरुवार से अब इलेक्ट्रिक इंजन ई लोको के साथ चलना शुरू हो गई है। स्टेशन मास्टर सहीराम ने बताया रेल्वे डेगाना सुजानगढ़ रूट से चलने वाली 19027-28 जम्मूतवी बांद्रा टर्मिनस, 22915-16 हिसार बांद्रा टर्मिनस, 19272-73 भावनगर हरिद्वार को पहले ही इलेक्ट्रिक इंजन से चलाया जा चुका है। मालगाड़ियां ज्यादातर इलेक्ट्रिक इंजन से चल रही हैं। रेलवे की ओर से ई लोको उपलब्धता के अनुसार पहले एक्सप्रेस फिर सभी ट्रेनों को लगातार इलेक्ट्रिक इंजन से चलाया जा रहा है। इससे प्रदूषण भी नहीं होगा और ट्रेनों की गति भी बढ़ेगी।

राजस्थान जयपुर टाइम्स

चूरू, शुक्रवार
29 नवम्बर, 2024

संक्षिप्त-समाचार

# शेखावाटी में विदेशी पर्यटकों की चहल-पहल शुरू

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(नि.सं.)।।** पर्यटकों की पसंद में शुमार शेखावाटी की पर्यटन राजधानी मण्डावा के प्रवेश द्वार माने जाने वाले हेरिटेज सिटी में इस वर्ष विदेशी पर्यटकों की भी आवक हो रही है। हालांकि बंपर आवक अभी तक नहीं देखी जा रही है, लेकिन प्रतिदिन पहुंच रहे इक्के-दुक्के दल से चहल पहल अवश्य हो गई है। गौरतलब है कि शेखावाटी अंचल के भ्रमण के लिए प्रतिवर्ष लाखों पर्यटक पहुंचते हैं। जोधपुर व बीकानेर की तरफ से सड़क मार्ग पर्यटक मण्डावा आते हैं। मण्डावा, फतेहपुर से बीकानेर राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 11 व जोधपुर राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 125 से जुड़ा हुआ है। ये दोनों राजमार्ग शेखावाटी क्षेत्र होकर ही जाते हैं। ऐसे में पर्यटक कुछ देर यहां रुकते हैं। हालांकि अधिकांश पर्यटकों को मण्डावा, नवलगढ, मुकुन्दगढ, डुण्डलोद, रामगढ शेखावाटी, फतेहपुर, लक्ष्मणगढ सहित विभिन्न गावों जैसे अलसीसर - मलसीसर, महणसर में भी विदेशी पर्यटक भ्रमण करते है। कई गावों के इतिहास और ऐतिहासिक, धार्मिक व सामरिक महत्व की जानकारी नहीं होने के कारण वे सीधे ही निकल जाते हैं, लेकिन सैकड़ों पर्यटक शेखावाटी क्षेत्र रुककर यहां के ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण करते है। ऐसे में यहां भी वर्षभर चहल पहल व रोनक नजर आती है। इसके साथ ही देशी पर्यटकों, विशेष रूप से गुजरात व पश्चिमी बंगाल,पंजाब, हरियाणा, दिल्ली से हजारों पर्यटक यहां आते हैं। ये पर्यटक सालासर के हनुमान मन्दिर और खाटू में श्याम बाबा के दर्शनों के साथ मण्डावा का भ्रमण करते हैं। इसके बाद शेखावाटी के अन्य पर्यटन स्थलो पर घूमने के लिए जाते है।

### विदेशी पर्यटक भी पहुंच रहे मण्डावा

शेखावाटी क्षेत्र में तो विदेशी पर्यटकों की आवक होती रहती है। बीते कोरोना काल के बाद शेखावाटी अंचल में विदेशी पर्यटकों की आवक कम हो गई थी, लेकिन इस वर्ष बड़ी संख्या में विदेशी पर्यटक भी यहां पहुंच रहे हैं। बीते कुछ महीनों से कस्बे में विदेशी पर्यटकों के ग्रुप देखे जा रहे हैं। ये पर्यटक कस्बे में फोर्ट, जोहडे - तलाबो के साथ ही गली मोहल्लों में स्थित कलात्मक हवेलियों का भी भ्रमण कर रहे हैं। जिससे रौनक देखी जा रही है। गत सप्ताह में भी विदेशी पर्यटकों का ग्रुप मण्डावा पहुंचा। ग्रुप ने फोर्ट भ्रमण के साथ चौराहे व बाजारों का भ्रमण किया और बाजार से सामान भी खरीदे। जिससे यहां चहल पहल देखी गई।



## कृषि विज्ञान केंद्र में प्रशिक्षण, नियमों के बारे में दी जानकारी



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(नि.सं.)।।** शहर के कृषि विज्ञान केंद्र की ओर से गुरुवार को केंद्र के मुख्य हॉल में आदान विक्रेताओं के लिए कृषि विस्तार सेवाओं में डिप्लोमा का एक वर्षीय डिप्लोमा का शुभारंभ गांधी विद्या मंदिर के अध्यक्ष हिमांशु दूगड़ की अध्यक्षता में मुख्य अतिथि कृषि विभाग चूरू के संयुक्त निदेशक डॉ जगदेव सिंह, विशिष्ट अतिथि राज्य समन्वयक जयपुर एसएस राजवत, उप निदेशक कृषि व पदेन परियोजना के निदेशक दीपक कपिला, विद्या मंदिर के सचिव अजय त्रिपाठी, केवीके के मुख्य डॉ वीके सैनी ने शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि कृषि विस्तार विभाग चूरू के संयुक्त निदेशक डॉ जगदेव सिंह ने कहा कृषि आदान व्रिकेताओं के लिए यह डिप्लोमा बहुत ही मददगार साबित होगा। उन्होंने विक्रेताओं को कृषि से संबंधित तकनीकि आदि विषयों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कृषि आदान विक्रेताओं के लिए कृषि विस्तार सेवाओं के लिए डिप्लोमा एक वर्ष का होगा। जिसमें सप्ताह में एक दिन अध्ययन व प्रशिक्षण दिया। इस प्रकार कुल 48 दिन कक्षायें लगेगी, जिसमें 40 दिन सैद्धांतिक व 8 दिन प्रायोगिक व भ्रमण कराया जाएगा। आत्मा के उप निदेशक दीपक कपिला ने कहा कि देशी कोर्स के अंतर्गत विभिन्न विषयों कृषि जलवायु, मृदा विज्ञान, उद्यान विज्ञान, प्रक्षेत्र मशीनरी, कीट व रोग विज्ञान, कृषक हितैषी शासन की विभिन्न योजनाओं, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, बीज, कीट व मंडी अधिनियम, उर्वरक अधिनियम इत्यादि का प्रशिक्षण दिया जाएगा। केवीके के मुख्य डॉ सैनी ने बताया कि देशी डिप्लोमा कोर्स की अंतर्गत खाद, बीज व कीटनाशक विक्रेताओं की ओर से किया जा रहा है। इस दौरान दो बैच के 80 लोग शामिल हुए।

## राईजिंग राजस्थान इन्वेस्टमेंट समिट आज, प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत करेंगे शिरकत

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(नि.सं.)।।** जिले के प्रभारी मंत्री शुक्रवार को बगड़ के चावो वीरो ट्रस्ट में आयोजित राइजिंग राजस्थान समिट में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। गौरतलब है कि राज्य में तीव्र औद्योगिक विकास के लिए राज्य स्तरीय राइजिंग राजस्थान इन्वेस्ट समिट 2024 का आयोजन 9 से 11 दिसम्बर को जयपुर में आयोजित किया जा रहा है। इससे पूर्व प्रत्येक जिले में भी जिला स्तरीय राइजिंग राजस्थान इन्वेस्ट समिट का आयोजन किया जाना है। इसी परिप्रेक्ष्य में जिला प्रशासन, जिला उद्योग व वाणिज्य केन्द्र और रीको इकाई कार्यालय की ओर से शुक्रवार को जिला स्तरीय समिट चावो वीरो ट्रस्ट बगड़ में आयोजित किया जाएगा। जिसमें विनिर्माण व सेवा क्षेत्र में उद्यम स्थापित करने वाले उद्यमियों के साथ एमओयू की कार्रवाई की जाएगी। जिला कलेक्टर रामावतार मीणा ने बताया कि अभी तक जिला उद्योग व वाणिज्य केन्द्र झुन्झुनू की ओर से 71 इकाइयों से एमओयू के लिए सहमति ली जा चुकी है। जिससे जिले में 1440 करोड़ का निवेश तथा प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से 8000 व्यक्तियों को रोजगार सृजित होगा। राज्य स्तर पर विभिन्न विभाग व ब्यूरो ऑफ इनवेस्ट प्रोमोशन की ओर से 51 एमओयू हस्ताक्षरित किए गए हैं। जिससे जिले में 38 हजार करोड़ का निवेश तथा प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से 1 लाख लोगों को रोजगार सृजित होगा। इस प्रकार से जिले में लगभग 39 हजार 400 करोड़ रूपए का निवेश व 1 लाख 10 हजार व्यक्तियों को प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के अवसर सुलभ होंगे। जिला उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक अभिषेक चोबदार ने बताया कि एमओयू किए जाने वाली मुख्य मुख्य इकाइयों में एसीसी लिमिटेड व एसीसी सीमेंट प्रा.लि.की ओर से 3,500 व 300 करोड़ रूपए का निवेश किया जाएगा। स्टॉकवेल सोलर सर्विसेज की ओर से 3750 करोड़ व डेटन नेचुरल रिसोर्सेज प्रा.लि. की ओर से 4500 करोड़ रुपए का निवेश सोर ऊर्जा क्षेत्र में किया जाएगा। सखी महिला मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड की ओर से वृहद् स्तर की डेयरी की स्थापना की जाएगी। जिसमें लगभग 550 करोड़ रुपए का निवेश किया जाएगा।

## आधी रात लाठी-डंडों से लैस बदमाशों ने किया हंगामा

**- युवक को पीटा, महिलाओं से बदतमीजी**



जयपुर टाइम्स

**झुंझुन(नि.सं.)।।** झुंझुनूं में 26 नवंबर की रात लाठी-डंडे से लैस बदमाशों ने घर में घुसकर एक युवक पर हमला किया। घटना का सीसीटीवी गुरुवार को सामने आया। मंगलवार रात 10.30 बजे 10 से ज्यादा बदमाश शहर के बाकरा रोड स्थित वार्ड 18 में क घर में घुस गए थे। सीसीटीवी में बदमाश लाठी-डंडों के साथ नजर आ रहे हैं। बदमाशों ने जमकर हंगामा किया। मकान का गेट तोड़ दिया। घर के बाहर जमकर उत्पात मचाया। गाली-गलौज की। युवक के साथ मारपीट की। इस दौरान महिलाओं के भी चीखने-चिल्लाने की आवाज आती रही। घटना के बाद से पीड़ित परिवार दहशत में है। परिवार ने पुलिस अधीक्षक को शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित नसीम ने बताया कि मेरा बेटा हाशम अजय राजपूत के पिकअप ड्राइवर का काम करता है। वह मजदूरी के पैसे लाने गया था। वहां अजय राजपूत सहित अन्य युवकों ने उसके साथ गाली-गलौज किया। फिर हाशम घर आ गया। इसके बाद आरोपियों ने फोन पर गाली गलौज की। 26 नवंबर रात करीब साढ़े 10 बजे दो पिकअप में 20 से 30 लोग सवार होकर आए। जिसमें पवन राजपूत, सोनू राजपूत, राजू राजपूत, अजय राजपूत और अन्य लोग लाठी व सरियों के साथ हमारे घर में घुस गए और हमारे गेट दरवाजे तोड़ दिए। मेरे बेटे हाशम को लाठी व सरियों के साथ मारपीट की। दाहिना पैर तोड़ दिया। शरीर पर कई जगह चोटें आई हैं। हम लोगों को जान से मारने की धमकी देकर गए। नसीम ने बताया कि बदमाश रात भर घर के बाहर पिकअप व गाड़ियां

## चूरू में नेपाली नाबालिग से दुष्कर्म, किसी को नहीं बताने के लिए दी धमकी

जयपुर टाइम्स



**चूरू।** शहर में 13 साल की नेपाली लड़की से रेप का मामला सामने आया है। नाबालिग के पेट में दर्द होने पर घर वाले उसे डीबी अस्पताल ले गए। जहां जांच कराने पर नाबालिग करीब 5 महीने (19 सप्ताह) की प्रेग्नेंट निकली। नाबालिग घर वालों के साथ किराए के मकान में रह रही थी। महिला थाने के थानाधिकारी करतार सिंह ने बताया कि पीड़िता के भाई ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट में बताया कि बुधवार रात को बहन के पेट में अचानक दर्द होने लगा। जिसे लेकर डीबी अस्पताल पहुंचे और उसकी जांच कराई। जांच में वह प्रेग्नेंट निकली। थानाधिकारी ने बताया कि परिवार के लोगों के पूछने पर नाबालिग ने बताया कि करीब 5 महीने पहले एक युवक उसको जबरदस्ती जंगल में लेकर गया था। जहां उसके साथ रेप किया।

## गोपालपुरा में कार्मिक अनुपस्थित मिले

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ (नि.सं.)।** उपखण्ड अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा ने गोपालपुरा स्थित पीएचसी व आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पीएचसी में नर्सिंग अधिकारी महेश कुमार व एएनएम रोशनी अनुपस्थित मिले। उपस्थित चिकित्सा कर्मियों को अस्पताल में साफ-सफाई के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने नि:शुल्क मिलने वाली दवाईयों सहित अन्य जानकारी ली। इसके प्रश्चात आंगनबाड़ी केन्द्र प्रथम, द्वितीय व तृतीय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को साफ-सफाई के निर्देश दिए। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से पोषाहार सहित अन्य जानकारी ली।



## हर छात्र की बनेगी अपार आईडी, 12 अंकों का होगा पहचान नंबर

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(नि.सं.)।।** झुंझुनूं में राजकीय व गैर राजकीय विद्यालयों में विद्यार्थियों की अपार आईडी बनाने की अंतिम तारीख तय कर दी गई है। यह आई डी हर हाल में 15 दिसंबर तक बनानी होगी। इसको लेकर स्कूल शिक्षा व भाषा विभाग के शासन सचिव कृष्ण कुणाल ने आदेश जारी किए हैं। शासन सचिव ने इसे प्राथमिकता देने की बात कही है। ऑटोमेटेड परमानेंट एकेडमिक अकाउंट रजिस्ट्री (अपार) में विद्यार्थियों की पूरी शैक्षणिक उपलब्धि को एक साथ रखा जा सकेगा। यह आईडी 12 अंक की होगी। इससे विद्यार्थी के पूरे जीवन में यूनीक शैक्षणिक पहचान के रूप में रहेगी। इसके लिए जिले के सरकारी व निजी स्कूलों में तेजी से कार्य हो रहा है। बच्चों से खुद व पिता के आधार कार्ड मंगवाए जा रहे हैं। यह आईडी स्कूलों में बनाई जा रही है। शासन सचिव ने हर जिले से प्रति दिन की प्रगति रिपोर्ट भी मांगी है। जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक मनोज ढाका ने बताया कि अपार आईडी बनाना भविष्य के लिए अच्छा है। इससे हर विद्यार्थी का पूरा व स्थायी रिकॉर्ड रहेगा। भविष्य में बच्चों को परेशानी नहीं आएगी। पिछले दिनों कई परीक्षाओं में छात्र-छात्राओं को फर्जी डिग्री लगाकर नौकरी का प्रयास करते हुए पकड़ा था। भविष्य में फर्जीवाड़ा रोकने के लिए यह कदम उठाया जा रहा है। जानकारों का कहना है कि अपार आईडी के माध्यम से विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति को ट्रैक किया जाएगा।

## पीएम आवास योजना 2.0 को लेकर सभापति ने ली बैठक

जयपुर टाइम्स




**सुजानगढ़ (नि.सं.)।** प्रधानमंत्री आवास योजना के दूसरे चरण को लेकर नगरपरिषद में सभापति निलोफर गौरी ने मीटिंग ली। इस दौरान सभापति निलोफर गौरी ने उपस्थित वार्ड पार्षदों को सम्बोधित करते हुए कहा कि अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के दूसरे चरण का लाभ दिलाए। आयुक्त मघराज डूडी ने कहा कि इसके लिए नगरपरिषद की ओर से आगामी दिनों में अलग-अलग वार्डो के लिए रेपिड एसेसमेंट सर्वे का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर सहायक अभियंता चारवी, योजना प्रभारी बबीता मीणा, नेता प्रतिपक्ष जयश्री दाधीच, पार्षद पंकज घासोलिया, पार्षद हरीओम खोड़, गौरव इंदोरिया, मोहम्मद इदरीश गौरी, हितेष जाखड़, प्रेम स्वामी, बुद्धिप्रकाश सोनी, पार्षद रेंवतमल पंवार, पार्षद गणेश मण्डावरिया सहित अनेक लोग मौजूद रहे। दूसरी ओर आयुक्त ने बताया कि नगरपरिषद कार्यालय में 9 दिसम्बर को वार्ड 1 से 5 तक के लिए शिविर आयोजित होगा। इसी प्रकार 10 दिसम्बर को वार्ड 6 से 10 तक के लिए, 11 दिसम्बर को 11 से 15 के लिए, 12 दिसम्बर को 16 से 20 के लिए, 13 दिसम्बर को 21 से 25 नम्बर वार्ड के लिए शिविर लगेंगे। इसी प्रकार 16 दिसम्बर को 26 से 30 तक के लिए, 17 दिसम्बर को 31 से 35 के लिए, 18 दिसम्बर को 36 से 40 तक के लिए, 19 दिसम्बर को 41 से 45 तक, 20 दिसम्बर को 46 से 50 तक, 23 दिसम्बर को 51 से 55 तक के लिए, 24 दिसम्बर को वार्ड न. 56 के 60 तक के लिए नगरपरिषद कार्यालय पर शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

**जिला कलक्टर की पहल पर राजीविका स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं डिजिटल सखी 2.0 में ले रही ट्रेनिंग**

# चूल्हे-चौके और खेत खलिहान तक ही सीमित नही, अब चैट जीपीटी सीख रही चूरू की महिलाएं

जयपुर टाइम्स

**चूरू(नि.सं.)।** कभी चूल्हे-चौके और खेत-खलिहान तक सीमित रहने वाली चूरू जिले की ग्रामीण महिलाएं अब मोबाइल पर चैट जीपीटी और एआई का उपयोग सीख रही हैं। इसके अलावा वे सोशल मीडिया, इंटरनेट, डिजिटल पेमेंट, ऑनलाइन शॉपिंग व बुकिंग, साइबर सुरक्षा आदि का ज्ञान ले रही हैं। यह जानकारी न केवल उनके घरेलू जीवन को बेहतर बना रही है अपितु राजीविका के जरिए की जा रही उनकी आयपरक गतिविधियों में भी उनका लाभ मिल रहा है। यह सब संभव हुआ है जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा की पहल पर जिले में चल रहे डिजिटल सखी 2.0 कार्यक्रम से। राजीविका डीपीएम दुर्गा देवी ढाका के मुताबिक, राजीविका की ओर से स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं व अन्य इच्छुक महिलाओं को डिजिटल सखी 2.0 में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रथम चरण में चूरू ब्लॉक के 5 गांवों घण्टेल, थैलासर, जसरासर, डाबला, रिड़खला में महिलाओं को यह प्रशिक्षण दिया गया है। धीरे-धीरे संपूर्ण जिले की महिलाओं को इसमें कवर किया जाएगा। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली महिलाओं में अनोखा आत्मविश्वास देखा जा रहा है। वे बताती हैं कि सामान्यत: ग्रामीण महिलाओं के पास मोबाइल तो है, लेकिन उसका कोई सार्थक उपयोग जानकारी के अभाव में महिलाएं नहीं कर पा रही हैं। इसी के मध्येनजर जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने यह सोचा कि यदि इन महिलाओं को मोबाइल के जरिए उपयोगी जानकारी दी जाए तो इनके जीवन में बदलाव लाया जा सकता है। घंटेल गांव में प्रशिक्षण दे रही बाला कहती हैं कि साइबर फॉड के बारे में जानकारी महिलाओं के लिए काफी उपयोगी साबित होगी। फोन पे चलाना भी सिखाया है। फोन पर उपयोगी जानकारी सर्च करना महिलाओं के लिए काफी उपयोगी साबित हो भी रहा है। चैट जीपीटी जैसे अत्याधुनिक फीचर्स का उपयोग ये महिलाएं कर रही हैं, यह अपने आप में बड़ी बात है। राजीविका से जुड़ी अधिकांश महिलाएं पहले से ही किसी न किसी आयपरक गतिविधि से जुड़ी हैं। ऐसे में ऑनलाइन लेन-देन की जानकारी इनके लिए काफी उपयोगी साबित होगी। मोबाइल ट्रेनिंग के बाद इन महिलाओं का आत्मविश्वास बहुत बढ़ गया है।

### यह है सात दिनों का पाठ्यक्रम

ग्रामीण महिलाओं के लिए डिजायन किए गए सात दिनों के पाठ्यक्रम में बुनियादी मोबाईल उपयोग जैसे मोबाईल ऑन ऑफ करना से लेकर मोबाईल में नम्बर सेव करना, संदेश भेजना, फोटो खींचना, वीडियो बनाना सिखाया जा रहा है। साथ ही इन्टरनेट के उपयोग में न्यू एप्लीकेशन इन्स्टॉल करना, शिक्षा व ज्ञान को बढ़ावा देने वाले एप्स, गूगल सर्च की जानकारी दी जा रही है। सोशल मीडिया अंतर्गत यू-ट्यूब चलाना एवं उपयोगी वीडियो के बारे में जानकारी, व्हाट्सअप (फोटो, सम्पर्क नम्बर, पीडीएफ, वॉइस मैसेज, फाईल व लोकेशन भेजना, स्टेटस लगाना और देखना, ग्रुप बनाना), फोन पे, गूगल पे आदि से डिजीटल पेमेन्ट, ऑनलाईन शॉपिंग व बुकिंग के बारे में जानकारी दी जा रही है। साथ ही साइबर सुरक्षा, डिजिटल फ्रॉड के बारे में बताया जा रहा है। सरकारी विभागों व योजनाओं से सम्बन्धित सभी तरह के एप डाउनलोड करवाना व उनका उपयोग करना सिखाया जा रहा है। इसके अलावा आर्टिफिसियल इंटेलीजेंस, विभिन्न एआई एप, ई-मेल आदि के बारे में विस्तार से बताया जा रहा है। घंटेल के इंद्रभगवान सीएलएफ में हुए प्रशिक्षण में मोबाइल प्रशिक्षण लेने वाली ममता बताती हैं कि हमने इस ट्रेनिंग में मोबाइल में वीडियो बनाना, वीडियो कॉल करना, कॉन्फ्रेंस कॉल करना, फोटो व डॉक्यूमेंट सेंड करना, यूट्यूब पर बच्चे क्या देख रहे हैं यह निगरानी रखना, साइबर फॉड से बचाव, चैट जीपीटी, डॉक्यूमेंड फाइल से पीडीएफ बनाना, लोकेशन सेंड करना, लोकेशन सर्च करना आदि के बारे में सीखा है।



स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।